Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI No. DLHIN/2012/483
वर्ष 13 । अंक 62
नई दिल्ली, सोमवार, 6 जनवरी 2025
पृष्ठ 12 ₹ मूल्य 3
नगर संस्करण

Established 1865
पायनियर
नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित
www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर
राष्ट्रीय-10
राजद से गलती से किया था गठबंधन
लालू के प्रस्ताव पर नीतीश का उत्तर

# आरआरटीएस ने दिल्ली से मेरठ की दूरी घटायी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-मेरठ क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे खंड के उद्घाटन के दौरान नमो भारत ट्रेन की सवारी करते हुए। पीटीआई

**राजेश कुमार** । नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने विधानसभा चुनाव के लिए बिगुल फूंक दिया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में असली लड़ाई पीएम मोदी के विकास मॉडल बनाम अरविंद केजरीवाल के मुफ्त की चुनाव रेवड़ी मॉडल के बीच होगी। पीएम ने रविवार को उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक दिल्ली-मेरठ क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर और जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा नगर पार्क एक्सटेंशन खंड का उद्घाटन किया। यह दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के चौथे चरण का शुरू होने वाला पहला खंड है। जिससे रविवार शाम को आम लोगों के खोला दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोहिणी में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी सरकार पर एक बार फिर तीखा हमला करते हुए उसे आप-दा सरकार कहा जिसने राष्ट्रीय राजधानी में विकास को रोक दिया है। आप-दा सरकार के पास दिल्ली के विकास के लिए कोई विजन नहीं है और आप-दा को दी गई जिम्मेदारी का मतलब दिल्ली वालनों के लिए सजा है। प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से आप के कुशासन को खत्म करने और भाजपा को दिल्ली के बेहतर भविष्य की ओर ले जाने का मौका देने की अपील की। पीएम पिछले एक दशक में भाजपा के अगुवाई वाली केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए उन ऐतिहासिक पहलों की ओर इशारा किया, जिन्होंने भारत के बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और वैश्विक स्थिति को बदल दिया है। उन्होंने दिल्ली दिल्ली मेट्रो के विस्तार, नमो भारत ट्रेन, भारत मंडपम, यशोभूमि और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जैसी परियोजनाओं का हवाला देते हुए विकास के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता का हवाला दिया। पीएम मोदी ने कहा, पिछले 10 वर्षों में, केंद्र की भाजपा सरकार ने दिल्ली में मेट्रो नेटवर्क को दोगुना कर दिया है, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है और जन कल्याण को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री के हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार और केंद्र के बीच प्रधानमंत्री के संयुक्त रूप से शुरू की गई परियोजनाएं शहर के विकास के लिए आप की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। इन लोगों ने हमारी पार्टी के शीर्ष नेताओं को जेल भेजा, हम पर अत्याचार किया, अगर हम इसे मुद्दा बनाते तो आज केंद्र और दिल्ली सरकार की आरआरटीएस और मेट्रो लाइन का उद्घाटन नहीं होता। आज का उद्घाटन एक उदाहरण है जो दिखाता है कि आप केवल दिल्ली के लोगों के लिए काम करती है। जो लोग ये आरोप लगाते हैं कि आप लड़ती बहुत है, ये संयुक्त उद्घाटन उन लोगों को जवाब है।

केजरीवाल ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में अपनी पार्टी के सामने आने वाली चुनौतियों का जिक्र करते हुए उन्होंने दावा किया कि आप नेताओं को जेल में डाला गया और प्रताड़ित किया गया, लेकिन उन्होंने शासन पर अपना ध्यान केंद्रित रखा। उन्होंने हमारे शीर्ष नेताओं को जेल भेज दिया लेकिन हमारे खिलाफ जो अत्याचार हुए, हमने उसे मुद्दा नहीं बनाया। अन्यथा इन परियोजनाओं का उद्घाटन नहीं होता। अगर अपने पर हुए अत्याचार को हम दिल पे ले लेते तो आज दिल्ली मेट्रो की लाइन नहीं बनती, इसका उद्घाटन नहीं होता। पीएम मोदी ने 2020 में दिल्ली भूमि सुधार अधिनियम की धारा 81 और धारा 33 को हटाने के साथ-साथ किसानों के लिए भूमि स्वामित्व अधिकार और वैकल्पिक भूखंड देने का वादा किया था। केवल केंद्र ही धारा 81 और धारा 33 को हटा सकता है। (**शेष पृष्ठ 9**)

# बिधूड़ी के बिगड़े बोल, कांग्रेस बिफरी, भाजपा ने बनाई दूरी

**सौम्या शुक्ला** । नई दिल्ली

**अपने बयान** से सुर्खियों में रहने वाले भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी एक बार फिर विवादों में आ गए हैं। उन्होंने कथित रूप से कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद वह क्षेत्र की सड़कों को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के गाल जैसी बना देंगे। बयान को लेकर घेरे जानेके बाद बिधूड़ी ने कहा, किसी संदर्भ में मेरे द्वारा दिए गए बयान पर कुछ लोग गलत धारणा से राजनीतिक लाभ के लिए सोशल मीडिया पर बयान दे रहे हैं। मेरा आशय किसी को अपमानित करने का नहीं था। परंतु फिर भी अगर किसी भी व्यक्ति को दुख हुआ है तो वह खेद प्रकट करते हैं।

रमेश बिधूड़ी एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल है जिसमें वह यह कहते हुए सुना जा सकता है जिसमें वह कह रहे हैं वह आपको विश्वास दिलाता हूं जैसे ओखला की सड़कें बना दी हैं और संगम विहार की सड़कें बना दी हैं। इसी प्रकार कालकाजी सुधार कैम्प की बराबर वाली और अंदर वाली सड़कें प्रियंका गांधी के गाल जैसे जरूर बना देंगे। बिधूड़ी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब दिल्ली विधानसभा चुनाव में कुछ ही हफ्ते बचे हैं। आम आमदी पार्टी और कांग्रेस ने इस बयान को महिला विरोधी बताया है और इस मुद्दे पर भाजपा को घेरा है।





पायनियर से बातचीत में रमेश बिधूड़ी ने कहा कि उन्होंने किसी की भावना को ठेस पहुंचाने के इरादे से यह बयान नहीं दिया है। आम और कांग्रेस को किसी पर उंगली उठाने से पहले महिलाओं के प्रति अपने व्यवहार पर विचार करना चाहिए। जब कांग्रेस की बात आती है, तो वे भूल जाते हैं कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव ने भाजपा सांसद हेमा मालिनी पर क्या बयान दिया था। क्या वह महिला नहीं हैं। वह उनके मंत्रिमंडल में थे। क्या उन्होंने उनसे माफी मांगने को कहा। इसके अलावा, आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने आतिशी को अस्थायी मुख्यमंत्री कहकर महिलाओं का अपमान नहीं किया। केजरीवाल को आतिशी पर भरोसा नहीं है कि एक महिला अपने नाम पर चुनाव जीत सकती है। उनके विधायक नरेश बालियान ने भी इसी तरह के बयान दिए हैं, लेकिन उन्हें इससे कोई परेशानी नहीं है। उनके पास करने के लिए और कुछ नहीं है, इसलिए वे इसे मुद्दा बना रहे हैं। कांग्रेस भ्रष्टाचार में डूबी हुई है, जबकि आप के पास दिल्ली के लिए कोई (**शेष पृष्ठ 9**)

# एलजी ने सिख दंगा पीड़ितों को नौकरी के नियमों में दी छूट

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**उपराज्यपाल** विनय कुमार सक्सेना ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों द्वारा रोजगार के लिए दिए गए 88 आवेदनों के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता में पूर्ण छूट और आयु में 55 वर्ष तक की छूट को मंजूरी दे दी है। एक बयान में कहा गया कि यह छूट मल्टी-टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के पद पर सरकारी सेवा में उनकी नियुक्ति के लिए दी गई है। इसमें कहा गया है कि इस संबंध में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति, जनप्रतिनिधियों और पीड़ितों के समूहों द्वारा बार-बार अनुरोध किया गया था, जिन्होंने हाल ही में एलजी से मुलाकात की थी।

1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के लिए 16 जनवरी, 2006 को गृह मंत्रालय (एमएचए), भारत सरकार (जीओआई) द्वारा नौकरियों के प्रावधान सहित पुनर्वास पैकेज को मंजूरी दी गई थी। इसमें कहा गया है कि राजस्व विभाग को बाद में एक विशेष अभियान में 72 आवेदन मिले, जिनमें से 22 आवेदकों को तत्कालीन एलजी से आयु में छूट प्राप्त करके नियुक्ति दी गई। अक्टूबर 2024 में, सक्सेना ने विशेष अभियान के दौरान प्राप्त कुल 72 आवेदकों में से 50 को बाहर करने के लिए एमटीएस के पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता में पूरी छूट दी। राज निवास के एक अधिकारी ने कहा, राजस्व विभाग को उन आवेदकों के बच्चों में से एक को रोजगार देने के मामलों को संसाधित करने का भी निर्देश दिया गया था, जिनमें आवेदक रोजगार की आयु पार कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि निर्देशों के बाद, राजस्व विभाग ने पिछले साल 28 से 30 नवंबर के दौरान विशेष शिविर आयोजित किए और प्रमुख समाचार पत्रों में नोटिस जारी कर 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के परिवार के सदस्यों को रोजगार के लिए आवेदन आमंत्रित किए।



नई दिल्ली में 'यमुना वाटिका' का उद्घाटन करते दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना। पीटीआई

इसके बाद, कुल 199 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 89 उम्मीदवार योग्य पाए गए, लेकिन ये सभी आयु सीमा से ऊपर थे और कुछ आवश्यक शैक्षणिक योग्यता से भी चूक गए थे। उन्होंने कहा कि छूट के लिए एलजी की मंजूरी से सरकारी सेवा में एमटीएस के रूप में उनकी नियुक्ति (**शेष पृष्ठ 9**)



पोरबंदर हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद राहत एवं बचाव कार्य में जुटे लोग। पीटीआई

# तटरक्षक बल का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

**पायनियर समाचार सेवा** । अहमदाबाद

**गुजरात के** पोरबंदर हवाई अड्डे पर रविवार दोपहर उतरने के दौरान भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक भागीरथसिंह जडेजा ने बताया कि यह घटना दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर हुई। आईसीजी का एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर पोरबंदर हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें चालक दल के तीन सदस्य सवार थे। जडेजा ने बताया कि चालक दल के तीनों सदस्यों को हेलीकॉप्टर से गंभीर हालत में बाहर निकाला गया और पोरबंदर के एक अस्पताल ले जाया गया। कमला बाग पुलिस थाने के निरीक्षक राजेश कनमिया ने बताया, उनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया जबकि एक ने अस्पताल लाए जाने के बाद दम तोड़ दिया। चालकदल के सदस्यों की अभी पहचान नहीं हो पाई है। यह घटना पिछले साल 2 सितंबर को पोरबंदर के पास अरब सागर में आईसीजी, एएलएच एमके -III हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के चार महीने बाद हुई है, जिसमें चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई थी। घटना के तुरंत बाद इसके पायलट और एक गोताखोर के शव बरामद कर लिए गए थे, जबकि तीसरे चालक दल के सदस्य का शव एक महीने से अधिक समय बाद मिला था।

# स्पैम विरोधी नियम और होंगे सख्त

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**ट्राई इस** महीने अपने डिजिटल डिस्ट्रिब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म पर वाणिज्यिक संचार प्राप्त करने के लिए ग्राहकों द्वारा दी गई कागजी और पिछली अनुमतियों को शामिल करने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू करेगा। ट्राई चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने कहा कि इस प्रक्रिया में लंबे समय में उनकी मौजूदा वैधता को जांचना और सत्यापित करना तथा इच्छुक लोगों को ऑप्ट-



आउट की पेशकश करना शामिल होगा। उन्होंने कहा कि स्पैम पर अंकुश लगाने के लिए सख्त नियम और टेलीमार्केटर्स के लिए प्राधिकरण ढांचे की जांच करने वाले नए परामर्श की भी आने वाले हफ्तों में उम्मीद की जा सकती है।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने अपने ताजा विनियमन पर किसी भी पुनर्विचार से इनकार किया है, जो सेवा प्रदाताओं को वॉयस कॉल और एसएमएस के लिए अलग-अलग विशेष टैरिफ वाउचर (एसटीवी) प्रदान करने के लिए बाध्य करता है। लाहोटी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उपभोक्ताओं को डेटा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है, लेकिन उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। ट्राई का ध्यान न केवल उद्योग के हितों की रक्षा करना है, बल्कि उपभोक्ता के हितों की भी रक्षा करना है, जिनके पास केवल उन सेवाओं के लिए भुगतान करने का विकल्प होना चाहिए जिनकी उन्हें आवश्यकता है। नियामक अपनी आईटी प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार शुरू करने के लिए भी तैयार है। यह ऐसा कदम, जिससे उसे उम्मीद है कि दूरसंचार कंपनियों और अन्य उद्योग हितधारकों द्वारा फाइलिंग के कई मामलों में युक्तिकरण और कमी आएगी। डेलोइट, जिसे एक सलाहकार के रूप में शामिल किया गया है, अपनी आईटी प्रणालियों के सुधार पर अपनी रिपोर्ट जमा करने के कगार पर है।

लाहोटी ने कहा कि इसके बाद नियामक सुधार के लिए एक एजेंसी नियुक्त करेगा और पूरी कवायद को प्राथमिकता दी जाएगी और इस साल पूरा किया जाएगा। वर्ष 2025 के लिए ट्राई की प्राथमिकताओं की सूची में उपग्रह संचार स्पेक्ट्रम पर सिफारिशें हैं लाहोटी ने सिफारिश जारी करने की बारीकियों या समयसीमा पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, सिवाय इसके कि सभी टिप्पणियों की उनकी योग्यता के आधार पर जांच की जा रही है और हम एक संतुलित दृष्टिकोण (**शेष पृष्ठ 9**)



# एक्यूआई में मामूली सुधार के बाद ग्रैप तीन हटा

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**बीएस 3 पेट्रोल** और बीएस 4 डीजल कारों पर प्रतिबंध आधिकारिक तौर पर रविवार रात से हटा लेने के बाद दिल्ली के वाहन मालिक अब राहत की सांस ले सकते हैं। दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्र के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली-एनसीआर के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत स्टेज- 3 (गंभीर वायु गुणवत्ता) उपायों को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का फैसला किया है। यह अनुकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों से प्रेरित क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के स्तर में सुधार के बाद आया है। यह निर्णय 1 जनवरी, 2025 को आयोजित एक बैठक के दौरान लिया गया था, जिसमें एक्यूआई के स्तर में गिरावट के बाद, जो पहले 350 अंक को पार कर गया था, 3 जनवरी को स्टेज- 3 की कार्रवाई का प्रारंभिक आह्वान किया गया था।

सीएक्यूएम ने पुष्टि की है कि संशोधित जीआरएपी के चरण-1 और चरण-2 के तहत कार्रवाई लागू रहेगी। वायु गुणवत्ता में किसी और गिरावट को रोकने के लिए पूरे एनसीआर में संबंधित एजेंसियों द्वारा इन उपायों को लागू, निगरानी और समीक्षा जारी रहेगी। इस सुधार के मद्देनजर, उप-समिति ने भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के वास्तविक समय के एक्यूआई डेटा और पूर्वानुमानों के आधार पर स्टेज-3 उपायों को रद्द करने का फैसला किया। इन पूर्वानुमानों से संकेत मिलता है कि जबकि एक्यूआई बहुत खराब या खराब श्रेणी में रह सकता है, इसके आगे और बिगड़ने की उम्मीद नहीं है। दिल्ली का औसत एक्यूआई में लगातार सुधर रहा है और दोपहर 2 बजे यह 348 था, दोपहर 3 बजे यह 343 दर्ज किया गया, जो केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा प्रदान किए गए शाम 4 बजे के एक्यूआई बुलेटिन में और सुधर कर 339 हो गया जीआरएपी के चरण-3 के तहत प्रतिबंधों की विघटनकारी प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, जो (**शेष पृष्ठ 9**)

# अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए दो विशेष श्रेणी के वीजा

**एजेंसी** । नई दिल्ली

भारत ने देश के शैक्षणिक संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए दो विशेष श्रेणी के वीज़ा शुरू किया है। अधिकारियों ने कहा, गृह मंत्रालय द्वारा 'ई-स्टूडेंट वीज़ा' और 'ई-स्टूडेंट-एक्स' वीज़ा पेश किया है और इसके लिए सभी आवेदकों को सरकार द्वारा शुरू किए गए 'स्टडी इन इंडिया' (एसआईआई) पोर्टल का उपयोग करना होगा। उन्होंने कहा, एसआईआई पोर्टल पर पंजीकृत पात्र विदेशी छात्र ई-स्टूडेंट वीज़ा सुविधा का लाभ उठा सकते हैं, जबकि ई-स्टूडेंट-एक्स वीज़ा ई-स्टूडेंट वीज़ा रखने वालों के आश्रितों को दिया जाता है। एसआईआई पोर्टल उन अंतरराष्ट्रीय छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया को सुगम बनाता है जो भारत में दीर्घकालिक या अल्पकालिक पाठ्यक्रम करना चाहते हैं।

अधिकारियों ने कहा, छात्रों को https://indianvisaonline.Gov.In/ पोर्टल पर अलग से वीज़ा के लिए आवेदन करना होगा, लेकिन उनके आवेदन की प्रामाणिकता की जांच एसआईआई आईडी द्वारा की जाएगी। इसलिए छात्रों के लिए एसआईआई वेबसाइट के माध्यम से भारतीय उच्च शिक्षण





संस्थानों में आवेदन करना अनिवार्य है। छात्र एसआईआई के किसी भी भागीदार संस्थान से प्रवेश प्रस्ताव पत्र प्राप्त करने के बाद वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। अधिकारियों ने कहा कि ई-छात्र वीजा ऐसे विदेशी नागरिकों को दिया जाएगा, जिन्होंने भारत में अध्ययन के लिए प्रवेश प्राप्त किया है और जो भारत में वैधानिक और नियामक निकाय द्वारा विधिवत मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों में नियमित, पूर्णकालिक, स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी और ऐसे अन्य औपचारिक कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम करना चाहते हैं। पाठ्यक्रम की अवधि के आधार पर छात्र वीजा पांच साल तक के लिए जारी किए जाते हैं। इन्हें भारत में बढ़ाया भी जा सकता है। अधिकारियों ने कहा कि इसके अलावा, जिनके पास वैध ई-छात्र वीजा है, वे किसी भी वांछित इमिग्रेशन चेक पोस्ट पोर्ट से भारत में प्रवेश कर सकते हैं। एसआईआई शिक्षा मंत्रालय की एक प्रमुख परियोजना है, जो अपने 600 से अधिक साझेदार (**शेष पृष्ठ 9**)

# नागासाकी परमाणु बम हमले में बचे फुकाहोरी का 93 की उम्र में निधन

**एजेंसी** । तोक्यो

**जापान के** नागासाकी में 1945 में परमाणु बम गिराए जाने की घटना में बाल-बाल बच गए तथा परमाणु हथियारों के विरुद्ध मुहिम चलाने वाले शिगेमी फुकाहोरी का निधन हो गया है। वह 93 साल के थे। उराकामी कैथोलिक गिरजाघर ने रविवार को बताया कि फुकोहोरी ने तीन जनवरी को दक्षिण-पश्चिम जापान के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह पिछले साल आखिरी दिन तक इस गिरजाघर में तकरीबन रोजाना प्रार्थना करते थे। स्थानीय मीडिया ने बताया कि उनकी मृत्यु अधिक उम्र के कारण हुई। अमेरिका ने नौ अगस्त, 1945 को नागासाकी पर जब बम गिराया था तब फुकोहोरी केवल 14 साल के थे। उस घटना में हजारों लोगों की मौत हो गई थी। उससे तीन दिन पहले हिरोशिमा पर परमाणु हमला किया गया था जिसमें 140000 लोगों की मौत हो गई थी।

परमाणु हमले के कुछ दिनों बाद जापान ने आत्मसमर्पण कर दिया था और फिर द्वितीय विश्वयुद्ध का समापन हुआ



था। शिगेमी फुकाहोरी बम गिराए जाने के स्थान से लगभग तीन किलोमीटर दूर एक शिपयार्ड में काम करते थे। वह सालों तक उस घटना के बारे में बात नहीं कर सके, न केवल उन दर्दनाक यादों के कारण, बल्कि इसलिए भी कि उस समय वह कितने असहाय महसूस करते थे। करीब 15 साल पहले स्पेन की यात्रा के दौरान एक ऐसे व्यक्ति से मिलने के बाद वह और अधिक मुखर हो गए, जिसने 1937 में स्पेन गृहयुद्ध के दौरान ग्वेर्निका पर बमबारी का अनुभव किया था। वह व्यक्ति भी तब 14 साल का था। आपस में अनुभव साझा करने के बाद फुकाहोरी खुलकर अपनी बात रखने लगे।

शिगेमी फुकाहोरी ने सन् 2019 में जापान के राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके से कहा था कि जिस दिन हमारे देश पर बम गिरा, मैंने मदद के लिए एक आवाज सुनी। जब मैं उसके पास गया और अपना हाथ बढ़ाया, तो (मैंने देखा कि) उस व्यक्ति की त्वचा पिघल गई। मुझे अब भी याद है कि तब कैसा महसूस हुआ था। वह अक्सर यह उम्मीद करते हुए विद्यार्थियों को संबोधित करते थे कि वे शांति की मुहिम को आगे बढ़ाएंगे।

# बांग्लादेश ने भारत में जजों की ट्रेनिंग रद्द की

**एजेंसी** । ढाका

**बांग्लादेश की** अंतरिम सरकार ने रविवार को एक पूर्व अधिसूचना को निरस्त करते हुए भारत में 50 न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों के लिए प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम को रद्द कर दिया। विधि मंत्रालय के प्रवक्ता ने विस्तृत विवरण दिए बिना बताया, अधिसूचना रद्द कर दी गई है। समाचार पत्र डेली स्टार की खबर के अनुसार बांग्लादेश के उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है। सरकारी बांग्लादेश संबाद संस्था ने एक दिन पहले यह खबर दी थी कि जिसमें कहा गया था कि निचली अदालतों के 50 न्यायाधीश 10 फरवरी से मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी और राज्य



न्यायिक अकादमी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित प्रशिक्षु न्यायाधीशों में जिला एवं सत्र न्यायाधीश या इसके समकक्ष अधिकारी, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, संयुक्त जिला न्यायाधीश, वरिष्ठ सहायक न्यायाधीश और सहायक न्यायाधीश शामिल थे। भारत सरकार को प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सारा खर्च वहन करना था।

भारत और बांग्लादेश के बीच तब से तनावपूर्ण संबंध रहे हैं, जब अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना पिछले साल पांच अगस्त को छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े पैमाने पर आंदोलन के बाद नई दिल्ली चली गई थीं, जिससे उनकी अवामी लीग की 16 साल लंबी सरकार गिर गई थी। आठ अगस्त को मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से हिंदू समुदाय के सदस्यों और उनके पूजा स्थलों लगातार हमले हुए हैं। भारत ने पहले ही इन हमलों के संबंध में बांग्लादेश के समक्ष चिंता व्यक्त की है, खासकर तब जब पिछले महीने एक हिंदू संत समृद्ध को राजद्रोह के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 6 जनवरी , 2025



# नोएडा फेज-3 थाने में बनेगा आवासीय परिसर

- परियोजना के लिए 3 करोड़ 94 लाख 13 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की
- पुलिस कर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्धनगर के थाना फेज-3 में पुलिस कर्मियों के लिए आवासीय भवनों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के लिए 3 करोड़ 94 लाख 13 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह निर्णय पुलिस कर्मियों को बेहतर




आवासीय सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नोएडा के तेजी से बढ़ते औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस बल की उपस्थिति को मजबूत करने के लिए यह आवासीय परिसर एक आवश्यक कदम माना जा रहा है। फेज-3 थाना क्षेत्र में बनने वाले इन आवासीय भवनों से न केवल पुलिस कर्मियों को लाभ होगा, बल्कि इससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था की निगरानी भी और अधिक प्रभावी हो सकेगी। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार इस परियोजना का कार्य शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा।

# गौतमबुद्ध नगर में बनेंगे चार ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर, आसानी से मिलेगा लोगों को लाइसेंस

- 2025 के शुरुआती दिनों में संचालन होने लगेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के लोग अब आसानी से ड्राइविंग लाइसेंस बनवा सकेंगे। शासन से चार ड्राइविंग सेंटरों को मंजूरी मिल गई है। जिसके बाद जल्द ही सेंटरों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

फिलहाल जिले में सिर्फ एक ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर चल रहा है। यह सेंटर दादरी के बिसाहड़ा गांव इलाके में है। इस सेंटर पर कई बार धांधली के आरोप लग चुके हैं। जिसके बाद



अधिकारियों ने जिले में और सेंटर खोलने का निर्णय लिया। जिले में चार ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर के निर्माण का काम जल्द शुरू हो कर दिया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, सफायर एप्लाइंसेज, एक्सीलरेट इंस्टीट्यूट, अन्नू इलेक्ट्रिकल्स, वाईबी बिल्डर्स को सेंटर बनाने के लिए शासन से मंजूरी मिल गई है। खास बात यह है कि इनमें से कोई भी स्कूल नोएडा में नहीं है। ऐसे में नोएडा वासियों के लिए अभी भी राहत की बात नहीं है। हालांकि लोगों को टेस्ट देने के लिए विकल्प मिलेंगे। फिलहाल दादरी में सेंटर संचालकों पर लोग आरोप लगा रहे हैं कि वहां टेस्ट लेने में बड़ी धांधली की जा रही है। साथ ही आवेदकों को जानबूझकर फेल किया जा रहा है। ऐसे में जानकारों का मानना है कि जब लोगों के पास विकल्प होंगे तो टेस्ट को लेकर कोई परेशानी नहीं होगी। वहीं बताया जा रहा है कि संभवत- इसी साल इनका संचालन भी शुरू हो जाएगा। खास बात यह है कि इन चारों सेंटरों के खुलने के बाद लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। लोग आसानी से टेस्ट देकर अपना डीएल प्राप्त कर सकेंगे।

# 100 करोड़ में बदलेगी शहर की सूरत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बनाई योजना

- पार्कों और ग्रीन बेल्ट आदि को विकासित किया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



शहर को स्वच्छ, सुंदर और हराभरा बनाने की दिशा में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बड़ा कदम उठाते हुए लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से पार्कों, ग्रीन बेल्ट और सेंट्रल वर्ज को विकसित करने की योजना बनाई है। इस परियोजना का प्रथम चरण शुरू हो चुका है। जिसके तहत 24 से अधिक सेक्टरों और प्रमुख सड़कों के किनारे 30 करोड़ रुपये की लागत से हरित क्षेत्र और सेंट्रल वर्ज को विकसित करने के लिए निविदा जारी की गई है।

ग्रेटर नोएडा की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने बताया कि इस परियोजना के तहत पार्कों और ग्रीन बेल्ट में पौधरोपण, पेड़-पौधों का रखरखाव और सिविल मरम्मत कार्य किए जाएंगे। नियमित रखरखाव की कमी के कारण इन क्षेत्रों की हालत खस्ताहाल हो गई थी। फुटपाथ टूटे हुए हैं, बाउंड्रीवॉल क्षतिग्रस्त हैं और हरियाली लगभग गायब हो चुकी है। इस स्थिति को सुधारने के लिए प्राधिकरण ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। प्रथम चरण में ओमीक्रॉन-2, डेल्टा-2, म्यू-2, नॉलेज पार्क-2, म्यू-1, गामा-1, गामा-2, चाई-5, पाई-1 और पाई-2 आदि सेक्टरों की सूरत बदली जाएगी। इसके अलावा गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के सामने, प्रस्तावित नाइट सफारी की ग्रीन बेल्ट और सावित्रीबाई फुले बालिका इंटर कॉलेज सड़क के बीच भी हरित क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। अन्य क्षेत्रों में ज्यू-1 और 2, ओमीक्रॉन-1, ओमीक्रॉन-1ए, सिग्मा-1, 2, 3, 4, ईकोटेक-10, नॉलेज पार्क-3, चाई-4, ईकोटेक-11, पी-3 और सेक्टर-3 में भी विकास कार्य होंगे( श्रीलक्ष्मी वीएस ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत 100 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह योजना न केवल शहर की हरियाली बढ़ाने में मदद करेगी। बल्कि पार्कों के साथ ग्रीन बेल्ट को आधुनिक और आकर्षक बनाएगी।

# गाजियाबाद में बेकाबू कार ने दो युवतियों को मारी टक्कर

- चालक गिरफ्तार, घायल अस्पताल में भर्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

थाना लोनी क्षेत्र की पुलिस चौकी तिराहा के पास बेकाबू कार ने दो युवतियों को टक्कर मार दी। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वहीं पुलिस ने कार को बरामद कर लिया है लेकिन दिल्ली निवासी कार चालक अभी फरार है। गाजियाबाद में एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि थाना लोनी क्षेत्र में पड़ने वाली पुलिस चौकी तिराहा के पास एक बेकाबू कार ने दो युवतियों को टक्कर मार दी। घटना के बाद कार चालक कार को लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने दोनों युवतियों को अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं पुलिस ने कार और कार चालक की तलाश के लिए चेकिंग अभियान शुरू किया तो पुलिस ने कार को बरामद कर लिया है। वहीं दिल्ली के करावल नगर निवासी कार चालक अभी फरार हैं। पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश कर रही हैं। जल्द ही उसको भी पकड़ लिया जाएगा।



एलिवेटेड रोड पर तेज गति से चल रही गाड़ियों पर ट्रैफिक पुलिस की नजर है। स्पीड रडार से वाहनों की गति जांचता जवान।

# पेड़ काटने को लेकर चली गोली

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव बहादरपुर में शनिवार रात को पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस संघर्ष में एक व्यक्ति के पैर में गोली लग गई। गंभीर हालत में उसे गाजियाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव बहादरपुर निवासी रोहित त्यागी व मनोज त्यागी के बीच विवादित जमीन में खड़े खेत में एक पेड़ को लेकर काफी समय विवाद चल रहा है। बताया जा रहा है कि शनिवार रात दस बजे के आसपास पेड़ काटने को लेकर दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले।

# एओए पर फंड गड़बड़ी का आरोप, निवासी बोले- नहीं देंगे मेंटेनेंस

- सेक्टर-78 स्थित हाइड पार्क सोसाइटी का मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर-78 स्थित हाइड पार्क सोसाइटी में रविवार को बड़ा बवाल देखने को मिला, जब 300 से अधिक निवासियों ने एओए बोर्ड के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। निवासियों का आरोप है कि बोर्ड के सदस्य मनमानी कर रहे हैं और सोसाइटी के फंड का दुरुपयोग कर रहे हैं।

प्रदर्शनकारियों ने एओए अध्यक्ष सुजीत कुमार, कोषाध्यक्ष अतुल राय, सचिव अमित गुप्ता, उपाध्यक्ष दिनेश नेगी सहित अन्य सदस्यों श्रावण कुमार और विकास माल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि एओए ने बिना किसी सहमति के मनमाने ढंग से कॉमन एरिया मेंटेनेंस शुल्क बढ़ा दिया है और बिजली के अकाउंट से अवैध रूप से कैम की कटौती की जा रही है। सोसाइटी में आयोजित ओपन जनरल बॉडी मीटिंग में निवासियों ने एकजुट होकर इन मुद्दों पर विरोध जताया। साथ ही स्टाफ को समय पर वेतन न दिए जाने और साल 2024 में मेंटेनेंस के दुरुपयोग का मामला भी उठाया। निवासियों ने एक हस्ताक्षर अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है, जिसके माध्यम से वे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों, डिप्टी रजिस्ट्रार और मुख्यमंत्री योगी तक अपनी शिकायत पहुंचाएंगे। मामले में नया मोड़ तब आया जब बिजली विभाग ने एओए को नोटिस जारी की। बिजली बिल से कैम की कटौती पर रोक लगाने और पिछले वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट 7 दिन के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। डिप्टी रजिस्ट्रार ने भी 4 जनवरी को एओए और चुनाव अधिकारी के चेयरमैन मदन चौधरी को नोटिस भेजकर चुनाव प्रक्रिया और मेंटेनेंस के संबंध में 15 दिनों के भीतर प्रमाण सहित जवाब मांगा है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर अटूट लंगर



**गाजियाबाद।** सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सोमवार 6 जनवरी को इंदिरापुरम स्थित गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा साहिब में खास आयोजन किया जा रहा है। गुरुद्वारा के प्रधान गुरप्रीत सिंह रम्मी ने बताया कि गुरु पर्व पर अखंड पाठ की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर चलेगा। इस उपलक्ष्य में पंजाब से आए कीर्तन जत्थे सारा दिन शबद कीर्तन करेंगे। इस अवसर पर खालसा हेल्प फाउंडेशन और गुरुद्वारा कमेटी के सहयोग से एक मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया जाएगा।

### चोरी के कई मामलों में वांछित पांच आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने पांच बदमाशों को अरेस्ट किया है। ये लोग जिले के मोदीनगर के मुरादनगर में दिल्ली मेरठ मार्ग पर आयुध निर्माणी फैक्ट्री गेट से पहले मोबाइल की दुकान का शटर उखाड़कर चोरी करते थे। बदमाशों रेकी करके चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने बदमाशों के पास से 20 मोबाइल, घड़ी और बैग बरामद किया है। एसीपी मसूरी सर्किल सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि दिल्ली मेरठ मार्ग पर आयुध निर्माणी फैक्ट्री गेट से पहले आदित्य कुमार की दुकान का शटर उखाड़कर लाखों रुपए की कीमत के मोबाइल, लैपटाप और अन्य सामान चोरी कर लिए गए थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश के लिए तीन टीमों का गठन किया था। एसीपी ने बताया कि पुलिस ने पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम राजेश उर्फ राज निवासी जलालापुर रोड कॉलोनी, अरमान, यामीन निवासी न्यू डिफेंस कॉलोनी बताया और दो किशोर हैं। पुलिस ने बदमाशों के पास से चोरी किए गए 20 मोबाइल, घड़ी व बैग बरामद किए हैं। पकडे गए बदमाशों पर कई थानों में अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि रेकी करके दुकान में चोरी करते थे।

### गांव कोट में हिस्ट्रीशीटर ने ताबड़तोड बरसाई गोलियां

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में थाना दादरी क्षेत्र के गांव कोट में एक बड़ी घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि थाना दादरी के एक हिस्ट्रीशीटर ने अपने साथियों के साथ मिलकर गांव में एक घर पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई। घटना के समय परिवार घर में ही छिपा रहा है। इस वारदात के बाद आरोपी पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने रंजिशन वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रवि कुमार ने बताया कि वह परिवार के साथ गांव कोट में रहते हैं। 1 और 2 जनवरी की रात को करीब 12:30 बजे सफेद रंग की ब्लीनो कार उनके घर पर आकर रूकी। कार से मोंटी उर्फ मेहुल, उज्जवल और उनके दो साथी उतरे और गंदी-गंदी गालियां देते हुए उनके घर पर फायरिंग करने लगे। आरोपी ने उनके घर के गेट पर गोलियां चलाई। रवि के मुताबिक, इससे पहले भी आरोपी ने जान से मारने की नियत से उसके घर के सामने खड़ी कार पर करीब 22 राउंड गोलियां चलाई थी। इस मामले में उसने आरोपी के खिलाफ थाना दादरी में केस दर्ज कराया था। जिसके बाद यह लोग जेल गए थे। बस इसी बात से आरोपी उससे रंजिश मानने लगे।

### आरडब्ल्यूए बैठक में बवाल, सोसाइटी में तनाव

नोएडा। श्री साईं अपार्टमेंट में एक बड़ा विवाद सामने आया है। आरडब्ल्यूए की वार्षिक आम सभा में अध्यक्ष के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे, जिसके बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। जानकारी के अनुसार, आज (रविवार) सुबह 11 बजे आयोजित बैठक में लगभग 80-90 निवासी मौजूद थे। यह बैठक वर्तमान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुशील यादव के कार्यकाल की समाप्ति से पहले बुलाई गई थी। बैठक का मुख्य एजेंडा वित्तीय लेखा-जोखा की प्रस्तुति और नए चुनाव की तिथि तय करना था। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि जब निवासियों ने वित्तीय रिपोर्ट की मांग की, तो अध्यक्ष सुशील यादव रजिस्टर लेकर बैठक से फरार हो गए। निवासियों का आरोप है कि वर्ष 2021 से कोई लेखा-जोखा प्रस्तुत नहीं किया गया है और मई 2024 से आरडब्ल्यूए का नवीनीकरण भी लंबित है। डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय की भूमिका भी संदिग्ध पूर्व आरडब्ल्यूए अध्यक्ष किरणपाल चौहान ने बताया, यह आरडब्ल्यूए बिना चुनाव के ही कार्यरत है और अवैध वसूली कर रही है।

# प्राधिकरण को दफ्तर के लिए नहीं मिल रही जमीन

- न्यू नोएडा बसाया जाना प्रस्तावित है, किसानों ने बढ़ाये रेट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दादरी और बुलंदशहर के 84 गांवों की जमीन पर दादरी, नोएडा, गाजियाबाद इनवेस्टमेंट रीजन यानि न्यू नोएडा बसाया जाना प्रस्तावित है। इस प्रोजेक्ट को गति देने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने दफ्तर सिंकदराबाद के पास बनाने की योजना बनाई है। जहां की जमीन ली जानी है, वहां के किसान मुआवजा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। नोएडा प्राधिकरण के भूलेख विभाग ने नए नोएडा के गांवों में जाकर जमीन देखनी शुरू कर दी थी। 18 नवंबर को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम के नेतृत्व में 18 नवंबर को किए गए निरीक्षण के दौरान यह निर्णय लिया गया कि जोखाबाद या सांवली गांव के आस-पास कार्यालय की स्थापना की जाए। इसकी वजह यह है कि इन गांव के पास से ही ईस्टर्न पेरिफेरल और जीटी रोड अलग होती है। ऐसे में अधिकारियों के आने-जाने और आम लोगों के हिसाब से भी यह इलाका ठीक रहेगा। इस परियोजना में एक बड़ी चुनौती भूमि अधिग्रहण की है। प्राधिकरण को लगभग दो हजार वर्ग मीटर भूमि की जरूरत है, लेकिन स्थानीय किसान उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

सिकंदराबाद क्षेत्र में वर्तमान मुआवजा दर 800 से 1700 रुपये प्रति वर्ग मीटर है, जबकि नोएडा में यह राशि 5400 रुपये प्रति वर्ग मीटर तक है। यह अंतर किसानों की चिंता का प्रमुख कारण बना हुआ है। नोएडा प्राधिकरण के भूलेख विभाग ने पहले ही क्षेत्र का सर्वेक्षण शुरू कर दिया है और अलग-अलग गांवों में उपलब्ध भूमि का आकलन कर रहा है। अधिकारियों का मानना है कि एक बार कार्यालय की स्थापना हो जाने के बाद, न्यू नोएडा के विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा सकेगा। यह परियोजना न केवल क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति प्रदान करेगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगी। सीईओ डॉ. लोकेश एम ने बताया कि नए नोएडा का विकास गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर के 84 गांवों में किया जाएगा। चार चरणों में वर्ष 2041 तक पूरा किया जाना है। प्रथम चरण में 2027 तक 3,165 हेक्टेयर भूमि का विकास किया जाएगा। द्वितीय चरण में 2032 तक 3,798 हेक्टेयर, तृतीय चरण में 2037 तक 5,908 हेक्टेयर और अंतिम चरण में 2041 तक 8,230 हेक्टेयर

# कमल हासन को लगाया था करोड़ों का चूना

- एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने इनामी बदमाशों को दबोचा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने बिहार के पटना के रामकृष्णनगर थाना क्षेत्र के रुद्रा गेस्ट हाउस के पास बेरिया बस स्टैंड के पास से एक-एक लाख रुपये के दो इनामी कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी गाजियाबाद से फरार चल रहे थे। यूपी पुलिस इन दोनों आरोपियों की काफी समय से तलाश कर रही थी। गिरफ्तार आरोपी देश के अलग-अलग राज्यों में घूमकर दुकानों के शटर तोड़कर चोरी करते थे। गाजियाबाद जिले के इंदिरापुरम थाने से एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। अपराधियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मशहूर फिल्म अभिनेता कमल हासन से जुड़ी दुकान से 135 से ज्यादा महंगी घड़ियां चोरी की थीं। नोएडा एसटीएफ यूनिट के एडिशनल एसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की जीतन पासवान निवासी सीतामढ़ी जिला, बिहार और रोशन कुमार निवासी घोड़ासन थाना मोतिहारी जिला, चंपारण बिहार के रूप में हुई है। अपराधी घोड़ासन गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाने में दर्ज एक मामले में मुखबिर की सूचना पर बिहार के पटना से एक-एक लाख रुपये के इनामी बदमाश जीतन पासवान और रोशन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी जीतन पासवान ने बताया कि उसकी बहन की शादी घोड़ासन में हुई थी। वह वहां आता-जाता रहता था और यहीं उसकी मुलाकात रामआसरे पासवान से हुई थी। उसने दुकान का शटर उठाकर चोरी करने का तरीका रामआसरे पासवान से सीखा था और रामआसरे पासवान को सभी लोग उस्ताद कहते थे। वर्ष 2008 में आरोपी जीतन ने रामआसरे पासवान और घोड़ासन निवासी उमेश के साथ मिलकर सीतामढ़ी जिले में किराना दुकान का शटर उठाकर चोरी की थी। लोगों के जाग जाने के बाद उसे सीतामढ़ी पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया था और करीब 4 महीने तक जेल में रहा था।

# ग्रेनो के लाल अंकुर ने किया कमाल, कराटे में ब्लैक बेल्ट जीतकर जिले का नाम रोशन किया

- प्रतियोगिता में 7 राज्यों के करीब 120 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के रहने वाले अंकुर भाटी ने हरियाणा के बहादुरगढ़ में आयोजित बेल्ट ग्रेडिंग प्रशिक्षण शिविर 2025 में अपना दम दिखाया है।

अंकुर ने इस शिविर में कराटे ब्लैक बेल्ट जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। अंकुर भाटी के कराटे ब्लैक बेल्ट जीतने पर परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। कोच कपिल नागर का कहना है कि अंकुर की नजर अब इंटरनेशनल पर है। अंकुर का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। बेल्ट ग्रेडिंग प्रशिक्षण शिविर 2025 प्रतियोगिता में प्रदेश समेत 7 राज्यों के करीब 120 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र के चूहड़पुर खादर गांव निवासी अंकुर भाटी ने उत्तर प्रदेश टीम की ओर से हिस्सा लिया था। इनके बीच खेलकर अंकुर भाटी ने कराटे ब्लैक बेल्ट जीतकर जिले का नाम रोशन किया। कोच कपिल नागर ने बताया कि वॉरियर्स फिटनेस एंड फाइटर क्लब में अभ्यास करने वाले अंकुर ने प्रतियोगिता में कराटे ब्लैक बेल्ट जीता है। कोच ने बताया कि इससे पहले भी अंकुर तीन बार राष्ट्रीय पदक विजेता और एक बार नेपाल सिल्वर इंटरनेशनल पदक विजेता हैं।

कोच कपिल नागर ने बताया कि अंकुर का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। इसके लिए वह रोजाना 5 से 6 घंटे मैदान पर पसीना बहाता है। वह बहुत कड़ी मेहनत करते हैं। इसी का नतीजा है कि अंकुर भाटी कराटे ब्लैक बेल्ट जीतने में सफल रहे हैं। हम जल्द ही उन्हें इंटरनेशनल लेवल पर पदक जीतते हुए भी देखेंगे।

# हेरिटेज सिटी का काम जल्द होगा शुरू

- 735 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश में विकास की नई गाथा लिखते हुए यमुना प्राधिकरण ने मथुरा के राया क्षेत्र में एक भव्य हेरिटेज सिटी की स्थापना की योजना तैयार की है। इस परियोजना के तहत मथुरा और वृंदावन जैसे धार्मिक के साथ सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों को विश्वस्तरीय पहचान दिलाने के साथ ही पर्यटन और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

राया हेरिटेज सिटी के माध्यम से ब्रज और मथुरा क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का प्रदर्शन किया जाएगा। परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर)



को मंजूरी मिल चुकी है। वर्ष 2025 के मध्य तक निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। अगस्त 2025 में इसकी नींव रखे जाने की योजना है। हेरिटेज सिटी को 735 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा।

परियोजना के पहले चरण में वृंदावन के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर को यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए 101 किमी लंबा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा। इसके साथ ही वायु प्रदूषण से निपटने के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू करने की योजना है। बस डिपो 14 एकड़ क्षेत्र में और बेगमपुर गांव के पास 12 हेक्टेयर में पार्किंग सुविधा विकसित की जाएगी। इस परियोजना से मथुरा-वृंदावन में पर्यटन को एक नई दिशा मिलेगी। यहां ग्रीन जोन और रिवर फ्रंट जैसी सुविधाएं पर्यटकों को आकर्षित करेंगी।

इसके साथ ही स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन होगा और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। हेरिटेज सिटी परियोजना को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले और दूसरे चरण में तीन-तीन साल लगेंगे। जबकि तीसरे चरण में चार साल का समय निर्धारित किया गया है। परियोजना में 12 गांवों को शामिल किया गया है और इसके लिए 6,000 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है।

### गौर सोसाइटी के लोगों ने किया प्रदर्शन, सीएम योगी से मांगी मदद

**नोएडा।** गौर सौंदर्यम सोसाइटी के निवासियों ने रविवार को बिल्डर की लापरवाही और लंबित रजिस्ट्रियों की समस्या के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान निवासियों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पूरी राशि के भुगतान के बावजूद उन्हें अब तक अपने फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं मिली है।

सोसाइटी के करीब 240 घर खरीदार अभी भी अपने स्वामित्व अधिकारों से वंचित हैं। जिन्होंने स्टांप शुल्क और बिल्डर को पूरी राशि चुका दी है। अभी भी अपने स्वामित्व अधिकारों से वंचित हैं। निवासियों ने सोसायटी के गेट पर बैनर और पोस्टरों के साथ शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। सोसाइटी परिसर में ही इकट्ठा हुए। उन्होंने प्राधिकरण को ज्ञापन सौंपा है।

# महिला की अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

थाना नंदग्राम पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है जिसने बैंक में मिली एक महिला की हार्ड डिस्क से उसके और उसके पति के अश्लील फोटो और वीडियो रिकवर कर वायरल करने की धमकी देकर लाखों रुपए ऐंठे थे।

इतना ही नहीं पीड़िता के पति को जान से मारने की धमकी भी दी थी। डीसीपी सिटी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना नंदग्राम में एक महिला ने सूचना दी कि एक शख्स ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे लगातार पैसे ऐंठ रहा है। साथ ही उसके पति को जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस मामले में मुकदमा लिखकर पुलिस ने आरोपी अजय सिंह अधिकारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी अजय सिंह अधिकारी ने बताया कि वह 2021 में बैंक में काम करता था। इस दौरान यह महिला अपना खाता खुलवाने आई थी। आरोपी के मुताबिक उसके बाद इन दोनों की आपस में दोस्ती हो गयी और यह बात करने लगे। साथ ही कभी-कभी मिलने भी लगे। अजय के मुताबिक एक दिन उसने पीड़ित महिला से उसकी हार्ड डिस्क मांग ली जो खाली थी। अजय ने उस हार्ड डिस्क से महिला का डाटा रिकवर किया। जिसमें महिला और उसके पति के अश्लील फोटो और वीडियो थे।

# पीएम मोदी ने बच्चों संग रैपिड रेल में किया सफर

● प्रधानमंत्री ने दिल्ली में नमो भारत कॉरिडोर का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी को नमो भारत ट्रेन की सौगात दी है। उन्होंने रविवार को नमो भारत ट्रेन के न्यू अशोक नगर से साहिबाबाद तक के खंड का उद्घाटन किया।

इन दोनों स्टेशनों के बीच इस कॉरिडोर का कुल लंबाई 13 किलोमीटर है। जिससे दिल्ली में हाई-स्पीड क्षेत्रीय परिवहन शुरू हुआ। इसके अलावा उन्होंने जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क के बीच बनकर तैयार हुई मेट्रो के मेजेंडा कॉरिडोर का भी शुभारंभ किया। वर्तमान में, साहिबाबाद और मेरठ साउथ के बीच नौ स्टेशन के साथ कॉरिडोर का 42 किलोमीटर लंबा खंड परिचालित है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी को नमो भारत ट्रेन की सौगात दी, सफर के दौरान पीएम ने बच्चों से हालचाल जाना।

दिल्ली खंड के चालू होने से नमो भारत कॉरिडोर का परिचालित का 55 किलोमीटर तक विस्तार हो गया है, जिसमें कुल 11 स्टेशन हैं। मेरठ शहर अब सीधे दिल्ली से जुड़ गया है। यात्री अब केवल 40 मिनट में मेरठ साउथ पहुंच सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में बच्चों संग सवारी भी की। इससे पहले उन्होंने एक स्मार्ट टिकट खरीदा, जो सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में एकीकृत डिजिटल भुगतान की सहजता और पहुंच को प्रदर्शित करता है। प्रधानमंत्री ने यूपीआई भुगतान प्रणाली का उपयोग करके नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड खरीदा। इसके बाद वे साहिबाबाद से नमो भारत ट्रेन में सवार हुए और न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन पर उतरे। इस दौरान बच्चों ने उन्हें कविताएँ सुनाईं और पेंटिंग भेंट किए। उन्होंने ट्रेन नेटवर्क के निर्माण का विवरण देने वाली एक प्रदर्शनी भी देखी, जहाँ उन्हें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम से ट्रेन का एक मॉडल भेंट किया गया।

यात्रा के दौरान, माननीय प्रधानमंत्री ने विभिन्न वर्गों के यात्रियों के साथ बातचीत की। जेएफपीआर (जापान फंड फॉर प्रॉस्परस एंड रिजिलिएंट एशिया एंड द पेसिफिक) अनुदान प्राप्त एनसीआरटीसी के व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम की महिला लाभार्थियों ने रोजगार की अपनी प्रेरणादायक यात्रा साझा की। इंजीनियरिंग के छात्रों ने अपनी आकांक्षाओं और कॉरिडोर की तकनीकी प्रगति पर चर्चा की, जबकि स्कूली छात्रों ने परियोजना से प्रेरित कलाकृति, कविता और गीतों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। जेएफपीआर अनुदान के माध्यम से आत्मरक्षा में प्रशिक्षित महिलाओं ने बताया कि प्रशिक्षण ने उनके आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना को किस प्रकार सुदृढ़ किया। नियमित यात्रियों ने अपने अनुभव साझा किए कि नमो भारत ट्रेनों से कैसे उनके दैनिक जीवन में सार्थक बदलाव आए हैं। प्रधानमंत्री ने महिला ट्रेन ऑपरेटरों और स्टेशन नियंत्रकों के साथ भी बातचीत की और संचालन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

अभी तक, 50 लाख से अधिक यात्री नमो भारत ट्रेनों में यात्रा का आनंद उठा चुके हैं, जो इसकी लोकप्रियता और प्रभाव को दर्शाता है। अन्य खंडों यानी न्यू अशोक नगर-सराय काले खां और मेरठ साउथ-मोदीपुरम के बीच निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

# केंद्र-आप सरकार ने दिया नए साल का तोहफा : आतिशी

● मुख्यमंत्री ने कहा साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर के आरआरटीएस स्ट्रेच से होगा दिल्ली का आर्थिक विकास

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई मेट्रो लाइन और साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक पहले आरआरटीएस खंड के उद्घाटन और शिलान्यास पर मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्लीवासियों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा, दिल्ली और केंद्र सरकार ने मिलकर रिठाला से कोंडली तक नई मेट्रो लाइन का उद्घाटन और जनकपुरी वेस्ट से कृष्णा पार्क तक मेट्रो लाइन का शिलान्यास किया है। इससे दिल्ली का आर्थिक विकास होगा। अब दिल्ली, पूरे देश और दुनिया के सामने पब्लिक ट्रांसपोर्ट के शानदार मॉडल के रूप में उभर रही है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा, मैं सबसे पहले दिल्ली के लोगों को बधाई देना चाहूंगी। आज दिल्ली में आरआरटीएस की लाइन का उद्घाटन हो रहा है। यह आरआरटीएस केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार, यूपी सरकार और हरियाणा सरकार का साझा प्रयास है, जो एनसीआर क्षेत्र को दिल्ली से जोड़ने का काम कर रही है। साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक पहले आरआरटीएस खंड का उद्घाटन हुआ है। दिल्ली सरकार ने दिल्ली से मेरठ तक बन रही इस आरआरटीएस लाइन में 1260 करोड़ रुपये का निवेश किया है, क्योंकि इससे दिल्ली का आर्थिक विकास होगा।

सीएम ने यह भी कहा कि आज दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयास से दिल्ली मेट्रो के फेज-4 के रिठाला से कोंडली तक की नई लाइन का शिलान्यास और जनकपुरी वेस्ट से कृष्णा पार्क तक की मजेंटा लाइन का उद्घाटन हुआ। पिछले दस वर्षों में युद्ध स्तर पर दिल्ली मेट्रो का विस्तार हुआ है। इस दौरान 200 किमी की मेट्रो लाइन बन चुकी है, और 250 किमी की मेट्रो लाइन निर्माणाधीन है। दिल्ली सरकार ने इन दस वर्षों में दिल्ली मेट्रो में 7268 करोड़ रुपये का निवेश किया है। सीएम आतिशी ने कहा, मुझे खुशी है कि अब दिल्ली, सार्वजनिक परिवहन और टिकाऊ परिवहन के मॉडल के रूप में देश और दुनिया के सामने उभरकर आ रही है।

# दिल्ली देहात से किया वादा कब होगा पूरा : आप प्रमुख

● केजरीवाल ने कहा, प्रधानमंत्री ने जमीनों का मालिकाना हक़ और प्लॉट देने का किया था वादा




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दिल्ली देहात के लोगों से 2020 में किए वादों की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को याद दिलाते हुए पूछा कि यह कब तक पूरा होगा।

आप प्रमुख ने पीएम मोदी से पूछा, आपने दिल्ली देहात के किसानों से दिल्ली लैंड रिफॉर्म एक्ट की धारा 81 और धारा 33 को खत्म करने, जमीनों का मालिकाना हक़ दिलाने और प्लॉट देने का वादा किया था। यह काम तो सिर्फ केंद्र सरकार ही कर सकती है। जबकि धारा 81 और 33 खत्म करने के लिए हम दो बार प्रस्ताव भेज चुके हैं। आपने अभी तक दिल्ली मास्टर प्लान 2021 को नोटिफाई और दिल्ली लैंड पुलिंग पॉलिसी को लागू क्यों नहीं किया।

वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और मंत्री सौरभ भारद्वाज के साथ पार्टी मुख्यालय में रविवार को प्रेसवार्ता कर आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज प्रधानमंत्री 38 मिनट बोले और वह 38 मिनट में से लगभग 29 मिनट दिल्ली के लोगों और दिल्ली की चुनी हुई सरकार को गालियां देकर गए हैं। वह चुनकर-चुनकर गालियां दे रहे थे। मैं देख रहा था, मुझे बहुत बुरा लग रहा था। लोग उम्मीद करते हैं कि प्रधानमंत्री देश के लिए एक विजन देंगे। दिल्ली के लिए एक विजन देंगे। एक बड़ा काम देंगे। लेकिन वह केवल गालियां देकर गए। मैं प्रधानमंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं और उन्हें उनका पिछला संकल्प पत्र याद दिलाना चाहता हूं। प्रधानमंत्री जी ने 2020 में जो वादे किए थे, मेरे दिल्ली देहात के भाई आज भी उन वादों के पूरे होने का इंतजार कर रहे हैं।

# नंदू गिरोह के सात बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कपिल नंदू गिरोह द्वारा रची गई एक बड़ी आपराधिक साजिश को विफल करने का दावा करते हुए दिल्ली पुलिस ने गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि इन गिरफ्तारियों से एक लक्षित हत्या को रोका गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि पुलिस ने अवैध हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, अपराध शाखा को पता चला कि गिरोह के सदस्य कपिल नंदू के आदेश पर दिल्ली में एक प्रतिद्वंद्वी की हत्या की साजिश रच रहे थे। नंदू एक अज्ञात विदेशी स्थान से गिरोह चलाता है। टीम को पता चला कि आरोपी बुराड़ी में किराए के फ्लैट में छिपे हुए हैं। जाल बिछाकर सूरज, जितेश उर्फ जीतू और अनिल राठी को गिरफ्तार किया गया, जिन्होंने गिरोह से अपने संबंध स्वीकार किए।

# शोरूम से लुटेरों ने 12 लाख रुपये के गहने लूटे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नकाबपोश लुटेरों के एक समूह ने मंगोलपुरी स्थित एक शोरूम में चाकू का भय दिखा कर करीब 12 लाख रुपए मूल्य के सोने के गहने लूट लिए।

पुलिस ने बताया कि शोरूम से निकलने के बाद लुटेरों ने आसपास की अन्य दुकानों को भी लूटने का प्रयास किया, लेकिन दुकानदारों ने उनकी आंखों में लाल मिर्च पाउडर झोंककर उनकी योजना को विफल कर दिया, जिससे लुटेरे भागने को मजबूर हो गए। पुलिस ने संदिग्धों की पहचान के लिए इलाके से सीसीटीवी फुटेज एकत्र करने के बाद अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शनिवार शाम को वाई-ब्लॉक क्षेत्र स्थित शोरूम से पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को एक कॉल आई, जिसमें लूट की सूचना दी गई।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने पाया कि शोरूम में तोड़फोड़ की गई थी और आसपास की दुकानों का सामान सड़क पर बिखरा पड़ा था। प्रारंभिक जांच के अनुसार, करीब आठ लोगों का एक समूह चाकू लेकर शोरूम में घुसा, शीशे की अलमारियां तोड़ दीं और करीब 12 लाख रुपए मूल्य के सोने के आभूषण लूटकर फरार हो गए।

## अवैध मांस प्रसंस्करण इकाई की जांच शुरू

**नई दिल्ली।** भजनपुरा इलाके में एक अवैध और संदिग्ध मांस प्रसंस्करण इकाई की जांच की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि उन्हें एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) से शिकायत मिली कि भजनपुरा इलाके के एक पैकेजिंग कारखाने में कथित तौर पर गौवंश के मांस की पैकिंग की जा रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में एक टीम तत्काल घटनास्थल पर भेजी गई। पुलिस सभी तथ्यों की जांच कर रही है। चिकित्सकों की एक टीम फोरेंसिक जांच के लिए प्रसंस्करण इकाई से संदिग्ध मांस के नमूने एकत्र करेगी।

# आतिशी शीश महल को आम लोगों के लिए खोलें: वर्मा

● भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख किया अनुरोध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का सरकारी आवास जिसे भाजपा ने शीश महल नाम दिया है, का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।

नई दिल्ली विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर पूर्व मुख्यमंत्री आधिकारिक आवास को आम लोगों के लिए खोलने की अपील की है। वर्मा ने जोर देकर कहा कि नई दिल्ली की जनता, जिसने केजरीवाल को तीन बार बहुमत देकर विधानसभा भेजा, का पूरा हक है कि वे उस आलीशान आवास को देख सकें, जहां उनके चुने हुए प्रतिनिधि ने अपना कार्यकाल बिताया।

वर्मा ने अपने पत्र में प्रस्ताव दिया कि इस आवास को रोजाना सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक जनता के लिए खोला जाए। यह पहल न केवल जनता की जिज्ञासा को पूरा करेगी, बल्कि पारदर्शिता को बढ़ावा देगी और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करेगी। इस आवास को जनता के लिए खोलना यह दिखाएगा कि सरकार किस हद तक जवाबदेह है।

दिल्ली वालों को यह समझने में मदद करेगा कि सार्वजनिक धन का उपयोग कैसे किया गया। वर्मा ने यह भी जिक्र किया कि यह आवास केवल एक सरकारी भवन नहीं है, बल्कि दिल्ली के राजनीतिक और प्रशासनिक इतिहास का प्रतीक भी है।

हाल ही में नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि केजरीवाल के आवास की मरम्मत और साज-सज्जा पर खर्च तीन गुना बढ़कर 33 करोड़ रुपये हो गया, जिसमें महंगे कालीनों और परदों जैसी लग्जरी वस्तुओं पर भारी खर्च किया गया।

वर्मा ने कहा कि जनता, जिनके कठिन परिश्रम से अर्जित धन का उपयोग से भवन बनाया गया है। इसकी भव्यता को नजदीक से देखने का मौका मिलना चाहिए।

# दहेज मांगने पर लड़की ने जहर खाकर की खुदकुशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कृष्णा नगर इलाके में दहेज मांगने से दुखी लड़की ने जहरीला प्रदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, लड़की का रिश्ता पक्का हुआ था जल्दी ही शादी होने वाली थी। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक लड़की को पहचान पूनम (24) के रूप में हुई है वह अपने माता-पिता, एक बहन ओर दो भाइयों के साथ पी-60, शंकर नगर एक्सटेंशन, गली न-9 में रहती थी वैसे यह परिवार बरेली का रहने वाला है। परिजनों ने आत्महत्या के कारण दहेज मांगना बताया है पूनम के पिता धाकन लाल ने बताया करीब साल पहले पूनम का रिश्ता गांव विलासपुर, जिला रामपुर के अजय कुमार के साथ हुआ था ओर आने वाली 3 मार्च को शादी होने वाली थी, पहले सब ठीक था लेकिन जैसे-जैसे शादी की तारीख नजदीक आ रही थी वैसे ही लड़के ने पूनम से दहेज की मांग शुरू कर दी कुछ दिन तक पूनम ने परिवार से छिपाया लेकिन जब लड़के ने ज्यादा परेशान किया तो पूनम ने यह बात अपने परिजनों को बताई ओर इस बात से दुखी होकर

## लूट के मामले में वांछित 14 साल बाद गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने हरियाणा से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिस पर दिनदहाड़े टेम्पो चालक को लूटने का आरोप है।

आरोपी मुकेश उर्फ धांदू को 2011 में उसके खिलाफ दर्ज एक मामले में भगोड़ा घोषित किया गया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, वह 14 साल तक गिरफ्तारी से बचता रहा और 2015 में अदालत ने उसे भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया था। उन्होंने बताया कि आरोपी सात मई 2011 को बवाना-कंझावाला रोड पर हुई लूट के मामले में कथित रूप से शामिल था। अधिकारी ने बताया कि मुकेश और उसके साथी जोरा सिंह ने रिवॉल्वर दिखाकर टेम्पो चालक से तीन लाख लूट लिए।

# यमुना नदी में कूदी नाबालिग, पुलिस ने बचाया

● पढ़ाई को लेकर तनाव में थी किशोरी, पुल से लगाई थी छलांग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने तेजी दिखाते हुए कथित तौर पर आत्महत्या करने के लिए पुल से यमुना नदी में छलांग लगाने वाली एक किशोरी को डूबने से बचा लिया। किशोरी ने कथित तौर पर पढ़ाई के तनाव के कारण पुल से यमुना नदी में छलांग लगा दी थी। घटना शनिवार की है।

पुलिस उपायुक्त राजा बंथिया ने बताया कि रूप नगर पुलिस थाने को एक महिला ने अपनी बेटी के लापता होने की सूचना दी। किशोरी की मां ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी घर पर अकेली थी जबकि परिवार के बाकी लोग बाहर गए हुए थे। उसके अकादमिक प्रदर्शन के बारे में बातचीत के बाद मां को चिंता हुई कि उसकी बेटी कोई बड़ा कदम उठा सकती है इसलिए उसने अपने बेटे से कहा कि वह उसे देखे कि वह (किशोरी) सुरक्षित तो है।

बंथिया ने बताया कि घर लौटने पर बेटे ने देखा कि किशोरी ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है। सहायक पुलिस आयुक्त विनीता त्यागी के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और सिग्नेचर ब्रिज तथा वजीराबाद ओल्ड ब्रिज इलाकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्थानीय लोगों से पूछताछ की। मेट्रो साइट गार्ड को जानकारी दी गई जिसके बाद वे तलाशी में शामिल हो गए।

बंथिया ने बताया, तलाशी के दौरान किशोरी को यमुना नदी में कूदते हुए देखा गया। एक गार्ड और तैराक बृजेश कुमार ने नदी में छलांग लगाई और उसे बचा लिया। उसे सुरक्षित रूप से किनारे पर खींच लिया गया और पुलिस टीम ने तुरंत उसकी काउंसलिंग की। औपचारिकताओं के बाद उसे उसके परिवार के हवाले कर दिया गया। वहीं पुलिस के प्रयास से परिजनों ने आभार जताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूनानी तिब्बी कांग्रेस का मुफ्त स्वास्थ्य शिविर



**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस का 100 वां शिविर मुस्तफाबाद के नेहरू विहार में आयोजित किया गया। यह शिविर 101वां शिविर सूईवालान स्थित समुदाय केंद्र में अल्लामा रफीक ट्रस्ट के सहयोग से लगाया गया। इस सिविर में सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करा कर मुफ्त दवाईयां प्राप्त कीं। इस अवसर पर यूनानी एंड आयुवेर्दिक तिब्बिया कॉलेज करोल बाग एनएसयूआई के पैनल से सेंट्रल काउंसलर का चुनाव जीतने वाले जैद अहमद का स्वागत भी किया। महासचिव डॉ सैयद अहमद खान ने कहा की आम लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस ने यूनानी स्वास्थ्य शिविर लगाने का फैसला लिया था। उन्होंने बताया कि आज यहां पर 101 वां शिविर लगाया गया है। शिविर में अपनी सेवाएं देने वाले डॉ हबीबुल्लाह सीएमओ यूनानी, डॉ जाकिरउद्दीन, डॉ शकील अहमद मेरठी, डॉ संजय ढींगरा, डॉ शकील अहमद, डॉ मिर्जा आसिफ बैग आदि मौजूद रहे।

### अनिल भारद्वाज ने शास्त्री नगर में पदयात्रा की

**नई दिल्ली।** सदर बाजार विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अनिल भारद्वाज के समर्थन में दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने शास्त्री नगर ब्लॉक में पदयात्रा की, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। यादव ने स्थानीय लोगों से भारद्वाज के पक्ष मतदान करने की अपील की। दोनों नेताओं ने लोगों से आम आदमी पार्टी के मौजूदा विधायक की सदर बाजार के प्रति अनदेखी और बदहाली पर चर्चा की। स्थानीय लोगों का मिला समर्थन इस बात का प्रमाण है कि इस बार जनता बदलाव के मूड में है। पदयात्रा में पूर्व विधायक राजेश जैन, पूर्व पार्षद सतबीर शर्मा, ठाकुर दास, चुनाव प्रभारी अर्जुन कुमार, चांदनी चौक जिला कांग्रेस अध्यक्ष जावेद मिर्जा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आप के दो नेता कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली।** आप नेता रघु रेन्द्र पठानिया और मोनिया सिंह कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दोनों नेताओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर देवेन्द्र यादव ने कहा रघु रेन्द्र पठानिया नार्थ आप पार्टी में वेस्ट लोकसभा अध्यक्ष, नेशनल काउंसिल के सदस्य, दिल्ली के एसटी, एससी विंग के अध्यक्ष, गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश के बूथ मैनेजमेंट व पब्लिसिटी मैनेजर की जिम्मेदारी सहित एमसीडी चुनाव 2017 में सलेक्शन कमेटी के सदस्य थे।

# फूलों की बगिया से महकी 494 एकड़ में फैली यमुना वाटिका

● एलजी विनय सक्सेना और केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

यमुना के डूब क्षेत्र की पारिस्थितिकी और सौंदर्य को बढ़ाने की दिशा में पहल करते हुए उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने राजघाट पावर प्लांट के सामने स्थित 494 एकड़ में फैली यमुना वाटिका का उद्घाटन किया।

उद्घाटन समारोह में कॉरपोरेट मामलों के राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय हर्ष मल्होत्रा, पूर्वोत्तर भाजपा सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह सहित कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



यमुना वाटिका में गीता कॉलोनी ब्रिज के प्रवेश द्वार के पास स्थापित 47.5 टन की नंदी की प्रतिमा।

494 एकड़ (200 हेक्टेयर) में फैली यमुना वाटिका का उद्देश्य यमुना के बाढ़ के मैदानों को उनकी प्राकृतिक स्थिति में वापस लाना है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों के अनुरूप डिज़ाइन की गई है। यह जगह न केवल क्षेत्र की पारिस्थितिकी को फिर से जीवंत करती है, बल्कि दिल्ली के निवासियों के लिए प्रकृति के साथ सामंजस्य में निष्क्रिय मनोरंजन का आनंद लेने के लिए एक अभयारण्य के रूप में भी काम करती है।

यमुना वाटिका में देशी प्रजातियों के वृक्ष, नदी की घास और बहाल किए गए जल निकाय हैं, जो सभी एक समृद्ध बाढ़ के मैदान पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान करते हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों और विशेषज्ञों की सिफारिशों के अनुसार, मौजूदा तटबंधों के साथ-साथ क्षेत्र को जीवंत 'ग्रीनवे' (हरित पट्टी) में बदल दिया गया है। इसमें मौजूदा अवसादों से जल निकायों की बहाली, विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के लिए डिज़ाइन किए गए खुले स्थान शामिल हैं, जो सभी कच्चे रास्तों से जुड़े हैं।

डीडीए के एक अधिकारी ने कहा, इसका उद्देश्य एक शांत वातावरण बनाना है, जहां निवासी और आगंतुक प्रकृति से साक्षात्कार कर सके। यह परिवारों और व्यक्तियों दोनों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन की गई, यमुना वाटिका में बच्चों के खेलने के लिए समर्पित क्षेत्र हैं, जो पर्यावरण के अनुकूल संरचनाओं से सुसज्जित हैं। ढलानों के साथ रणनीतिक रूप से खुली हवा में बैठने की जगह बनाई गई है, जो आगंतुकों को आसपास के मनोरम दृश्य प्रदान करती है। बैठने की जगह और घुमावदार रास्तों से सुसज्जित छह एकड़ का पुष्प रोपण, आगंतुकों को जीवंत फूलों का पता लगाने और प्रकृति के बीच शांति का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करता है। पार्क की सबसे खास विशेषताओं में से एक गीता कॉलोनी ब्रिज के प्रवेश द्वार के पास नव स्थापित 47.5 टन की नंदी की प्रतिमा है। राजस्थान के कुथारा में भैंसलाना काले संगमरमर से बनी इस मूर्ति का आकार 18' × 6' × 11' है। मात्र आठ महीनों में बनकर तैयार हुई यह मूर्ति पार्क के डिजाइन में एक अनूठा सांस्कृतिक और सौंदर्य आयाम जोड़ती है, जो आध्यात्मिकता को परिदृश्य के साथ मिलाती है। दिल्ली और यमुना के बीच के बंधन को मजबूत करने के लिए, नदी के किनारे 300 मीटर तक फैला एक समर्पित 'पारिस्थितिक क्षेत्र' स्थापित किया गया है। मिट्टी के रास्ते आगंतुकों को नदी के साथ निकटता से जुड़ने की अनुमति देते हैं, जो पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देते हुए एक शांत और चिंतनशील स्थान प्रदान करते हैं।

# दुकान में आग लगने से पिता-पुत्र बुरी तरह झुलसे

## दुकान की ऊपरी मंजिल पर सो रहे श्रमिकों को उठाने जा रहे थे दोनों, आग की लपटों में घिरे, बेटे की हालत नाजुक

● गंभीर हालत में सफदरजंग अस्पताल दिल्ली किया गया रेफर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में ओल्ड रेलवे रोड पर रेवड़ी-गज्जक की दुकान में लगी भीषण आग बुझाते फायर बिग्रेड के कर्मचारी।

शनिवार की आधी रात के बाद ओल्ड रेलवे रोड पर करीब दो बजे लगी भीषण आग से सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पाकर दुकान संचालक पिता-पुत्र मौके पर पहुंचे। दुकान की ऊपरी मंजिल पर करीब 10 कारीगर सो रहे थे। दोनों पिता-पुत्र उन्हें जगाने के लिए जब ऊपर जाने लगे तो आग की चपेट में आ गए। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें दिल्ली सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि दुकान संचालक के पुत्र की हालत काफी गंभीर है।

यहां ओल्ड रेलवे रोड पर रेवड़ी-गज्जक की काफी बड़ी दुकान थी। रोजाना की तरह शनिवार की रात को भी दुकान संचालक राजू व उसका बेटा दुकान बंद करके गए थे। रात को करीब दो बजे उनकी दुकान में आग लग गई। आग लगने की सूचना पाकर दोनों पिता-पुत्र मौके पर पहुंचे। तब तक आग की सूचना पाकर फायर बिग्रेड की गाड़ियां भी पहुंच चुकी थीं। साथ ही पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम भी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। आग फैलती ही जा रही थी। दुकान की ऊपरी मंजिल पर करीब 10 कारीगर सो रहे थे और दरवाजा बंद था। उन्हें उठाने के लिए दुकान संचालक राजू व उसका बेटा ऊपर जाने लगे।

इसी दौरान वे आग की चपेट में आ गए। इससे पहले कि वे अपना बचाव कर पाते, दोनों आग में बुरी तरह से झुलस गए। आनन-फानन में दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया गया। राजू का बेटा काफी ज्यादा झुलस गया। आग का पता लगते ही ऊपर सो रहे कारीगर पड़ोस में छत पर कूदे और अपनी जान बचाई।

दूसरी तरफ फायर ब्रिगेड के कर्मचारी भीषण आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी पूर्व पार्षद दलीप साहनी ने बताया कि वे एक जागरण से देर रात घर लौटे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि उनके घर के सामने सोनू रेवड़ी-गज्जक की दुकान में आग लगी हुई है। उन्होंने इसकी सूचना उन्हें दी। आसपास के दुकानदारों को भी बुला लिया गया, ताकि आग फैलने से पहले वे अपने सामान का बचाव कर सकें। गनीमत रही कि आग दूसरी दुकानों में नहीं फैली। करीब 10 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

सिविल डिफेंस से मोहित ने बताया कि उन्हें पुलिस कंट्रोल रूम से यहां आग लगने की जानकारी मिली थी। बीच बाजार में भीषण आग की सूचना पाकर बचाव के लिए वे टीम के साथ पहुंचे। लाखों रुपये का यहां नुकसान हुआ है। आग लगने का कारणों का पता लगाया जाएगा।


सेक्टर-49 स्थित वाटिका सिटी व सेक्टर-50 स्थित साउथ क्लोज में धन्यवादी दौरे में लोगों को संबोधित करते मंत्री राव नरबीर सिंह।

# गुरुग्राम में 800 करोड़ रु. की लागत से बनेंगे फ्लाईओवर व एलिवेटेड सड़कः मंत्री

● एनएच-48 से वाटिका चौक तक सड़क व वाटिका चौक से घाटा चौक तक होगा चार फ्लाईओवर का निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में बेहतर कनेक्टिविटी व मजबूत सड़क नेटवर्क से गुरुग्राम के सुनहरे भविष्य की नींव रखी जाएगी। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के क्रम में 800 करोड़ की लागत से गुरुग्राम जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-48 से वाटिका चौक तक एलिवेटेड सड़क मार्ग व वाटिका चौक से घाटा तक चार फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री शनिवार को यहां सेक्टर-49 स्थित वाटिका सिटी व सेक्टर-50 स्थित साउथ क्लोज में अपने धन्यवादी दौरे में उपस्थित नागरिकों को संबोधित कर रहे थे।

कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा क्रियान्वित किए जाने वाले इस महत्वपूर्ण कार्य की डीपीआर तैयार की जा रही है। जल्द ही धरातल पर काम भी शुरू होगा। राव नरबीर सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार संकल्प पत्र में सिर्फ बात नहीं करती बल्कि उसको पूरा भी करती है। कैबिनेट मंत्री ने जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए अधिकारियों से कहा कि सरकार द्वारा चलाई गई हर योजना का जमीनी स्तर पर क्रियानवन किया जाए। अधिकारी नागरिकों को हर सुविधा का लाभ पहुंचाएं। विकास कार्यों की योजनाओं को बनाते समय अधिकारी यह अवश्य ध्यान में रखें कि यह योजना जिन मानदंडों के आधार पर पूरी होनी है, वे सभी मानदंड संपूर्ण किए जाएं। निर्धारित समय में ही विकास कार्यों को पूरा किया जाए, ताकि समय पर जनता को उनका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सरकार द्वारा लागू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न सेवाओं का लाभ देना उनकी प्राथमिकता है।

### अतिक्रमण मुक्त होगी ग्रीन बेल्टः नरबीर सिंह

**कैबिनेट मंत्री ने साउथ क्लोज में कम्युनिटी सेंटर की मांग को स्वीकार करते हुए कहा कि अगले दो महीने में यह कार्य शुरू हो जाएगा। इस दौरान वाटिका चौक से घाटा तक ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण की शिकायत पर उन्होंने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए आर एस भाट को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि 12 किलोमीटर के इस पूरे सड़क मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए 31 जनवरी की समय सीमा निर्धारित की गई है। राव नरबीर सिंह ने कहा प्रदेश सरकार निरंतर जनहित में अनेक महत्वपूर्ण फैसले ले रही हैं और वे यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक व्यक्ति को इनका लाभ मिले। इस अवसर पर एसडीएम बादशाहपुर अंकित चोकसे, सर्कल-2 के एसई मनोज यादव, डीटीपी (नोडल) आरएस भाट, वाटिका सिटी आरडब्ल्यूए प्रेजिडेंट श्वेता पॉल, सतबीर यादव, अभिषेक राणा, निवर्तमान निगम पार्षद कुलदीप यादव, राकेश यादव फाजिलपुर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।**

# ऑटो व मोबाइल लूटने के दोषी को 10 साल का सश्रम कारावास

● सवारी बनकर बैठा था ऑटो में, फिर दिया घटना को अंजाम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सवारी के रूप में ऑटो रिक्शा में बैठकर ऑटो चालक से मारपीट कर ऑटो रिक्शा व मोबाईल फोन छीनने की वारदात को अंजाम देने के आरोपी को यहां अदालत ने शनिवार को दोषी ठहराया। उसे 10 साल कठोर कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

पुलिस के अनुसार 18 मई 2018 को एक व्यक्ति ने थाना बजघेड़ा में एक लिखित शिकायत दी थी। जिसमें कहा था कि 17 मई 2018 को वह चार लड़कों को अपने ऑटो में किराए पर दौलताबाद फ्लाईओवर के नजदीक से टी-ब्लॉक न्यू पालम विहार फेज-2 के लिए लेकर गया था। टी-ब्लॉक न्यू पालम विहार फेज-2 के नजदीक सुनसान जगह पर पहुंचने पर उन लड़कों ने उसके साथ मारपीट की। उसका ऑटो व मोबाइल फोन छीनकर भाग गए। इस शिकायत पर थाना बजघेड़ा में केस दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस द्वारा इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसकी पहचान मोनू उर्फ ललित निवासी गांव खेड़की माजरा के रूप में हुई थी। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस टीम द्वारा आरोपी के खिलाफ सभी साक्ष्य व गवाह जुटाकर अदालत के सम्मुख पेश किए गए। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि सबूतों व गवाहों के आधार पर शनिवार को जगदीप सिंह एडिशनल सेशन जज की अदालत द्वारा आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल की कैद कठोर (कारावास) व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

# 'प्रियंका पर गलत टिप्पणी ओछी मानसिकता'

● रमेश बिधूड़ी को कालकाजी से दी गई टिकट वापस लेकर पार्टी से बाहर निकाले भाजपा: पंकज डावर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


पंकज डावर, कांग्रेस नेता।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि भाजपा के पूर्व सांसद एवं कालकाजी से दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी द्वारा सम्मानित कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी को लेकर की गई अशोभनीय टिप्पणी उनकी ओछी मानसिकता है। बिधूड़ी ने लालू प्रसाद यादव का नाम लेकर भाजपा की सांसद हेमा मालिनी पर भी टिप्पणी की है।

पंकज डावर ने कहा कि ऐसे नेता पर भाजपा को कड़ा संज्ञान लेकर उसे चुनाव से बाहर कर देना चाहिए। चुनावी सभा में एक सम्मानित महिला सांसद को लेकर अभद्र टिप्पणी करने वाले भाजपा नेता बिधूड़ी को दिल्ली की जनता चुनाव में सबक सिखाएगी। महिलाओं का सम्मान करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के मुखिया जेपी नड्डा अपने पूर्व सांसद द्वारा प्रियंका गांधी पर अभद्र टिप्पणी करने पर चुप हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कल तक जो पार्टी कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर महिला सांसद के साथ बदसलूकी के झूठे आरोप लगाकर एफआईआर तक दर्ज करवा रही थी, आज वह रमेश बिधूड़ी द्वारा की गई हरकत पर चुप्पी साधे बैठी है। रमेश बिधूड़ी ने खुले मंच से सांसद प्रियंका गांधी पर ही टिप्पणी नहीं की, बल्कि लालू प्रसाद यादव का नाम लेकर भाजपा की सांसद हेमामालिनी पर भी टिप्पणी की है।

पंकज डावर ने कहा कि अगर भाजपा कुछ संज्ञान नहीं लेती हैं तो सांसद हेमामालिनी को इसमें संज्ञान लेना चाहिए। क्योंकि अपने सम्मान से बढ़कर राजनीति नहीं हो सकती। सांसद हेमामालिनी को अपना सम्मान बरकरार रखने के लिए पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। पंकज डावर ने कहा कि दो-दो महिला सांसदों के अपमान के आरोपी पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को विधानसभा चुनाव में कालकाजी क्षेत्र की जनता सबक सिखाएगी। कांग्रेस भी उनके द्वारा दिए गए बयानों को लेकर दिल्ली की जनता के बीच जाएगी, ताकि ऐसे चरित्र के नेता सत्ता से बाहर रखे जा सकें।

### लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में तीन आरोपी काबू

**गुरुग्राम।** हथियार के बल पर लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने काबू किया। आरोपियों के पास से अवैध हथियार भी बरामद हुए। हिरासत में लेकर की गई पूछताछ में चोरी के पांच मामलों का आरोपियों ने खुलासा किया।

अपराध शाखा सेक्टर-39 के निरीक्षक विश्व गौरव को सूत्रों से पता चला कि कलोटस वैली स्कूल गांव तिगरा के पास तीन युवकों द्वारा लूट करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक विशेष पुलिस टीम गठित की। बताए गए स्थान पर रेड की। वहां पर तीन युवकों को हथियार सहित काबू किया। जिनकी पहचान इश्तियाक निवासी खेड़ली कला जिला नूंह, शकील निवासी गांव सलाका जिला नूंह व मोमिन निवासी गांव उटाबड़ जिला पलवल के रूप में हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### पुरस्कार के लिए आवेदन का आज अंतिम दिन

**गुरुग्राम।** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा की ओर से श्री धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के आवेदन लिए सोमवार को अंतिम तिथि है। पात्र कलाकर इस पुरस्कार के लिए ई-मेल के माध्यम से संबंधित विभाग में आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले और आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। डीआईपीआरओ मूर्ति ने रविवार को बताया कि चयनित कलाकार को पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंट की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले व्यक्ति के पास सांगियों की रचनाओं के मंच निर्देशन के लिए कम से कम 10 वर्ष का अनुभव होना जरूरी है। साथ ही आवेदक हरियाणा का निवासी होना अनिवायज़् है और यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रार्थी ने सांग का निदेज़्शन हरियाणा की संस्कृति की मर्यादा के अनुरूप किया हो। श्रेष्ठ निर्देशक अपने सहयोगी कलात्मक निर्देशक, संगीत निर्देशक, कॉस्ट्यूम डिजाइनर प्रकाश एवं ध्वनि इत्यादि तकनीकी स्टाफ के साथ तालमेल बनाने में दक्ष होना चाहिए। प्रार्थी की आयु 35 वर्ष से लेकर 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए और प्रार्थी का सांग के मंच संचालन में प्रतिष्ठित होना भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि प्रार्थी को सांग की रचनाओं के आधार पर स्क्रिप्ट तैयार करने, अभिनय की बारीकियों और संगीत की जानकारी होना जरूरी है। चयनित किए जाने वाले व्यक्ति की सामाजिक छवि अच्छी होनी चाहिए, उस पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं होना चाहिए। निर्देशित किए गए सांग शिक्षाप्रद व सामाजिक सरोकार से जुड़े होने चाहिए।

### हरियाणा और पंजाब में ठंड का प्रकोप जारी



**चंडीगढ़।** हरियाणा और पंजाब के ज्यादातर हिस्सों में रविवार को कई स्थानों पर कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी रहा और नारनौल में न्यूनतम तापमान सबसे कम 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों राज्यों में कुछ स्थानों पर सुबह घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के अनुसार हरियाणा के करनाल में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस, अंबाला में 8.3 डिग्री सेल्सियस, हिसार में 8.8 डिग्री सेल्सियस, भिवानी में 8.9 डिग्री सेल्सियस, गुरुग्राम में 9.3 डिग्री सेल्सियस और रोहतक में 10.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने बताया कि पंजाब के बठिंडा में न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस और अमृतसर में 7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अनुसार गुरदासपुर में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस, पटियाला में 8.4 डिग्री सेल्सियस, फरीदकोट में 8.5 डिग्री सेल्सियस, लुधियाना में 8.6 डिग्री सेल्सियस और पठानकोट में 9.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### खादी से होता है राष्ट्रीयता का अहसासः सतपाल

**कुरुक्षेत्र।** सर्दी का मौसम है तो खादी कपड़ों की भी अच्छी खासी डिमांड है। खादी ग्रामोद्योग संघ मिर्जापुर का संचालन कर रहे सचिव सतपाल सैनी ने कहा कि खादी से सामाजिक रिश्तों के साथ राष्ट्रीयता का भी आज के युवाओं एवं बच्चों को भी अहसास हो रहा है। उन्होंने कहा कि तीर्थों की संगम स्थली कुरुक्षेत्र का खादी ग्रामोद्योग संघ मिर्जापुर अपनी मेहनत से उत्तर भारत सहित राष्ट्रीय स्तर पर भी विशेष पहचान बना चुका है। उनका मानना है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना खादी ने राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ब्रांड के रूप में विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सहित अन्य राज्यों में भी खादी वस्त्रों को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से नई वस्त्र नीति बनाई जा रही है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इससे खादी वस्त्रों का न केवल देश में बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी विकास हो रहा है। वास्तव में खादी को एक नई उड़ान मिल रही है और लाखों करोड़ों लोगों को रोजगार मिल रहा है। सैनी ने कहा कि महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर अन्य राज्यों में खादी वस्त्रों की बिक्री पर अधिक विशेष छूट देने की घोषणा होती है। हरियाणा में भी खादी की बिक्री पर विशेष छूट बढ़ा कर लोगों को अधिक से अधिक जोड़ना चाहिए। सैनी ने कहा कि खादी के जितने वस्त्रों की मांग बढ़ेगी तो युवाओं को अधिक रोजगार मिल सकेगा। इस अवसर पर संस्था के सदस्य धर्मेंद्र शर्मा, विनोद सैनी, ममता, कुसुम, कविता व अन्य भी मौजूद रहे।

### मुख्य सचिव ने सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने के लिए इकाई का उद्घाटन किया

**हिसार।** हरियाणा के मुख्य सचिव विवेक जोशी ने रविवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में वेजिटेबल ग्राफ्टिंग इकाई का उद्घाटन किया। इस इकाई का उद्देश्य सब्जियों के उत्पादन को बढ़ाना और किसानों की आय में वृद्धि करना है।

इस अवसर पर जोशी ने इकाई के लाभों पर जोर दिया और कहा कि इससे किसानों को रोग मुक्त और उच्च गुणवत्ता वाली सब्जी की पौध मिलेगी। उन्होंने कहा कि इकाई की स्थापना से न केवल किसानों की आय बढ़ेगी बल्कि उपभोक्ताओं को रसायन मुक्त सब्जियां भी मिलेंगी।

# अभावों में पली सावित्री बाई फूले बनीं महिलाओं की शक्तिः शिप्रा

● समाज उत्थान न्यास द्वारा किलकारी चैरिटेबल सोसाइटी में मनाई गई प्रथम शिक्षिका की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


सावित्री बाई फुले की जयंती पर बेटियों व शिक्षिकाओं को सम्मानित करते अतिथि।

नारी मुक्ति आंदोलन की अगवा एवं देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की यहां झाड़सा गांव में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में 46वें मिसेज यूनिवर्स स्पर्धा में मिसेज यूनिवर्स क्रिएटिविटी का खिताब जीतने वाली शिप्रा सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम में किलकारी चैरिटेबल सोसाइटी के चेयरमैन अशोक गोरे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सावित्री बाई फुले जयंती पर शिक्षिकाओं को सम्मानित भी किया गया।

समाज उत्थान न्यास संस्था के संरक्षक सूबे सिंह, चेयरमैन बुद्धराम सैनी, महावीर, कृष्ण सैनी, गौतम, केशव, मयंक, रवि सैनी और रमन, समेत समाज के अनेक लोगों ने सावित्री बाई फुले को नमन किया। मिसेज यूनिवर्स क्रिएटिविटी अवार्ड विजेता शिप्रा सिंह ने कहा कि संस्था की ओर से शिक्षिकाओं का सम्मान किया जाना बहुत ही सराहनीय कार्य है। एक महिला अपने जीवन में कई भूमिका निभाती है।

शिक्षिका के रूप में वह राष्ट्र का निर्माण भी करती है। इसलिए यह भागीदारी अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि माता सावित्री बाई फुले का जीवन अभावों और कठिनाईयों के बीच कटा। उनके प्रयासों से आज महिलाएं शिक्षा ग्रहण करके खुद को साबित कर पा रही हैं।

किलकारी चैरिटेबल सोसाइटी के चेयरमैन अशोक गोरे ने कहा कि हर समाज का यह कर्तव्य बनता है कि वे समाज की महिलाओं को बराबरी से आगे बढ़ाएं। किसी तरह का भेदभाव ना करें।


राष्ट्रीय जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में विजेता हरियाणा की टीम कोच के साथ।

# जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में राज्य के खिलाड़ियों का जलवा

● विधायक मुकेश शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करने पर दिया आशीर्वाद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पंडित दीनदयाल इनडोर स्टेडियम सूरत में जिम्नास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं गुजरात जिम्नास्टिक एसोसिएशन द्वारा लड़के और लड़कियों के सभी आयु वर्ग में जिम्नास्टिक आर्टिस्टिक, रिदमिक, एक्रोबेटिक, ट्रेंपोलिन, एवं तम्बलिंग इवेंट में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

पूर्व उपनिदेशक खेल परस राम एवं कार्यकारी अध्यक्ष हरियाणा जिम्नास्टिक संघ व उपप्रधान अरुण यादव ने भी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है। वरिष्ठ जिम्नास्टिक प्रशिक्षक ओवर आल इंचार्ज संदीप कुमार के नेतृत्व में टीम सूरत खेलने गयी थी। 25 दिसंबर से 4 जनवरी तक हुई इस जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में जिम्नास्टिक खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में रिदमिक में सब जूनियर टीम इवेंट में हरियाणा की जिम्नास्टिक टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। सभी खिलाड़ियों ने अचछा प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाने काम किया। टीम में खिलाड़ी नाविका सिंह, सिया प्रकाश, शीरत वशिष्ट, अनिष्का है। सिया प्रकाश को ऑल अराउंड बेस्ट जिम्नास्ट घोषित किया गया। शिया ने बाल और क्लब्स इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। हूप ओर रिबन इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। शीरत का क्लब्स इवेंट में सिल्वर मेडल आया है। जूनियर रिदमिक में हूप ओर क्लब्स इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। आर्टिस्टिक पुरुष इवेंट में योगेश्वर सिंह को हिंदुस्तान का ऑल अराउंड बेस्ट जिम्नास्ट का खिताब दिया गया।

### फरीदाबाद के सभी वार्डों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज

**फरीदाबाद।** राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा के निर्देशानुसार नगर निगम, फरीदाबाद के सभी 46 वार्डो की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज, सोमवार 6 जनवरी 2025 को सभी प्रकाशन स्थलों पर विधिवत रूप से कर दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची का अवलोकन सभी प्रकाशन स्थलों जैसे आयुक्त नगर निगम कार्यालय, उपायुक्त कार्यालय तथा पुनरीक्षण प्राधिकारी के कार्यालय तथा जिला प्रशासन की वेबसाइट पर किया जाएगा।

# खेलो इंडिया में जिले के तीन आइस स्केटर्स का चयन

● 19 से 25 जनवरी तक लेह में आयोजित हो रहे हैं विंटर गेम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

लेह में 19 से 25 जनवरी 2025 तक आयोजित होने वाले विंटर गेम खेलो इंडिया के अन्तर्गत ओलम्पिक खेल आइस स्केटिंग की टीम में गुरुग्राम के तीन स्केटर्स का चयन किया गया है।

हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेश के महासचिव नरेश सेलपाड़ ने बताया कि हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान की अगुवाई में इस बार हरियाणा की टीम में हिसार के पांच व जींद के चार व गुरुग्राम के तीन आइस स्केटर्स हिस्सा रहे हैं। इसी प्रकार सोनीपत, फतेहाबाद व रोहतक के तीन-तीन, पानीपत, कुरुक्षेत्र, पंचकुला, अंबाला, पानीपत के दो-दो व फरीदाबाद के एक आइस स्केटर्स का चयन हुआ है। हरियाणा प्रदेश के महासचिव नरेश सेलपाड़ के अनुसार हरियाणा की टीम में देश की नामी आइस स्केटर्स स्तुति ढांढनिया के अलावा पूर्व नेशनल चैंपियन शिवम सिंह व उभरते खेल सितारे अभी उदय प्रताप सिंह का खेलो इंडिया के लिए चयन किया गया है। इसमें स्तुति ढांढनिया 1000 व 300 मीटर शॉर्ट ट्रैक व रिले रेस में हिस्सा लेगी, वहीं शिवम सिंह 1000 मीटर शॉर्ट ट्रैक व रिले रेस व अभी उदय प्रताप सिंह 500 मीटर शॉर्ट ट्रैक में हिस्सा लेंगे।

**ये रहेंगे हरियाणा के ऑफिशियलः** 18 से 25 जनवरी 2025 तक लेह में आयोजित हो रहे हैं विंटर गेम के लिए हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान, प्रदेश के महासचिव नरेश सेलपाड़, हिसार के कोच पावेल एवं जींद की कोच सोनिया सिंह को हरियाणा का ऑफिशियल बनाया गया है।

# खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया पुरस्कृत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल




नेहरू युवा केंद्र पलवल (माय भारत) के तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन टैगोर पब्लिक स्कूल में सम्पन्न हुआ। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर तथा चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी सगीर अहमद सहित 52 पाल के प्रधान अरुण जेलदार, निजी शिक्षण संस्थान एसोसिएशन प्रधान सतवीर पटेल, सरपंच विक्रम सिंह रावत, पार्षद लखविंद्र, कर्नल दयाराम मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करते हुए युवाओं का उत्साह वर्धन भी किया।

**प्रमुख खेल प्रतियोगिताएं और विजेताः** 400 मीटर दौड़ (बाल) वर्ग में लखन ने प्रथम, ललित ने द्वितीय, रवि ने तृतीय तथा बालिका वर्ग की 400 मीटर दौड़ में स्नेहा ने प्रथम, जीविका ने द्वितीय, आफरीन ने तृतीय और लंबी कूद (बाल) वर्ग में ललित ने प्रथम, अमित ने द्वितीय, पंकज ने तृतीय व लंबी कूद बालिका वर्ग में कनिका ने प्रथम, स्नेहा ने द्वितीय, सपना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार वॉलीबॉल में ग्रीन वुड कॉन्वेंट स्कूल की टीम ने प्रथम, टैगोर पब्लिक स्कूल बहीन की टीम ने द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं खो-खो में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय जनौली ने प्रथम, टैगोर पब्लिक स्कूल ने द्वितीय, आईटीआई पलवल की टीम ने तृतीय स्थान पाया। कार्यक्रम में मुख्य कोच नरेश रावत ने सभी कोच साथियों के साथ मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर पुरस्कार वितरण किया गया।

# हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रहे युवा: खेल मंत्री

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ तीन दिवसीय युवा महोत्सव

● राज्य मंत्री विपुल गोयल ने समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय तथा नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि 2047 का भारत युवाओं के कंधों पर चलने वाला विकसित भारत होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

विपुल गोयल रविवार को पलवल के गांव दूधौला स्थित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए शुभकामनाएं दीं। मंत्री ने कहा कि स्किल डवलेपमेंट विश्वविद्यालय देश का पहला विश्वविद्यालय था जो हरियाणा सरकार ने बनाया था। उन्होंने कहा कि हरियाणा को स्किल डवलेपमेंट में चैंपियन ऑफ चैंपियन सहित बहुत सारे अवार्ड मिले हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा को मेडल की खान कहा जाता है। जब विभिन्न खेलों में मेडल जीतने की बात आती है तो देश के बड़े-बड़े प्रदशों को पीछे छोड़ने का काम हरियाणा करता है, जिसका श्रेय वर्तमान हरियाणा सरकार की खेल नीति को जाता है। खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियां सहित देश में सबसे अधिक पारितोषिक हरियाणा सरकार द्वारा दिया जाता है। उन्होंने दूधौला के पूर्व सरपंच सुंदर सहित ग्रामवासियों का स्किल डवलेपमेंट यूनिवर्सिटी के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए आभार व्यक्त किया।

युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता, खेल एवं कानून और विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि युवा हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय राज्य युवा महोत्सव को भव्य व दिव्य स्वरूप बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे और भारत व हरियाणा प्रदेश के यूथ आइकॉन को इससे जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि खेलों की तरह हरियाणा के युवा विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्धा में भी नंबर वन होंगे। इस क्षेत्र के युवा देश की शान बनेंगे। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने सभी अतिथियों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर लैफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) जेएस नैन, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के महानिदेशक डा. विवेक अग्रवाल, अतिरिक्त निदेशक संजीव शर्मा, उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ, अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी भगत सिंह, आईटीआई के प्रधानाचार्य इंद्राज सिंह सहित कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के अन्य अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति व युवा मौजूद रहे।

### ये हैं राज्य युवा महोत्सव के विजेता



**फॉक सांग सोलो में रोहतक प्रथम, फतेहाबाद द्वितीय व सिरसा तृतीय स्थान पर रहा। फॉक सांग ग्रुप में फतेहाबाद प्रथम, सिरसा द्वितीय व यमुनानगर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। फॉक डांस सोलो में जींद प्रथम, रेवाड़ी द्वितीय व पानीपत तृतीय स्थान पर रहा। इसी प्रकार फॉक डांस ग्रुप में रेवाड़ी प्रथम, सिरसा द्वितीय व कैथल तृतीय स्थान पर रहा। डिक्लेमेशन में सोनीपत प्रथम, रेवाड़ी द्वितीय व फरीदाबाद तृतीय स्थान पर रहा। कहानी लेखन में पानीपत प्रथम, भिवानी द्वितीय व कुरूक्षेत्र तृतीय, पेंटिंग में करनाल प्रथम, अंबाला द्वितीय व कैथल तृतीय रहा। फोटोग्राफी में कैथल प्रथम, पानीपत द्वितीय व हिसार तृतीय, कविता लेखन में सोनीपत प्रथम, गुरूग्राम द्वितीय व रेवाड़ी तृतीय रहा। गैर प्रतिस्पर्धी (सोलो) में झज्जर प्रथम, रेवाड़ी द्वितीय व महेंद्रगढ़ तृतीय, गैर प्रतिस्पर्धी (ग्रुप) में रेवाड़ी प्रथम, पानीपत द्वितीय व रोहतक तृतीय स्थान पर रहा। नवाचार और विज्ञान की एकल प्रतिभागिता में गुरूग्राम प्रथम, पानीपत द्वितीय व पंचकूला तृतीय स्थान पर रहा तथा नवाचार और विज्ञान की समूह प्रतिभागिता में महेंद्रगढ़ प्रथम, रेवाड़ी द्वितीय व सोनीपत तीसरे स्थान पर रहा।**

# निकायों की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन आज

● प्रदेश में किसी भी समय हो सकता है निकाय चुनाव का ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा में निकाय चुनावों को लेकर सोमवार को मतदाता सूचियां फानइल हो जाएंगी। जिसके बाद प्रदेश में किसी भी समय निकाय चुनाव का ऐलान किया जा सकता है। राज्य में निकाय चुनाव दो चरणों में होगा।

रविवार को अवकाश के बावजूद निर्वाचन आयोग के अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्य में लगे रहे। जिसके चलते यह माना जा रहा है कि हरियाणा में अगले सप्ताह के दौरान निकाय चुनावों का ऐलान हो सकता है। प्रदेश में कुल 34 स्थानीय निकायों में चुनाव होने हैं। 24 निकायों में चुनाव पहले चरण में करवाए जाएंगे। राज्य चुनाव आयोग ने पांच नगर निगमों, तीन नगर परिषदों और 26 नगर पालिकाओं में मतदाता सूचियों को छह जनवरी तक फाइनल करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। प्रदेश में कुल 11 नगर निगम हैं, जिनमें फरीदाबाद नगर निगम का कार्यकाल फरवरी 2022, गुरुग्राम नगर निगम का कार्यकाल नवंबर 2022 में खत्म हो चुका है, जबकि करनाल, पानीपत, रोहतक, यमुनानगर और हिसार नगर निगम का कार्यकाल इस साल जनवरी में खत्म हो चुका है। मानेसर निगम गठित होने के बाद अभी तक चुनाव ही नहीं हुए। इसी तरह सोनीपत और अंबाला के मेयर विधानसभा के लिए निर्वाचित होने के कारण दोनों नगर निगमों में मेयर का पद खाली है। पहले चरण में अंबाला, फरीदाबाद, गुरुग्राम, मानेसर और सोनीपत नगर निगम के चुनाव कराए जाएंगे।

बीती 17 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक ड्राफ्ट जारी करने के बाद लोगों से मतदाता सूची में अपना नाम, पता, फोटो आदि संशोधन करवाने, नए वोट बनवाने तथा कटवाने के लिए 23 दिसंबर तक आवेदन मांगे गए थे। 27 दिसंबर तक दावे और आपत्तियों का निपटारा किया जा चुका है। मतदाताओं को जिला उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अंतिम दावे के लिए 31 दिसंबर तक का समय दिया गया था। प्रदेश से आई अंतिम आपत्तियों का भी तीन जनवरी को निपटारा कर दिया गया है।

# संविधान बचाओ रैलियां करेगी कांग्रेस

● प्रदेश अध्यक्ष ने जारी किया 26 जनवरी तक का कार्यक्रम

● अब अप्रैल में गुजरात में होगा एआईसीसी का अधिवेशन

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा में विपक्षी दल कांग्रेस ने प्रदेश भर में संविधान बचाओ रैलियां आयोजित करने का ऐलान किया है। यह रैलियां 26 जनवरी तक प्रदेश के सभी ब्लाक अथवा विधानसभा स्तर पर आयोजित की जाएंगी।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर यह कार्यक्रम जारी किया है। रविवार को जारी किए गए कार्यक्रम में उदयभान ने कहा कि 26 दिसंबर को कर्नाटक में हुई कांग्रेस कार्य समिति की बैठक के बाद 27 दिसंबर को एक रैली के साथ जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान की शुरूआत होनी थी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के कारण इसे रोक दिया गया। अब यह अभियान शुरू किया जा रहा है।

उदयभान ने प्रदेश कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों, विधायकों व सांसदों के नाम लिखे पत्र में कहा है कि प्रदेश भर में जिला व ब्लाक स्तर पर रैलियों का आयोजन किया जाए व मार्च निकाला जाए। जिसके माध्यम से संवैधानिक मूल्यों को सुरक्षित करने के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को मजबूत किया जाए। यह अभियान 26 जनवरी को मध्य प्रदेश के अंबेडकर नगर में रैली के साथ समाप्त किया जाएगा। इसके बाद अप्रैल माह के दौरान गुजरात में कांग्रेस अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा।

इस अभियान के तहत कांग्रेस के नेता मीडिया व सोशल मीडिया पर भी संविधान की रक्षा हेतु अभियान चलाएंगे।

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में विकास ग्रोवर पुत्र सुदेश ग्रोवर वासी कोर्ट रोड अम्बाला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 14 अगस्त 2024 को निखिल कुमार पुत्र राम सिंह वासी सत्यानगर शाहबाद ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह विदेश जाना चाहता था। इसके लिए उसने विकास ग्रोवर, दीपक ग्रोवर से मुलकात की । उहोने बताया कि वह विदेश भेजने का काम करते है। इनके पास कई देशों का वीजा है तथा वह और उसकी बहन विदेश से बच्चो को स्पोंसर वीजा पर विदेश भेजने का काम करते है । वह उसको एक नंबर में फिनलैंड भेज देंगे। इसके लिए उनके बीच 5 लाख रुपये में काम के साथ-साथ देने की बात हो गई। इसके बाद उहोने उसको 16 जनवरी को 5 लाख रुपये व कागजात दे दिए। कुछ समय बाद आरोपी ने उसकी टिकट अल्माटी जाने की दी और रास्ते के लिए 1500 डालर चेंज करने लिए बोला। वह दिए टिकट से अल्माटी चला गया।

# शिकायतों का समाधान करें अधिकारी: नागर

● खाद्य आपूर्ति मंत्री ने खुले दरबार में दिए अधिकारियों को निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने रविवार को अपने भतोला निवास पर आयोजित खुले दरबार में करीब दर्जन भर समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करते हुए जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आप लोग शिकायतों का समाधान अपने स्तर पर करें नहीं तो कार्यवाही होगी।

मंत्री ने लोगों से कहा कि वह पहले की तरह आपकी सेवा में जुटे हैं। खुले दरबार में सेक्टर 77 स्थित एक निजी बिल्डर द्वारा तैयार रिहायशी कॉलोनी के निवासियों ने मंत्री राजेश नागर से बिल्डर की शिकायत की कि उसने मोटी राशि वसूलने के बावजूद उन्हें आजतक क्लब हाउस बनाकर नहीं दिया, इसलिए उससे उनकी राशि ब्याज के साथ वापिस करवाई जाए। इसके साथ ही बिल्डर ने रखरखाव शुल्क को मनमाने ढंग से डेढ़ गुना कर दिया है जो उनके साथ धोखा है और उनके लिए देना मुमकिन नहीं है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



प्राचीन श्री शीतला माता मन्दिर के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय नवम् श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। महिलाओं ने अपने सिर पर कलश सजाकर नाचते-गाते हुए नगर परिक्रमा की है।

जय श्रीराम तथा श्री राधे-राधे के जय घोष से पूरा फरीदाबाद ओल्ड गुंजायमान हो गया। रविवार प्रात: 10 बजे कलश पूजन के बाद प्राचीन शीतला माता मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ जो शास्त्री कॉलोनी, लिंक रोड, तथा ओल्ड फरीदाबाद होते हुए कथा स्थल पहुंची। मधुर भजनों तथा आतिशबाजी ने कलश यात्रा की शोभा को और अधिक बढ़ा दिया था। भागवत परिवार के सदस्य भागवत कथा को नगर परिक्रमा के दौरान सिर पर रखकर साथ-साथ चल रहे थे। श्रद्धालु हरि कीर्तन करते हुए कलश यात्रा के पीछे-पीछे चल रहे थे।

## पीएम-विश्वकर्मा योजना से दस्तकारों के जीवन स्तर में होगा सुधार: डीसी

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सरकार ने श्रमिकों के लिए पीएम-विश्वकर्मा योजना शुरू की है। इस योजना में 18 हस्त व्यवसायों को शामिल किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि योजना का गांव स्तर पर पूरा प्रचार करें और लाभार्थी को मौके पर ही लाभ देने की कोशिश करे ताकि अधिकाधिक लोग इसका फायदा उठा सकें। उन्होंने बताया कि इस योजना में नाव बनाना, शस्त्रागार, लुहार, हथौड़ा व लोहे के औजार बनाना, ताला बनाना, सुनार, कुंभकार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी, सुथार, चटाई बनाना, गुडिया व खिलौने बनाना, बारबर, धोबी, दर्जी और मछली पकडने के जाल बनाने का काम शामिल है।

# चिकित्सा शिविर में हजारों लोगों ने उठाया लाभ

● समाजसेवी एवं उद्योगपति प्रमोद राणा की ओर से लगाया गया 11वां चिकित्सा शिविर



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

फरीदाबाद के वार्ड नंबर 43 में रविवार को समाजसेवी एवं उद्योगपति प्रमोद राणा की ओर से 11 वां चिकित्सा एवं सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व कैबिनेट मंत्री ,एवं बल्लभगढ. विधायक मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपर चंद शर्मा ने किया। इस शिविर में 400 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।

शिविर के उपरांत वार्ड नंबर 43 की भावी पार्षद पद की उम्मीदवार पारुल प्रमोद राणा की ओर से भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें इलाके के निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में क्षेत्रवासियों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिसमें मुफ्त चिकित्सा जांच, मुफ़्त दवाइयां, मुफ़्त आँखों के चश्मे शामिल थे। इसके अलावा, शिविर में कई प्रमुख हस्तियों ने हिस्सा लिया।

**PUBLIC NOTICE**

General Public At Large Is Informed **That My Client Smt. Munni Devi W/o Late Sh. Chander R/O. H.No.-253, Kh-57/24/25, 58/4/1 And 5, BLK-F2 Fozi Farm House Nangloi, New Delhi-110043** has disowned and debarred her second son namely Sh. Neeraj S/o late Sh. Chandan, from all of her moveable and immoveable properties/assests, and also severed all relations from him and his wife namely Smt. Shivani D/o Rajesh as both are not under the control of my client. My client and his family member are not responsible for any act whether legal or illegal committted by both Neeraj and his wife Shivani in past or future. Any consequences of any act done by either of them against each other shall be bear by themselves only and neither my client nor any of her family member will be responsible for same. any person who deals in any manner with Neeraj and his wife Shivani shall do the same at his own risks, costs and consequences and my above named cleint shall not responsible for the same in any manner whatsoever. I hereby also admit that all my moveable and immoveable properties/assests will be distributed between my elder son Raj kumar and my daughter karishma.

**Akhilesh Giri (Advocate) Ch.No.503, Lawyers Chambers, Dwarka Court Complex, Sector-10, Dwarka, New Delhi-110075, Mo: 8447272917**

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the public that my client, Sh. Veer Pal Son of Sh. Hari Kishan & Smt. Babita Wife of Sh. Veer Pal, Resident of R-636, Gali No. 4 A, Swatantra Nagar, Narela, Delhi 110040, has disowned and severed all relationships with his/her son, Rahul and daughter-in-law, Priya Alias Khushi. This decision has been made due to their involvement in anti-social behaviour, anti-family activities, and disrespectful conduct towards my client. From this point onward, Sh. Veer Pal & Smt. Babita disclaims any responsibility for their actions and completely disassociates himself/ herself from any movable and immovable assets held by them. Any transactions or dealings with the aforementioned individuals shall be undertaken at the sole risk, cost, and consequences of the parties involved.

**MUKESH GUPTA (Advocate) Delhi High Court, Off. At: Kh.No.42/2, 2nd Floor, Main Safiabad Road, Narela, Delhi - 110040, Mo:9599555863**

# भागवत कथा में कपिल मुनि का प्रसंग सुनाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पंजाब अगवाल समाज द्वारा सेक्टर-10 तेरापंथ भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत् कथा में कथा व्यास परम श्रद्धेय जगदगुरू रामानुजाचार्य परम पूज्य स्वामी डॉ. श्री राघवाचार्य जी महाराज (अयोध्या वाले) ने भक्तों को कपिल मुनि, मत्सय अवतार और अजामिल का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि मत्सय अवतार भगवान विष्णु के प्रथम अवतार है,मछली के रूप में अवतार लेकर भगवान विष्णु ने एक ऋषि को सब प्रकार के जीव जन्तु एतत्रित करने के लिए कहा और पृथ्वी जब जल में डूब रही थी तब मत्सय अवतार में भगवान ने उस ऋषि की नाव की रक्षा की। इसके उपरांत बह्मा जी ने पुन: जीवन का निर्माण किया। उन्होंनें बताया कि भगवान विष्णु के पांचवे अवतार की अराधना हम कपिल मुनि के रूप में करते है। यह अवतार विष्णु जी के 24 अवतारों में से प्रमुख है। बह्मा जी के मानस पुत्र कपिल मुनि सनातन धर्म के सरंक्षण के लिए धरती पर अवतरित हुए। उन्होंनें बताया कि अजामिल की कथा बताती है मुक्ति पाने का रहस्य, कि पाप करने के बावजूद मोक्ष मिल सकता है। कथा में मुख्य रूप से पधारे एनआईटी विधायक सतीश फागना ने परम श्रद्वेय

# अध्यात्म के बल पर परम वैभव तक पहुंच सकता है राष्ट्र: वीरेंद्र

● फरीदाबाद में वनवासी रक्षा परिवार का संस्कार परिवार मिलन समारोह संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

वनवासी रक्षा परिवार का संस्कार परिवार मिलन समारोह संपन्न हुआ। जिसमें पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर एवं विधायक मूलचंद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के सेवा कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

मुख्य वक्ता एवं वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के संगठन प्रभारी वीरेन्द्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि धर्म एवं आध्यात्म के बल पर राष्ट्र परम वैभव तक पहुँच सकता है। हमारी भारतीय संस्कृति विश्व कुटुंभ भाव वाली रही है। सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया: सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दु:खभाग्भवेत् वाली सोच के साथ हम सभी के भले के लिए कार्यरत रहते हैं। संस्कार परिवार स्नेह मिलन कार्यक्रम में बच्चों द्वारा देशभक्ति एवं भक्तिरस से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। राष्ट्रीय मंत्री एवं दक्षिणी संभाग प्रमुख श्रीराम अग्रवाल ने बताया कि बनवासी रक्षा परिवार वंचितों के जीवन में जागरूकता लाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से अवगत कराने में प्रयासरत है। मंच संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार शर्मा ने किया। जिल संयोजक सतीश ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

बनवासी रक्षा परिवार का संस्कार परिवार मिलन समारोह में भगवान दास वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार शर्मा, महिपाल आर्य, दिनेश बंसवाल, गौरी दत्त, रघुराज सिंह, कुशलपाल, आरती चौधरी, सुनीता शर्मा, रेनू आर्य, दीक्षा वसिष्ठ, सौरभ वसिष्ठ, शिखा वशिष्ठ सहित शिक्षाविद, समाजसेवी, उद्योगपति एवं अन्य प्रबुद्धजन नागरिक उपस्थित रहे।

# नप वार्ड आरक्षण सूची देख चुनाव की तैयारी कर रहे भावी प्रत्याशियों के उड़े होश

● कई विपक्षी खेमे के पार्षदों के वार्ड आरक्षित, अब चुनाव के लिए जीरो से करना पड़ेगा शुरू

● नगर परिषद के 32 में 16 वार्ड हुए आरक्षित

● 5 वार्ड अनुसूचित जाति के लिए, 3 पिछड़ा वर्ग (क) के लिए, वार्ड नंबर 14 पिछड़ा वर्ग (ख) महिला के लिए आरक्षित

सौरभ चौधरी। कुरुक्षेत्र

थानेसर नगर परिषद की प्रधानी अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित होने के झटके के बाद अब आरक्षित वार्ड की अधिसूचना ने बड़ा झटका दे दिया है। इस अधिसूचना के जारी होते ही कई वार्ड के आरक्षण में हुए फेरबदल ने कड़ाके की ठंड में भी वर्षों से तैयारी कर रहे भावी उम्मीदवारों के पसीने छुड़ा दिए हैं। सूची में कई ऐसे वार्ड अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की श्रेणी में आ गए हैं, जो पहले नप की प्रधानी और अब उपप्रधानी को लेकर दावा ठोक रहे थे। अब इस अधिसूचना में उनके वार्ड ही आरक्षित होने पर उनके चेहरे की हवाइयां उड़ी हुई हैं। यही नहीं कइयों के तो चुनाव में उतरने तक पर संशय होने लगा है। हालांकि दो दिनों से लोगों के वाट्सएप पर घूम रही एक संभावित सूची ने पहले ही उनकी आंखों से नींद गायब कर दी थी। अब वीरवार को इसको लेकर शहरी स्थानीय निकाय विभाग की अधिसूचना ही सामने आने पर उन्हें बड़ा झटका लगा है।

- अनुसूचित जाति (एससी) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षित वार्ड नंबर 3, 4, 16, 22, 27
- एससी महिला के लिए आरक्षित वार्ड नंबर 3, 16
- पिछड़ा वर्ग (क) से संबंधित सदस्यों के लिए वार्ड नंबर 1, 6 और 30
- पिछड़ा वर्ग (क) महिला के लिए वार्ड नंबर 6 और पिछड़ा वर्ग (ख) महिला के लिए वार्ड नंबर 1
- महिलाओं के लिए आरक्षित वार्ड नंबर 2, 11, 21, 24, 25, 26 व 28
- सामान्य वार्ड 5, 7, 8, 9, 10, 12, 13, 15, 17, 18, 19, 20, 23, 29, 31, 32

थानेसर नगर परिषद के 32 वार्ड हैं। इनमें से 16 वार्ड आरक्षित की श्रेणी में आ गए हैं। इन आरक्षित वार्डों में पांच वार्ड अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किए गए हैं, जबकि तीन वार्ड पिछड़ा वर्ग (क) के लिए और एक वार्ड पिछड़ा वर्ग (ख) महिला के लिए आरक्षित किया है। कुल वार्ड में 11 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं, जिनमें सात सामान्य वर्ग महिला के लिए आरक्षित किए गए हैं। इनसे अलग 16 वार्ड सामान्य के श्रेणी में हैं।

**कई विपक्षी पूर्व पार्षदों की उड़ी नींद:** नप का वार्ड नंबर तीन पूर्व पार्षद निंदी शर्मा का है। वह पिछले कई चुनावों में यहां से जीत दर्ज करवाते आ रहे हैं। इस बार प्रधानी पर भी दावा जता रहे थे। पहले प्रधानी आरक्षित हुई तो अब वार्ड ही आरक्षित की श्रेणी में आ गया है। अब उन्हें चुनाव लड़ने के लिए कोई अन्य वार्ड देखना पड़ेगा और जीरो शुरुआत करनी पड़ेगी। वार्ड नंबर 16 से सविता गर्ग पूर्व पार्षद है। उनके पति सतीश गर्ग चुनावों के लिए दिन-रात तैयारियों में जुटे थे। चुनावी हलचल के बीच वह पहले कांग्रेसी से आम आदमी पार्टी में गए। विधानसभा चुनावों के बाद उनकी सत्ताधारी पार्टी से भी नजदीकियां देखी गई। अब वार्ड आरक्षित होने से झटका लगा है।

**वार्ड नंबर 27 भी आरक्षित:** वार्ड नंबर 27 से संदीप टेका पूर्व पार्षद थे। वह विपक्षी पार्टी के दिग्गज नेता रहे हैं। वार्ड नंबर 26 से उनकी धर्मपत्नी नवनीत टेका पूर्व पार्षद रही है। इन चुनावों में उनका वार्ड भी आरक्षित हो गया है। इस सूची में वार्ड नंबर 21 भी महिला के लिए आरक्षित हो गया है। यहां से पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के बड़े भाई मुकंद लाल अरोड़ा पूर्व पार्षद हैं। अब यह वार्ड महिला के लिए आरक्षित हो गया है। इसी तरह वार्ड नंबर 30 पिछड़ा वर्ग (क) के लिए आरक्षित हो गया है। इस वार्ड में पूर्व पार्षद रेखा रानी हैं। उनका बेटा विश्वकांत भाजपा का युवा नेता है और इसी वार्ड से कई वर्षों से तैयारी कर रहा है।

## चंडीगढ़ मिनी सचिवालय भवन में आग लगी

**चंडीगढ़।** सेक्टर 17 स्थित मिनी सचिवालय भवन में रविवार को आग लग गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि दोपहर में इमारत की तीसरी मंजिल पर लगी आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। दमकल स्टेशन सचिवालय की सड़क के उस पार स्थित है, इसलिए दमकल गाड़ियां कुछ ही समय में मौके पर पहुंच गईं। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया, रविवार को छुट्टी होने के कारण तीसरी मंजिल पर स्थित दो कमरों में जब आग लगी, तब वहां कोई मौजूद नहीं था। इमारत परिसर में ड्यूटी पर तैनात गार्ड ने धुआं निकलता देखा और शोर मचाया। अधिकारी ने कहा, हमारे कुछ दमकलकर्मियों ने भी धुंआ निकलता देखा।

**सार्वजनिक सूचना**

कैस्ट्रो पुत्र श्री डिटटो राजकुमार डी (उम्र 33 वर्ष) निवासी 11 Middle Street, Udangudi, Thoothukkudi, Tamil Nadu 628203 , एवं सलोनी आदर्श पुत्री जगदीश चन्द्र आदर्श (उम्र 41 वर्ष) निवासी A- 24, A - Block, 1st Cross Street, LG Chowk , Gamma-1 Greater Noida Gautam Buddha Nagar UP-201310 के मध्य विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के अन्तर्गत विवाह के सम्बन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
उक्त के सम्बन्ध में आपको यदि कोई आपत्ति हो तो आप अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय (कक्ष सं०-119) में किसी भी कार्य दिवस में अपनी लिखित आपत्ति 15 दिन के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं।

**उपजिलाधिकारी सदर/ विशेष विवाह अधिकारी गौतमबुद्धनगर।**

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 6 जनवरी, 2025



# अमेरिका में हिंसा

## चिन्ताजनक स्थिति

**अमेरिका** में अक्सर होने वाली हिंसा की घटनायें चिन्ताजनक स्थिति प्रकट करती हैं। अमेरिका में नव वर्ष की शुरुआत अच्छी नहीं हुई। अमेरिका में हुई हमलों की अनेक घटनाओं ने सबको झकझोर दिया। न्यू ओरलिंस में एक ट्रक भीड़ पर चढ़ गया तथा लासवेगास में गोलीबारी हुई। जल्दी-जल्दी होने वाली इन घटनाओं ने हिंसा की चिन्ताजनक प्रवृत्ति प्रकट की है जिसके कारणों और संभावित प्रभावों के गहरे विश्लेषण की आवश्यकता है। न्यू ओरलिस में शमसूद दीन जब्बार ने एक ट्रक भीड़ पर दौड़ा दिया जिसमें 15 लोग मारे गए तथा 30 घायल हुए। इस ट्रक में आईएसआईएस का झंडा, हथियार तथा संभावित इम्प्रोवाइज्ड डिवाइसेज़-आईईडी बरामद हुईं। जब्बार पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया तथा एफबीआई इस घटना को आतंकी हमला मान रही है। इसके साथ ही बुधवार को देर रात न्यूयार्क के क्वींस में अमाजूरा नाइट क्लब में भीड़ पर गोलीबारी की एक घटना में कई लोग घायल हुए। इस बीच निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लासवेगास स्थित होटल के बाहर एक टेस्ला साइबरट्रक में विस्फोट से एक व्यक्ति मारा गया तथा सात अन्य घायल हो गए। इन हमलों के पीछे इरादे स्पष्ट नहीं हैं, पर शुरुआती जांच से वैचारिक प्रभाव स्पष्ट होते हैं। इन हमलों में कुछ समानतायें हैं। सभी घटनायें भारी भीड़ वाले हाई-प्रोफाइल स्थानों पर हुईं ताकि हताहतों की संख्या अधिकाधिक हो और इनको खूब मीडिया कवरेज मिले।

न्यू ओरलिंस तथा संभवत: लासवेगास में वैचारिक उद्देश्य केन्द्रीय भूमिका में लगते हैं क्योंकि जब्बार के आईएसआईएस से संबंध अंतरराष्ट्रीय



आतंकवाद के निरंतर खतरे की ओर इशारा करते हैं। वाहन, विस्फोटकों और बंदूकों के प्रयोग से हमलावरों की कार्यपद्धति का पता चलता है। ऐसी घटनाओं को रोकना लगातार जटिल होता जा रहा है। इन घटनाओं के पीछे प्रेरणा के कारण अनेक दिलचस्प आयाम पेश करते हैं। जब्बार के मामले से स्पष्ट होता है कि कैसे अमेरिकी नागरिकों समेत अनेक लोग अतिवादी प्रचार से चरमपंथी बनाए जा सकते हैं जिसमें आनलाइन नेटवर्क बहुत सहायता करते हैं। न्यूयार्क की घटना 'मुक्त बंदूक संस्कृति' और बंदूकों पर नियंत्रण लगाने के किसी कानून का विरोध करने का खतरा प्रकट करती है। लासवेगास की शुरुआती रिपोर्टों से मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों का वैचारिक झुकाव से संबंध स्पष्ट होता है जो हमलों को जन्म दे सकती हैं। यह प्रवृत्ति लगातार 'लोन वुल्फहमलावरों' के मामलों में दिखाई देती है। अतिवाद के बढ़ते खतरे के साथ बेलगाम भावनायें तथा आग्नेयास्त्रों तक आसान पहुंच निरपराध लोगों का जीवन छीन रही है। ऐसे हमले निगरानी बढ़ाने तथा खासकर आनलाइन प्लेटफार्मों और अतिवादी नेटवर्कों की निगरानी लगातार तेज करने की आवश्यकता उजागर करते हैं। बंदूकों पर नियंत्रण समय की आवश्यकता है। हालांकि, अमेरिका बंदूकों पर नियंत्रण के मामले में विभाजित है, पर इसे इस दिशा में कम से कम कुछ कदम जरूर उठाने चाहिए। हालिया हमलों से अमेरिका में एक विस्फोटक और विकसित होता खतरा स्पष्ट होता है। हालांकि, कानून-व्यवस्था एजेंसियों की त्वरित कार्रवाई से त्रासदी को काफी सीमा तक नियंत्रित किया जा सका, पर ऐसी हिंसा के मूलभूत कारणों पर विचार के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। इसके लिए उग्रवादीकरण पर लगाम लगाने के साथ ही समुदाय में वैचारिक विमर्श से समुचित दृष्टिकोण विकसित करना शामिल है। इससे समुदाय में अतिवादी विचारों के प्रति दृढ़ प्रतिरोध विकसित होगा। जब अतिवादी शक्तियां जनता में भय और विभाजन पैदा करने का प्रयास करें तो पूरे देश को सतर्क और एकजुट बने रहना जरूरी होता है। यह बात संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए भी सही है।

# वैश्विक प्रभुत्व में जलमार्गों का महत्व

विचारधाराओं और संसाधनों पर विमर्श के बावजूद इतिहास एक कटु यथार्थ उजागर करता है। विश्व व्यापार वाले जलमार्गों पर नियंत्रण रखने वाले का ही वैश्विक प्रभुत्व होता है।



**नीलांत इलांगमुवा**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)



**आपको** आश्चर्य होगा कि दुनिया में हुए बड़े-बड़े युद्ध अक्सर भूमि या संपदा के बजाय पानी और खासकर उन संकरे रणनीतिक जलमार्गों को लेकर होते रहे हैं जो विश्व वाणिज्य के प्रवाह पर नियंत्रण करते हैं। हमें यह विश्वास दिलाया गया है कि युद्धों का कारण विचारधारायें, धर्म या संसाधन होते हैं, पर यथार्थ में सबसे बड़े शक्ति संघर्ष हमेशा जलमार्गों पर नियंत्रण के लिए होते रहे हैं। 431-404 ईसापूर्व तक चले पेलोपोनेसियन युद्ध में एथेंस ने ऐगान समुद्र पर प्रभुत्व जमाया, जबकि 246-146 ईसापूर्व के प्यूनिक युद्धों में रोम और कार्थेज के बीच मिडटेरेनियन व्यापार मार्गों के लिए लड़ाई हुई। 8वीं से 11वी शताब्दी के वाइकिंग हमलों में यूरोप में फैली नदियों और समुदतटीय मार्गों को लेकर लड़ाई हुई। 1337-1453 तक चले हंड्रेड इयर वार्स इंग्लिश चैनल पर नियंत्रण के लिए हुए जो सैनिक व व्यापार पहुंच के लिए महत्वपूर्ण था। 1588 में स्पैनिश अर्मांडा ने इंग्लैंड पर चैनल के द्वारा हमला करने का प्रयास किया, पर वह विफल रहा। इससे इंग्लिश चैनल वाली नौशक्ति का विकास हुआ। 1652-1674 तक चले एंग्लो-डच युद्धों में वैश्विक व्यापार मार्गों पर नियंत्रण के लिए अंग्रेजों और डच में युद्ध हुए। 1839-1860 तक हुए अफीम युद्धों में ब्रिटेन ने चीनी व्यापार मार्गों पर नियंत्रण का प्रयास किया, जबकि 1853-1856 तक हुए क्रीमियन युद्ध में काला सागर और उसके प्रमुख क्षेत्रों पर कब्जे की लड़ाई थी। इस प्रकार इतिहास हमें एक ऐसे सत्य से साक्षात्कार कराता है जिसे इनकार नहीं किया जा सकता है कि जो भी जलमार्गों पर नियंत्रण करता है, दुनिया उसी की होती है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या जलमार्गों पर पैदा आज के तनाव साम्राज्यवादी इतिहास का नवीनतम अध्याय हैं जहां पश्चिम अपना प्रभुत्व बनाए रखने का प्रयास कर रहा है, भले ही इसके लिए चाहे जो कीमत अदा करनी पड़े? मिडटरेनियन व लाल सागर के बीच कृत्रिम रूप से बनाई गई स्वेज नहर इसका एक उदाहरण है। सतही तौर से देखने पर यह विश्व व्यापार की जीवनरेखा लगती है, पर गहराई से विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि यह पश्चिमी शोषण का केन्द्र है। अंग्रेजों द्वारा 1882 में 'अपने निवेशों की सुरक्षा' के बहाने इस पर नियंत्रण के बाद न केवल उनके समुद्री मार्ग छोटे हो गए, बल्कि उन्होंने दुनिया के जहाज मार्गों पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए यह सुनिश्चित किया कि वे विश्व वाणिज्य में प्रभुत्वशाली शक्ति बने रहेंगे। जब मिस्र के नेता नासिर ने यह पकड़ तोड़नी चाही तो उनकी कार्रवाइयों से स्वेज संकट पैदा हो गया। ब्रिटेन, फ्रांस और इज़राइल ने अपना नियंत्रण बनाए रखने के लिए सैनिक हस्तक्षेप किया। अमेरिकी विदेश सचिव जान फास्टर डलेस ने कहा था, 'अमेरिका कभी वाणिज्य के मुक्त प्रवाह में बल के प्रयोग से हस्तक्षेप को सहन नहीं करेगा।' इससे स्पष्ट है कि उपका तात्पर्य केवल वाणिज्य से नहीं था, बल्कि यह पश्चित द्वारा किसी भी कीमत पर अपना एकाधिकार स्थापित करने का प्रयास था। इसी प्रकार पनामा नहर पर दृष्टिकोण साम्राज्यवादी रणनीति का उदाहरण है। अमेरिका ने न केवल नहर 'बनाई', बल्कि उस पर 'कब्जा' भी कर लिया।

पनामा नहर का अस्तित्व इसलिए सामने आया क्योंकि अमेरिका ने 1903 में कोलम्बिया की संप्रभुता को तोड़ दिया। यह केवल इंजीनियरिंग का चमत्कार न होकर साम्राज्यवादी रणनीति थी। इस नहर के माध्यम से अमेरिका ने एटलांटिंक व प्रशांत पर बेलगाम नियंत्रण स्थापित कर आने वाली शताब्दियों में अपने सैनिक और आर्थिक प्रभुत्व की गारंटी सुनिश्चित कर दी। जब पनामा में असंतोष पैदा हुआ और सीआईए के एक समय मित्र मैनुअल नोरिगा ने स्थापित व्यवस्था को खतरा पैदा किया जो अमेरिका ने 'नशे के व्यापारियों से संघर्ष' के बहाने सैनिक शक्ति का प्रयोग किया। बहुत से लोगों के लिए यह आदर्श कृत्य था, पर आलोचक इसे दुनिया के एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण जलमार्ग पर नियंत्रण का क्रूर कदम मानते थे। तकनीकी रूप से इस नहर को 1999 में फिर से पनामा को सौंप दिया गया, पर यह मूल रूप से पश्चिमी नियंत्रण का महत्वपूर्ण औजार बनी रही। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हर्मुज़ की खाड़ी से दुनिया का एक चौथाई तेल व्यापार होता है। अंग्रेजों ने इसका महत्व पहले ही समझ लिया था और 19वीं शताब्दी के संरक्षणवादी समझौतों से अपना प्रभुत्व सुनिश्चित किया। 1980 के दशक में ईरान-ईराक युद्ध के समय तक हर्मुज विश्व तेल व्यापार का केन्द्र बनी रही और इसे बाधित करने के प्रयास की तीखी प्रतिक्रिया हुई। दोनों पक्षों ने इसे बंद करने का प्रयास किया क्योंकि हर्मुज पर नियंत्रण का अर्थ वैश्विक ऊर्जा पर नियंत्रण था। हालांकि, आज भी ईरान अपनी सैनिक ताकत दिखाने का प्रयास करता है, पर पश्चिमी शक्तियां इस जलमार्ग पर लगातार निगरानी करती हैं जैसे यह उनका जन्मसिद्ध अधिकार हो। इस प्रकार तेल का सहज प्रवाह सुनिश्चित किया जाता है। अब दुनिया एक नये युग में प्रवेश कर रही है और नार्दन सी रूट-एनएसआर शक्ति के नवीनतम केन्द्र के रूप में उभर रहा है। रूस के आर्कटिक तट तक फैला यह मार्ग स्वेज व पनामा नहर जैसे परंपरागत बिंदुओं को किनारे छोड़ने की क्षमता रखता है। इससे यह विश्व जहाजरानी के लिए नया मार्ग खोलता है। बर्फ पिघलने के कारण जलवायु परिवर्तन ने प्रभुत्व का नया मैदान खोल दिया है। जलवायु परिवर्तन समाधान की सभी अच्छी-अच्छी बातों के बावजूद पश्चिम एनएसआर के बारे में बहुत असहज है। शताब्दियों से पश्चिमी समुद्री शक्तियां विश्व व्यापार अपनी इच्छा से निर्देशित करती रही हैं, पर नए मार्ग के कारण उनका लंबे समय से स्थापित नियंत्रण खतरे में फंस सकता है। इसके साथ ही तुर्की की खाड़ी है, जहां नियंत्रण हमेशा धोखाधड़ी के रूप में आता रहा है। 1936 के मांट्रेक्स सम्मेलन से तुर्की का खाड़ी पर कब्जा रहा है, पर इस शर्त के साथ कि वह पश्चिम के हितों की पूर्ति करेगा। यह क्षेत्र तनाव का कारण बना हुआ है क्योंकि रूस-नाटो टकराव से इस संकरे जलमार्ग का महत्व स्पष्ट हो गया है।

इन सभी टकरावों से एक चीज स्पष्ट है कि पश्चिमी शक्तियां कभी नियंत्रण की अपनी इच्छा नहीं छोड़ेंगी। आज खाड़ी में चीन के बढ़ते प्रभाव से अमेरिका असहज है। वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव पर लगाम लगाना चाहता है। राजनीतिक शक्ति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के उभार ने स्पष्ट किया है कि जलमार्गों पर नियंत्रण की लड़ाई तेज हो सकती है। ग्रीनलैंड पर उनकी टिप्पणी तथा आवश्यकता होने पर पनामा नहर पर कब्जे की बात केवल मजाक नहीं हैं। आर्कटिक पर अमेरिकी प्रभुत्व की इच्छा हमेशा उसकी विदेश नीति का अंग रही है और यह स्थिति एक शताब्दी से अधिक समय से बनी हुई है। पनामा नहर के बारे में उनके बयान से भी यही बात स्पष्ट होती है। हम भले ही उनकी टिप्पणियों को दुनिया के यथार्थ से कटे एक व्यक्ति की बेलगाम लफ्फाजी कह कर खारिज कर दें, पर इतिहास को बेहतर ढंग से समझने वाले लोग जानते हैं कि साम्राज्य कैसे राजनीतिक बयानबाजी के माध्यम से सुनियोजित ढंग से काम करते रहे हैं। मुख्य बात यह है कि जलमार्गों पर नियंत्रण अब कोई छिपी बात नहीं है। इन पर नियंत्रण पहले की तुलना में और संघर्षपूर्ण हो गया है, चाहे यह पश्चिमी शक्तियों द्वारा हो अथवा साम्राज्यवादी व विस्तारवादी इच्छा रखने वाली दूसरी शक्तियों द्वारा।

# मंत्रों की रूपांतरणकारी शक्ति

> व्यक्ति गुरु से मंत्रों की विद्या प्राप्त करे। किताबों, इंटरनेट से पढ़ना या टेलीविजन, सोशल मीडिया पर सुनना और स्वयं अभ्यास शुरू करना हानिकारक प्रभाव डाल सकता है यदि जाप उचित नहीं है।

**अश्विनी गुरुजी**
(लेखक, आध्यात्मिक गुरु हैं)



**आपने गुरु** शुक्राचार्य द्वारा दी गई संजीवनी विद्या के बारे में सुना होगा, जो मृतकों को वापस जीवन में ला सकती थी, या संजीवनी बूटी नामक एक निश्चित जड़ी बूटी के बारे में सुना होगा, जिसने लक्ष्मण को वापस जीवन में लाया था। आपने ऋषि दधीचि के पास मौजूद मधु विद्या या ब्रह्मविद्या के बारे में भी सुना होगा जो अमरता प्राप्त करने में सक्षम थी, या ऋषि च्यवन को युवा बनाने के लिए अश्विनी कुमारों द्वारा तैयार किए गए च्यवनप्राश के बारे में भी सुना होगा। ये कहानियाँ या काल्पनिक रचनाएँ नहीं हैं, वैदिक ऋषि सृष्टि के स्वामी थे, मानव शरीर उसका एक सूक्ष्म हिस्सा है। इसका प्रमाण कि ये काल्पनिक नहीं थे, इस तथ्य में निहित है कि अधिकांश आधुनिक वैज्ञानिक खोजें वैदिक शास्त्रों से हुई हैं। आप यह जानने के लिए जा सकते हैं कि कौन सी वैज्ञानिक खोज किस शास्त्र से हुई है। जबकि अधिकांश प्राचीन वैदिक चिकित्सा विज्ञान कलियुग की धूल में खो गए हैं सनातन क्रिया में वर्णित दिव्य चिकित्सा मंत्र वैदिक ज्ञान के खजाने से एक ऐसा ही रत्न है। दिव्य चिकित्सा मंत्र आपके शरीर में वांछित प्रभाव और परिवर्तन लाने के लिए ध्वनि और कंपन का उपयोग करते हैं।

जब सही तरीके से किया जाता है तो उनके उपचार और परिवर्तनकारी प्रभाव सभी के लिए स्पष्ट होते हैं। 7 मंत्रों का एक संयोजन कुछ नाड़ियों (ऊर्जा चैनलों) को खोलने और विशिष्ट केंद्रों को जागृत करने का काम करता है, ताकि एक साधक के लिए दिव्य ऊर्जा की शक्ति को निर्देशित किया जा सके। ऐसा कहा जाता है कि एक देवता का शरीर मंत्र में निवास करता है। यह व्यावहारिक रूप से प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अनुभव किया गया है जिसने ध्यान आश्रम में एक यज्ञ में भाग



लिया है जहां यज्ञ अग्नि में प्रकट विशिष्ट मंत्रों के माध्यम से देवताओं के पूर्ण रूपों का आह्वान किया गया था। मंत्र को फल देने के लिए, इसे प्राचीन गुरु शिष्य परम्परा के अनुरूप एक गुरु से प्राप्त करना होगा जो मंत्र में सिद्ध हो। वैदिक मंत्र की प्रभावशीलता उसके जाप की शुद्धता पर निर्भर करती है; एक भी अक्षर का गलत उच्चारण पूरे अर्थ को बदल देता है। तैत्तिरीय संहिता में इस संबंध में त्वष्टा की कथा वर्णित है। त्वष्टा ने इंद्र को नष्ट करने के लिए यज्ञ किया। उसने अपने विचार प्रकट करने के लिए इंद्रशत्रु मंत्र का प्रयोग किया।

हालाँकि, उसने शत्रु के बजाय इंद्र शब्द पर एक बड़ा नोट रखा, जिसके कारण शब्द का अर्थ इंद्र का वध करने वाला से बदलकर इंद्र द्वारा मारा जाने वाला हो गया और इस तरह उससे पैदा हुआ पुत्र वृत्र, सिर्फ उच्चारण दोष के कारण इंद्र से हार गया। पाणिनि शिक्षा के हवाले से, सही स्वर (स्वर) और व्यंजन (वर्ण) से रहित मंत्र दोषपूर्ण है और इसका इच्छित अर्थ नहीं बताता है। यह एक मौखिक वज्र की तरह है जो जप करने वाले को नुकसान पहुंचाता है, जैसा कि शब्द के गलत उच्चारण के मामले में हुआ था, इंद्रशत्रु)। वैदिक ऋषियों ने मंत्रों के रूप में ध्वनि के इस अविश्वसनीय विज्ञान में महारत हासिल की थी, वे ध्वनि की शक्ति का दोहन करने के लिए आवश्यक उच्च स्तर की विशिष्टता और सटीकता से अच्छी तरह वाकिफ थे। शिक्षा, छह वेंदांगों में से एक, शब्दों के उचित उच्चारण और व्यंजना के नियमों के विज्ञान से संबंधित है। पाणिनि, याज्ञवल्क्य और वशिष्ठ द्वारा शिक्षा पर कई खंड लिखे गए हैं। शतपथ ब्राह्मण में कहा गया है कि एक शब्द के प्रत्येक अक्षर में किसी प्रकार की शक्ति होती है और हर अक्षर का रहस्य समझाया गया है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि व्यक्ति गुरु से मंत्रों की विद्या प्राप्त करे। किताबों/इंटरनेट से पढ़ना या टेलीविजन/सोशल मीडिया पर सुनना और स्वयं अभ्यास शुरू करना हानिकारक प्रभाव डाल सकता है यदि जाप उचित नहीं है।

## आप की बात

### गुरु गोविंद सिंह जी का संदेश

**श्री गुरु गोविंद सिंह** जी सर्वस्वदानी, संत सिपाही, अमृत के दाता थे। उनका जीवन संघर्ष, कुर्बानी, तपस्या और मानवता की सेवा की जीती जागती मिसाल है। इसी कारण उन्हें संत और सिपाही दोनों ही उपमाएं एक साथ दी जाती हैं। उन्होंने समाज में ऊंच नीच को समाप्त करने और समुचित मानवता की सेवा का संदेश दिया। पटना बिहार में 1666 में श्री गुरु गोविंद सिंह जी का जन्म हुआ। उनका बचपन पटना में गंगा के किनारे बीता। एक बार जब गंगा के किनारे गए तो हाथ का सोने का कड़ा उतार नदी में फेंक दिया और माता जी से भी कह दिया कि कड़ा गंगा में फेंक दिया। माता ने जब पूछा कि चल बता कहां फेंका तो माताजी के साथ जाकर दूसरा सोने का कड़ा भी उसी जगह फेंक दिया और कहा कि वहां फेंका था। इस घटना से गुरु गोविंद सिंह जी ने दुनिया को बाल अवस्था में ही बता दिया कि मैं दुनिया को देने आया हूं, दुनिया से कुछ लेने नहीं। श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने दुनिया को संदेश दिया कि धर्म कुछ इस तरह हो कि कोई भी आए लेकिन आपकी जपने वाली माला ना छीन सके। हर धर्म,हर मजहब को आजादी होनी चाहिए अपने धर्म को मानने की। अपनी इबादत की, पूजा की। हर धर्म, हर मजहब अपने रीति रिवाज के साथ आजादी से जी सके इसके लिए जुल्म के खिलाफ चाहे हथियार उठाने भी पड़े तो तैयार रहना चाहिए।

–**सरदार मंजीत सिंह**

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

**प्रधानमंत्री** फसल बीमा योजना का विस्तार सरकार की किसानों के प्रति संवेदनशीलता और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दृढ़ता को दर्शाता है। प्राकृतिक आपदाओं से फसल नुकसान की भरपाई के लिए 3850 करोड़ रुपये की स्वीकृति किसानों को आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता प्रदान करेगी। डीएपी पर सब्सिडी जैसे कदम उत्पादन लागत कम कर, किसानों के लाभ को बढ़ाएंगे। यह पहल न केवल कृषि क्षेत्र को मजबूती देगी, बल्कि किसानों के आत्मविश्वास और जीवन स्तर को भी नई ऊंचाई पर ले जाएगी। यह निर्णय भारतीय कृषि के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक सकारात्मक कदम है। उल्लेखनीय है कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और देश के विकास में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान है। देश की बहुत बड़ी जनसंख्या कृषि कार्यों में लिप्त है। इसलिए केंद्र और राज्यों की सरकारों को अन्नदाताओं के हित में सभी आवश्यक कदम उठाने चाहिए। यदि किसान की हालत ठीक नहीं रहेगी तो देश के बड़ी जनसंख्या आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त नहीं हो सकेगी। वैसे भी खेती-किसानी भगवान भरोसे अधिक रहती है क्योंकि मौसम का किसानों पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है। किसान कभी बाढ़, कभी सूखा से जूझता ही रहता है लेकिन वह कभी रुकता नहीं है।

–**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**, बड़वानी (म.प्र.)

### पुनः परीक्षा की मांग

**बिहार लोक** सेवा आयोग द्वारा 13 दिसंबर 2024 को विभिन्न पदों के लिए परीक्षा करवाई गई जिसके उपरांत यह पाया गया कि पटना के कुमरार स्थित बापू परीक्षा परिसर मे धांधली के बाद बीएससी के आयोग द्वारा कुमरार स्थित बापू परीक्षा परिसर का परीक्षा रद्द कर दिया गया जबकि पूरे बिहार का परीक्षा यथासंभव रहने दिया गया। इसी को लेकर पिछले कई दिनों से छात्र पटना के गर्दनीबाग में धरना स्थल पर बैठे हुए हैं। उनका कहना है कि परीक्षा पुनः करवाई जाए परीक्षा में धांधली हुई है, प्रश्न पत्र वायरल हुआ है, बिहार लोक सेवा आयोग पैटर्न के अनुसार जो पिछले कई सालों से परीक्षा करवाई जा रही थी, उसके अनुसार इस बार परीक्षा नहीं हुआ। इसी को लेकर छात्रों में आक्रोश, आयोग के प्रति नाराजगी, तनाव एवं उग्र रूप है। इसी आंदोलन के बीच बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा सिर्फ बापू परीक्षा परिसर का एग्जाम रद्द कर विभिन्न 22 केंद्रो पर कराया गया। जबकि छात्रों की मांग है कि परीक्षा पूरे बिहार में पुनः आयोजित हो क्योंकि उनका विश्वास है कि ऐसे होने से हमारे साथ समानता नहीं होगी और हमें उचित हक ना मिलेगा। इसी को लेकर पूरे बिहार में विभिन्न जगह एवं पटना के गर्दनीबाग छात्रों का एक बड़ा हुजूम धरना दे रहे हैं। कुछ छात्र अनशन पर हैं। इसको लेकर पुलिस द्वारा छात्र - छात्राएं पर लाठी चार्ज भी किया गया। जिसमें कई छात्र - छात्राएं जख्मी हैं।

–**तारामुनि देवी**, लालगंज

### इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा

**रतलाम के** लक्ष्मणपुर पीएनटी कॉलोनी में हुई आग लगने की घटना ने इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठाए हैं। घटना में एक 11 साल की बच्ची की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। घटना के अनुसार, चार्जिंग के लिए रखी गई ई स्कूटर में आग लग गई, जिससे पास में खड़ी एक्टिवा भी चपेट में आ गई। घटना के कारणों की जांच में पता चला है कि ई स्कूटर में ऑटो कट ऑफ सिस्टम फेल हुआ था, जिससे आग लगने की घटना हुई। यह घटना इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठाती है। इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा के लिए कई मानकों का पालन करना आवश्यक है, लेकिन यह घटना दर्शाती है कि इन मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। स्कूटर में ऑटो कट ऑफ सिस्टम फेल होने की घटना यह दर्शाती है कि ई स्कूटर में कई सुरक्षा खामियां हैं। इस घटना से यह सीखने को मिलता है कि इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा के लिए कई मानकों का पालन करना आवश्यक है। इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों में ऑटो कट ऑफ सिस्टम का प्रयोग करना आवश्यक है।

–**मधु सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# बड़ी आबादी के बावजूद भी यूपी में कहीं अव्यवस्था नहीः योगी

● मुख्यमंत्री ने जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2025 के तहत ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश के युवाओं से किया संवाद



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए देश पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। इसके लिए अनेक कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने 15 नवंबर की तिथि को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (जनजातीय दिवस) के रूप में घोषित की। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष होने के कारण यह वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2025 के तहत रविवार को अपने सरकारी आवास पर ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश के युवाओं से संवाद किया। इस दौरान युवाओं ने अपनी बातें रखीं और अपने राज्य की सांस्कृतिक झलक भी प्रस्तुत की। सीएम ने विपरीत मौसम में भी उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आए युवाओं का स्वागत किया। सीएम ने युवाओं को यूपी से परिचित कराते हुए बताया कि यूपी देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य है। यहां 25 करोड़ की आबादी निवास करती है। 75 जनपद, 18 मंडल, 350 से अधिक तहसीलें, 825 से अधिक विकास खंड, 17 नगर निगम, 200 से अधिक नगर पालिका परिषद और 400 से अधिक नगर पंचायतें हैं। यह प्रकृति व परमात्मा की विशेष भूमि है। मां गंगा, यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुम्भ होने जा रहा है। इसमें 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। यूपी में काशी विश्वनाथ धाम, भगवान राम, भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि, लीला भूमि वृंदावन, मां विंध्यवासिनी धाम भी है। उत्तर प्रदेश वैदिक कालखंड से लेकर अब तक की सभ्यता-संस्कृति और देश की आजादी की अनेक घटनाओं की भूमि है।

सीएम योगी ने कहा कि आपको उत्तर प्रदेश को नजदीक से देखने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उत्तर प्रदेश विकास के मानक में अग्रणी राज्य बनकर उभर रहा है। यूपी ने खुद को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया। विकास व सुशासन की पहली शर्त सुरक्षा व कानून व्यवस्था है। उग्रवाद, आतंकवाद, उपद्रव, दंगे-फसाद हैं तो विकास, रोजगार सृजन, सुशासन, निवेश नहीं हो सकता। सीएम ने बच्चों को मंत्र दिया कि हम कानून का पालन करें, कानून हमें संरक्षण देगा। संविधान कानून के प्रति श्रद्धा का यही भाव पैदा करता है। हम सभी संविधान शिल्पी के रूप में डॉ. आंबेडकर को स्मरण करते हैं। सीएम ने कहा कि यूपी का संबंध इन राज्यों से बहुत नजदीक से है। छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। चित्रकूट में भगवान राम ने वनवास का सर्वाधिक समय यहीं व्यतीत किया। यह उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश का जंक्शन है। मां जानकी जनकपुर से हैं। यह बिहार व नेपाल के बीच में पड़ता है। झारखंड बाबा धाम के लिए जाना जाता है। ओडिशा जगन्नाथ भगवान का पावन धाम है। अपनी परंपरा, संस्कृति के प्रति गौरव की अनुभूति, श्रद्धा-सम्मान व देश के प्रति निष्ठा का भाव आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करता है।

सीएम ने कहा कि एक तरफ भारत बड़ी ताकत बन रहा है तो दूसरी तरफ देश के सामने चुनौती भी है। अगले तीन वर्ष के अंदर भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। इससे हर व्यक्ति की आय में वृद्धि, रोजगार का सृजन, विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश होगा, जिससे युवाओं को जुड़ने का अवसर मिलेगा। सीएम ने कहा कि अपनी परंपरा, लोकगाथा को शानदार तरीके से यहां प्रस्तुत किया गया। हमें संस्कृति को जीवित रखना होगा। इनकी नींव पर ही विकास के नए प्रतिमान को स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ना होगा, इसके लिए केंद्र व राज्य सरकारें अपने यहां संग्रहालय बना रही हैं। सीएम ने कहा कि स्वतंत्र भारत में पहली बार राष्ट्रपति पद पर जनजातीय महिला भारत के गौरव को नई ऊंचाई तक पहुंचाने में योगदान दे रही हैं।

सीएम ने युवाओं से कहा कि देश-समाज व संस्कृति के प्रति आपके मन में उत्कंठा देखकर अच्छा लगा। जीवन में आगे बढ़ने और भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक ही मंत्र होना चाहिए कि मेरा अपना कुछ भी नहीं, देश सुरक्षित है तो हम सब सुरक्षित हैं। उपासना विधि का अंतर हो सकता है, लेकिन राष्ट्रधर्म सर्वोपरि है। इससे कोई समझौता नहीं हो सकता। जनजातीय समुदाय प्राचीन काल (भगवान राम) के समय से ही देश व धर्म के लिए मजबूती के साथ जुटने वाले योद्धा के रूप में जाना जाता है।

सीएम ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण में यह वर्णन बताता है कि ऋषि-मुनियों की साधना स्थली व दिव्य ज्ञान की भूमि दंडकारण्य जनजातीय संस्कृति व सभ्यता से भरा है। झारखंड, ओडिशा से लेकर सुदूर महाराष्ट्र तक विस्तृत भूभाग है, जहां की जनजातीय संस्कृति ने ज्ञान-विज्ञान की धरोहर को संजोकर विपरीत परिस्थितियों में संरक्षण किया। जब भी राष्ट्र व धर्म के सामने चुनौती आई तो उसका मुकाबला करने के लिए खुद को तैयार किया। सीएम ने कहा कि वनवास काल के दौरान भगवान राम के सामने जब चुनौती आई तो इन्हीं लोगों ने धर्म की स्थापना और देश के लिए भगवान राम की सेना का हिस्सा बनाकर समुद्र में भी सौ योजन के सेतु का निर्माण कर असंभव को भी संभव कर दिया, जिससे भगवान राम की सेना इस पार से उस पार पहुंच जाए। यह ताकत जनजातीय समुदाय में है। यही साधना और उसकी सिद्धि है। उसी संस्कार से जुड़ने के लिए भगवान राम की भूमि पर आप सभी का आगमन हुआ है। सीएम ने कहा कि यूपी के अंदर प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां की विकास यात्रा को नजदीक से जानने का अवसर मिल रहा है। 25 करोड़ की आबादी के बावजूद कहीं अव्यवस्था नहीं है। महाकुम्भ में सभी कार्य ऑटो मोड पर चल रहा है। लोग स्वत:स्फूर्त भाव से जुड़ रहे हैं। सीएम ने अधिकारियों को इन युवाओं को लखनऊ के अनेक स्थलों पर घुमाने का निर्देश दिया। बोले-चौड़ी-स्वच्छ सड़कें, मेट्रो, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, मॉल आदि का अवलोकन कराएं। युवाओं से कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में विकास को देखें। स्वच्छता पर ध्यान दें, कहीं गंदगी न होने दें। प्रकृति के जितने नजदीक रहेंगे, उतने ही स्वस्थ रहेंगे। स्वच्छ भारत मिशन पीएम मोदी की देन है। टेक्नोलॉजी का उपयोग कैसे होना है, यह मोदी जी के प्रयासों का परिणाम है। इस दौरान प्रमुख सचिव (गृह एवं सूचना) संजय प्रसाद, केंद्रीय गृह मंत्रालय से निष्ठा तिवारी, नेहरू युवा केंद्र के राज्य निदेशक महेंद्र सिंह सिसौदिया आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रभक्त व रामभक्त थे कल्याण सिंहः मुख्यमंत्री



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल्याण सिंह भारत मां के महान सपूत, राष्ट्रभक्त व रामभक्त थे। 1932 में अलीगढ़ के एक छोटे से गांव में आज ही के दिन सामान्य किसान परिवार में उनका जन्म हुआ था। बाल्यकाल से ही देश की आजादी की लड़ाई को देखने, स्वतंत्रता के बोध व भावी भारत के निर्माण में हमारी क्या भूमिका होगी, इन संस्कारों से ओतप्रोत बालक कल्याण सिंह ने उस समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सामान्य शाखा से लेकर आगे के कार्यक्रमों के माध्यम से खुद को राष्ट्रभक्ति के सांचे में ढाला था। किसान, शिक्षक, 1977 में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री, विधायक, सांसद, दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री व दो राज्यों के राज्यपाल के रूप में उनकी कार्यकुशलता, कर्मठता व प्रशासनिक क्षमता की दक्षता को हर किसी ने स्वीकार किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल 'पद्म विभूषण' कल्याण सिंह की जयंती पर 2, मॉल एवेन्यू में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पांजलि की। सीएम ने कहा कि उनकी स्मृतियों की जीवंतता बनाए रखने के लिए प्रदेश सरकार ने लखनऊ में अत्याधुनिक कैंसर इंस्टीट्यूट और बुलंदशहर के मेडिकल कॉलेज का नामकरण भी श्रद्धेय कल्याण सिंह जी के नाम पर रखा है। सीएम ने कहा कि सत्ता के लिए लोग सिद्धांतों की तिलांजलि दे देते हैं। कुछ प्राप्त करने के लिए मूल्यों के साथ समझौता करते हैं, लेकिन कल्याण सिंह जैसे व्यक्तित्व ने मूल्यों व सिद्धांतों के साथ कभी समझौता नहीं किया। रामजन्मभूमि आंदोलन और उसके बाद भी प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देने, प्रशासनिक दक्षता को परिपूर्ण करने के लिए उनके द्वारा 1990 के दशक के प्रारंभ व उत्तरार्ध में जो प्रयास प्रारंभ किए गए थे, वह नए उत्तर प्रदेश का दर्शन कराते हैं।

सीएम ने कहा कि देश 1947 में आजाद हुआ, लेकिन उत्तर प्रदेश के लोगों को पहली बार इसका अहसास तब हुआ, जब मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करके कल्याण सिंह जी ने शासन व्यवस्था को आगे बढ़ाया। उस समय भी उन्हें अस्थिर करने के लिए झुंड के झुंड अव्यवस्था फैलाने पर उतारू थे। उसकी परवाह किए बिना उन्होंने श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए सरकार की तिलांजलि दी। उनकी दूरदर्शिता थी, जो सपना उन्होंने देखा, वह साकार हो गया। आज अयोध्या में रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण कार्य पूरा हो गया तो उनकी आत्मा को भी असीम शांति प्राप्त हुई होगी। सीएम ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के जिस एकात्म मानववाद को उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पाठशाला में सीखा था, उसे धरातल पर भी उतारा। अन्नदाता किसानों के लिए घोषित योजनाएं हों, नकल विहीन परीक्षा के माध्यम से उप्र के युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल करने के उनके द्वारा चलाया गया अभियान भी अनुकरणीय है। सीएम ने कहा कि 21 अगस्त 2021 को वे भौतिक काया से हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनका मार्गदर्शन शासन-प्रशासन के लिए आज भी पाथेय बना है। उप्र में जब भी शुचिता की बात होती है, हर प्रदेशवासी श्रद्धा-सम्मान के साथ कल्याण सिंह का नाम लेता है। उनके द्वारा प्रारंभ किए गए अभियान मजबूती के साथ सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करके आमजन के जीवन में परिवर्तन करते दिखाई देते हैं।

# अब 15 जनवरी तक करा सकेंगे फसल बीमाः सूर्य प्रताप शाही

● केवल डेढ़ प्रतिशत प्रीमियम देकर किया जाता है रबी सीजन के लिए फसल बीमा योजना में पंजीकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**रबी** सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा की अवधि को 31 दिसंबर 2024 से बढ़ाकर 15 जनवरी 2025 किए जाने पर कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया है। उन्होंने इस विस्तारित अवधि में किसानों से इस योजना में पंजीकृत होने की अपील की है, जिससे उन्हें बीमा योजना का भरपूर लाभ मिल सके। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रदेश सरकार के आग्रह पर केंद्र सरकार ने रबी सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अवधि को 15 जनवरी तक बढ़ा दिया है। उन्होंने प्रदेश भर के किसानों से अपील की है कि वे गेहूं, दलहन तिलहन सहित अपनी सभी रबी फसलों के लिए बीमा योजना का लाभ उठाएं। किसान केवल डेढ़ प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान करके इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

उन्होंने बताया कि पूर्व निर्धारित अवधि 31 दिसंबर 2024 तक प्रदेश के कई किसानों द्वारा फसल बीमा योजना में पंजीकरण नहीं कराया जा सका था। जिस पर किसानों के हित में प्रदेश सरकार की ओर से केंद्र सरकार से बीमा योजना में पंजीकरण की अवधि विस्तारित करने का आग्रह किया गया। केंद्र सरकार द्वारा 15 जनवरी 2025 तक इस योजना को विस्तारित कर दिया गया है। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार को प्रदेश के किसानों की ओर से आभार व्यक्त किया।

# रामलला का 11 जनवरी को ग्यारह बजे अभिषेक करेंगे मुख्यमंत्री

● प्रतिष्ठा द्वादशी के प्रथम दिन रामलला को समर्पित भजन किया जाएगा लॉन्च

**लखनऊ/अयोध्या।** भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के एक वर्ष पूरे होने पर अयोध्या में 11 से 13 जनवरी तक प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन होगा। 11 जनवरी को पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 बजे गर्भगृह में श्रीरामलला का अभिषेक करेंगे। उसके बाद अंगद टीला पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन कर श्रद्धालुओं को संबोधित भी करेंगे। उसी दिन रामलला को एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सोनू निगम, शंकर महादेवन व मालिनी अवस्थी समेत कई मशहूर कलाकारों के द्वारा गाया गया भजन भी रिलीज किया जाएगा।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के अधिष्ठाता मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जी के जन्मस्थान अयोध्या याम में नवनिर्मित मन्दिर की स्थापना के एक वर्ष पौष शुक्ल पक्ष, द्वादशी, विक्रम सम्वत, 2001 तद्‌ ?नुसार 11 जनवरी को सम्पन्न हो रहा है। इस दौरान 13 जनवरी तक उत्सव मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 जनवरी को रामलला का अभिषेक करेंगे। उन्होंने बताया कि महोत्सव के मद्देनजर नगर के प्रमुख चौराहों लता चौक, जन्मभूमि पथ, श्रृंगार हाट, राम की पैड़ी, सुग्रीव किला, छोटी देवकाली समेत अन्य स्थलों पर कीर्तन भी होगा। इसमें युवा कलाकार वाद्य यंत्रों से नगरी को मंत्रमुग्ध कर देंगे। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि इस अवसर पर तीन दिवसीय श्रीराम राग-सेवा का कार्यक्रम मन्दिर परिसर में गर्भगृह के निकट मण्डप में सम्पन्न होगा। इसमें प्रभु श्रीराम की भक्ति के प्रति विनीत भाव से संगीत, नृत्य और वादन के द्वारा उन्हें सेवा प्रदान करने का उपक्रम होगा। अनुष्ठान के परिकल्पनाकार और समन्वयक अयोध्या के कलाविद् यतीन्द्र मिश्र हैं। इस कार्य में उनका सहयोग संगीत नाटक अकादमी कर रहा है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि सभी संतों को बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या से बड़ी संख्या में लोग महाकुंभ में गए हैं। उन्होंने आग्रह किया कि तीन दिन के कार्यक्रम में एक दिन लोग अयोध्या पहुंच कार्यक्रम में शामिल हों।

## कार्यक्रम के तीन दिन

**पहला दिन:**11 जनवरी को लता मंगेशकर की बहन व प्रख्यात गायिका ऊषा मंगेशकर और मयूरेश पई भगवान के सम्मुख भजन से राग-सेवा का आरम्भ करेंगी। इसके बाद साहित्य नाहर सितार व सन्तोष नाहर वॉयलिन की जुगलबन्दी से भक्ति का कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। पहले दिन का समापन डॉ. आनन्दा शंकर जयन्त द्वारा भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति से होगा।

**दूसरा दिन:** 12 जनवरी को महोत्सव की शुरुआत राग सेवा प्रसिद्ध लोकगायिका शैलेश श्रीवास्तव के बधावा, सोहर गायन से होगी। इसके बाद प्रख्यात शास्त्रीय गायिका कलापिनी कोमकली श्रीराम भजन व निर्गुण गायन से राग-सेवा प्रस्तुत करेंगी। कार्यक्रम का समापन विश्वविख्यात बांसुरी वादक राकेश चौरसिया के बांसुरी वादन से होगी।

**तीसरा दिन:** 13 जनवरी को राग-सेवा का आरम्भ आरती अंकलिकर के शास्त्रीय गायन से होगा, जिसके बाद प्रख्यात कथक नृत्यांगना शोभना नारायण की कथक प्रस्तुति होगी। अन्त में दक्षिण के गायक श्रीकृष्ण मोहन एवं श्रीराम मोहन त्रिचूर ब्रदर्स के शास्त्रीय गायन व श्रीराम भजन से कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

## समाजवादियों के आदर्श बाबर या जिन्ना नही :दीपक मिश्र

**लखनऊ।** समाजवादी चिंतक और बौद्धिक सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्र ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान की निंदा करते हुए कहा कि समाजवादी हर आदर्श भारतीय की तरह समाजवादियों के आदर्श राम विमर्श के पुरोधा तुलसी मित्र रहीम, कृष्ण के परम भक्त रसखान और भारतीय राष्ट्रवाद के नायक अशफाक उल्ला खान हैं, बाबर या जिन्ना नहीं । समाजवादियों द्वारा अशफाक की जयंती मनाते हुए एक तस्वीर जारी कर दीपक ने कहा कि मुख्यमंत्री समाजवादियों द्वारा बाबर या जिन्ना की जयंती मनाते हुए कोई तस्वीर जारी करें। योगी सरकार की नीतियां न केवल समाजवाद अपितु रामराज्य के दर्शन के प्रतिकूल हैं, यही कारण है कि प्रदेश में विषमता और कर्ज बढ़ता चला जा रहा है। दीपक ने बताया कि उप्र में प्रति व्यक्ति कर्ज 31हजार 147 रुपए के खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए मुख्यमंत्री अनवरत सांप्रदायिक बयान दे रहे हैं।

## सपा प्रतिनिधि मण्डल 8 को जाएगा मिर्जापुर

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश के निर्देशानुसार सपा का प्रतिनिधि मण्डल 8 जनवरी को जनपद मिर्जापुर जायेगा। मिर्जापुर के हरना की गली, थाना कटरा, निवासी श्री सुरेश चन्द्र ओझा के पुत्र श्री प्रियांशु ओझा की हत्या कर दी गयी है। जानकारी तथा शोकाकुल परिवार से मिलने हेतु प्रतिनिधिमण्डल हरना की गली, जनपद मिर्जापुर पहुंचेगा। प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यगण है। प्रभु नारायण यादव विधायक, सकलडीहा चन्दौली, आशुतोष सिन्हा एमएलसी, रमेश चन्द्र बिन्द पूर्व सांसद, कैलाश नाथ चौरसिया पूर्व मंत्री, देवी प्रसाद चौधरी जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी मिर्जापुर, रोहित शुक्ला 'लल्लू' पूर्व प्रत्याशी एवं सत्य प्रकाश यादव विधान सभा अध्यक्ष सदर मिर्जापुर।

# भाजपा नकारात्मक राजनीति करती हैः अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है। दूसरे दलों और नेताओं को बदनाम करती है। बदनाम करने के लिए भाजपा सौ गुना खर्च करती है। वह षडयंत्रकारी पार्टी है। उसकी प्रवृत्ति तानाशाही है, लेकिन इतिहास गवाह है हर तानाशाह को अपमानित होकर ही जाना पड़ता है। भाजपा सरकार को नकारात्मक राजनीति नहीं करनी चाहिए। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान विरोधी काम करती है। सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। बजट की लूट कर रही है। भाजपा हर तरह के भ्रष्टाचार में शामिल है। चुनावों में पुलिस-प्रशासन को अपने पक्ष में अनुचित इस्तेमाल करती है।

अखिलेश यादव ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं होता है। पार्टी के कार्यकर्ता और नेता ईमानदारी से कार्य करें। मेहनत करे। इंडिया गठबंधन को मजबूत करते हुए सफल करना है। पीडीए की रणनीति से इंडिया गठबंधन को ताकत मिलेगी। पीडीए की ताकत से भाजपा बौखलायी है। नई-नई साजिशें कर रही है। पीडीए की एकता और मजबूती को देखकर भाजपा डर गयी है। वह समाज में नफरत फैलाने में जुट गयी है। पीडीए जितना मजबूत होगा, भाजपा उतना ही साम्प्रदायिक षड्यंत्र करेगी।

भाजपा पीडीए की एकता को कमजोर करना चाहती है। वह जातीय जनगणना नहीं होने देना चाहती है। जातीय जनगणना होने से वंचित वर्गों को सामाजिक न्याय मिलेगा। सभी को अपनी आबादी के अनुपात में अधिकार मिलेगा। सबके साथ सामाजिक न्याय होगा। इसलिए जातीय जनगणना सौ फीसदी होनी चाहिए। 2027 में उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार आ रही है। पीडीए की सरकार बनेगी। सरकार बनते ही जातीय जनगणना होगी। सभी को न्याय और सम्मान मिलेगा।

यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान, लोकतंत्र बचाने और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रही है। समाजवादी पार्टी परिवर्तन की राजनीति करती है। समाजवादी पार्टी लोगों के जीवन में बदलाव लाकर खुशहाली लाना चाहती है। समाजवादी पार्टी सत्ता को आम जनता की ताकत बनाना चाहती है। आखिरी व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए काम कर रही है।

## नेपाल में लोकशाही की स्थापना में समाजवादियों का बड़ा हाथः उपेन्द्र

● सपा मुखिया से जनता समाजवादी पार्टी नेपाल के अध्यक्ष ने की भेंट



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से रविवार को पार्टी मुख्यालय में नेपाल देश के तीन बार रहे उपप्रधानमंत्री, सांसद और जनता समाजवादी पार्टी नेपाल के अध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने भेंट की और दोनों देशों के बीच सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक तथा वैचारिक मसलों पर चर्चा की। उपेन्द्र यादव ने बताया कि नेपाल में राजशाही को हटाकर लोकशाही की स्थापना में समाजवादियों का बड़ा हाथ रहा है। भारत में नेपाल के आंदोलनकारियों को प्रश्रय मिला। आज नेपाल के लोगों को समान नागरिकता का अधिकार मिला हुआ है। यद्यपि वहां नेपाल कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी की मिलीजुली सरकार सश्रा में है तथापि समाजवादी भी वहां कम प्रभावी नहीं है। उपेन्द्र यादव ने याद दिलाया कि सन् 1942 में भारत छोड़ों आंदोलन के समय नेपाल में ऊषा मेहता के साथ डॉ. राम मनोहर लोहिया ने आजाद रेडियों स्थापित किया था। जयप्रकाश नारायण और डॉ. राममनोहर लोहिया को हनुमान नगर जेल तोड़कर आजाद कराया गया था। अच्युत पटवर्धन और मीनू मसानी के अतिरिक्त नेताजी भी नेपाल गए थे। नेपाल में भी समाजवादियों का अच्छा प्रभाव है।

# दायित्व परिवर्तन संगठनात्मक व्यवस्था हैः बीएल संतोष

● जिलाध्यक्ष नामांकन प्रक्रिया 7 से 10 जनवरी के बीच संपन्न होगी

●भाजपा की संगठन चुनाव प्रदेश कार्यशाला आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी संगठन पर्व-2024 के तहत आयोजित संगठन चुनाव प्रदेश कार्यशाला रविवार को राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष एवं राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े की उपस्थिति में संपन्न हुई। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश चुनाव अधिकारी डा. महेन्द्र नाथ पाण्डेय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापतिराम त्रिपाठी, स्वतंत्र देव सिंह तथा प्रदेश सह चुनाव पर्यवेक्षक संजय भाटिया व संजीव चौरसिया उपस्थित रहे। चरणबद्ध बैठको में क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, जिला चुनाव अधिकारी, जिला प्रभारी तथा जिलाध्यक्ष सम्मिलित रहे।

राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने संगठनात्मक चुनाव के अगले चरण की कार्ययोजना साझा करते हुए कहा कि विचारधारा, संस्कार और संगठनात्मक पद्धति ही लम्बे समय तक संगठन को जीवन्त रखते है। उन्होंने कहा कि भाजपा मेरा संगठन है इस विचार से जिलो में जाकर वर्तमान से अच्छा संगठन तैयार करने की समझ के साथ रायसुमारी करें। गुणात्मकता के साथ हमारे संगठनात्मक चुनाव के चार चरण पूर्ण हो चुके है। हम अगले चरण के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दायित्व परिवर्तन संगठनात्मक व्यवस्था है और इसके अनुरूप ही समय-समय पर प्रत्येक कार्यकर्ता के दायित्वों में परिवर्तन होता है।



राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने कहा कि भारत में सिर्फ भाजपा ही एक मात्र राजनैतिक दल है जो संगठन की संरचना भी संगठनात्मक लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप करता है। यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी में बूथ का कार्यकर्ता भी अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर किसी भी शीर्ष पद पर पहुंच सकता है। संगठन पर्व के तहत पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं ने अपने परिश्रम से सदस्यता अभियान में कीर्तिमान स्थापित किया है। अब संगठन बूथ समितियों के गठन, मंडल अध्यक्षों के निर्वाचन के साथ जिलाध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया की ओर बढ़ा है। आगामी समय में पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता जिलाध्यक्षों के रूप में निर्वाचित होगें और संगठन के अबतक के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए पार्टी के अभियानों, कार्यक्रमों और विचारधारा को गति प्रदान करेगें।

प्रदेश चुनाव अधिकारी डा. महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने संगठनात्मक चुनाव का वृत्त पटल पर रखते हुए कहा कि पार्टी के कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बड़ी संख्या में पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित वर्ग तथा महिला कार्यकर्ताओं का मंडल अध्यक्ष के रूप में निर्वाचन हुआ है। शीघ्र ही बचे हुए जिलों में भी मंडल अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण होगी। आगामी 07 जनवरी से 10 जनवरी के बीच जिलाध्यक्ष नामांकन की प्रक्रिया प्रदेश में संपन्न होगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा ने अनुच्छेद 370 की समाप्ति, श्रीराम जन्मभूमि भव्य मंदिर निर्माण, सहित अपने सभी संकल्पो को पूर्ण किया है। यही कारण है कि देश में भाजपा तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति देश के जनमानस का विश्वास अटल है। उन्होंने कहा कि भाजपा तथा भाजपा नेतृत्व के साथ ही भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता की छवि भी समाज में राष्ट्रवाद के अग्रदूत के साथ ही संस्कारी तथा सेवाभावी व्यक्ति के रूप में होती है। यही भाजपा के निष्ठावान, अन्त्योदय विचारधारा के संवाहक तथा लोकसेवा में समर्पित कार्यकर्ता विभिन्न दायित्वों पर पहुंचकर संगठन का नेतृत्व करते है। संगठनात्मक चुनाव से 2027 विधानसभा चुनाव के लिए नेतृत्व चयन का कार्य पूर्ण होगा। केन्द्रीय नेतृत्व के दिशा निर्देश में संगठन चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। जो आम सहमति से योग्य कार्यकर्ताओं को नेतृत्व सौंपने का कार्य कर रही है।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि संगठनात्मक लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करते हुए आम सहमति के आधार पर जिलाध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण करना है। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष की आयु 60 वर्ष से अधिक ना हो यह ध्यान में रखना है। सभी जिला चुनाव अधिकारी अपने जिलो में चुनाव की तिथि तथा स्थान पूर्व में घोषित करेंगे। उन्होंने कहा कि वैचारिक पृष्ठभूमि के साथ ही दो बार सक्रिय सदस्य रहे भाजपा के दायित्वधारी कार्यकर्ता भाजपा जिलाध्यक्ष के नामांकन के लिए अर्ह होगें। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही संविधान गौरव अभियान के तहत पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर संपर्क करेंगे। पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिकों के साथ संविधान गौरव अभियान में सम्मिलित होगें।

## नववर्ष मिलन समारोह आयोजित



**फतेहपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित मीडिया जनसंपर्क केंद्र में नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष नागेंद्र प्रताप सिंह ने पत्रकार पुरोधा गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल, आचार्य कुलम के संस्थापक अध्यक्ष विनोद शुक्ला, सदर कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय, चौकी इंचार्ज राजेश सिंह, विवेक श्रीवास्तव, प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक मिश्रा, प्रेस क्लब ऑफ यूपी के अध्यक्ष मो. शमशाद, बब्लू मौर्य, रामबाबू चतुर्वेदी, जतिन द्विवेदी, मो शाहिद, धीरेन्द्र श्रीवास्तव, दीपू मौर्य, रमेश यादव, पंकज मौर्य, जगन्नाथ, अरूण कुमार, सुनील मौर्य, शिवबरन सहित अन्य पत्रकारों ने संयुक्त रूप से केक काटकर कार्यक्रम को गति दिया। आचार्यकुलम के संस्थापक अध्यक्ष विनोद शुक्ला, जिलाध्यक्ष पुजारी संघ प्रदीप तिवारी, राजेंद्र त्रिपाठी, भोला मिश्रा, पंकज त्रिवेदी, बच्चा तिवारी, प्रदीप बाजपेई, अमित शुक्ला सहित उनकी टीम के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ रोली चंदन से टीका लगाकर फूलों की वर्षा की और यह संदेश दिया कि आपसी एकता में बहुत ताकत है। इस दौरान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें फतेहपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष नागेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हम सब इसी प्रकार एकता के साथ मिलकर रहे। नववर्ष पर यही हम सबको संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विवेक श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में प्रमोद श्रीवास्तव, महेश सिंह, हरीश शुक्ला, शरद शुक्ला, जयकेश पांडेय, नितेश श्रीवास्तव, रईसउद्दीन, राजेश भदौरिया, मनीष पाल, डॉ. इलियास, इसरार अहमद, देवेंद्र पटेल, आशीष दीक्षित, मेराजुद्दीन, नफीस जाफरी, अनिल बाजपेई, रविंद्र सिंह, जगपाल, रवि कश्यप, कुलदीप जैन, पवन पटेल, विनय मिश्रा, मलय पांडेय, पं. निर्मल यादव शुभम मिश्रा, धीरेन्द्र राणा, अखिलेश यादव, सुनील गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, मनभावन अवस्थी, परमानंद पांडेय, प्रवीण सिंह, चमन शीबू, नीरज पटेल, गुफरान नकवी, विक्टर रॉबर्ट, सचिन अवस्थी, सोनू सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

## संस्थापक की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को बांटे कंबल



फतेहपुर। श्रीकृष्ण आदर्श विद्या मंदिर खंभापुर के संस्थापक सदस्य स्मृति शेष रामगोपाल यादव की 10 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। संस्था के प्रबंधक सीताराम यादव एवं उपाध्यक्ष डॉ वकील अहमद ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद चिन्हित खंभापुर वार्ड की दिव्यांग, वृद्धा, विधवा महिलाओं को लगभग 20 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। सभी महिलाएं इस कपकपाती ठंड में कंबल पाकर खुशी से मुस्कुराने लगी। कार्यक्रम का संचालन चैतन्य कुमार ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह, समाजसेविका कृष्णा बृजरानी, हस्मतुन निशा, ज्ञानेश्वरी, मंगलेश, सारिका देवी आदि उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री ने गरीबों को बांटे कम्बल

### खिचड़ी भोज का किया आयोजन, विशाल समारोह में पूर्व सांसद भी रहे मौजूद



**कानपुर देहात।** रविवार को रनिया कस्बा स्थित भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण में उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री व सदर विधायक प्रतिभा शुक्ला एवं पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ने विशाल कंबल वितरण समारोह का आयोजन कर करीब 10 हजार जरूरतमन्दों को कंबल वितरित किया। साथ ही खिचड़ी भोज का आयोजन कर अपने हाथों से खिचड़ी वितरण की। कंबल लेने के लिए अकबरपुर रनिया विधानसभा के कई गांवों के काफी संख्या में बुजुर्ग पहुंचे थे। ठंड में कंबल मिलते ही जरूरतमंदों के चेहरे खिल गए। मंत्री प्रतिभा शुक्ला व पूर्व सांसद वारसी ने नया साल बुजुर्गों को कंबल वितरण कर मनाया। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि सर्दी के मौसम में कोई भी गरीब या असहाय शीतलहर से परेशान न हो। यही कारण है कि कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया हैए ताकि लोगों को राहत मिल सके। गरीब एविधवा ए विकलांगों एवं असहाय लोगों को कंबल देकर जो सुख की अनुभूति हो रही है एउसके हम शब्दों में नहीं बता सकते है। पूर्व सांसद वारसी ने कहा कि उनका उद्देश्य सभी जरूरतमंदों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करना है। ठंड से बचाने के लिए 10 हजार जरूरतमंदों को कंबल वितरण किए गए। कंबल वितरण के साथ ही बुजुर्गों को खिचड़ी खिला कर उनको ससम्मान विदा किया गया है। इस मौके पर ऋषभ शुक्ला एबाउवा पाण्डेय एमहेश तिवारी एअंशु त्रिपाठी एसंजय पांडे एधर्मेंद्र कुशवाहाए बीनू मिश्राए अरुण त्रिपाठीए नितिन कुशवाहा एशिवा पाण्डेयए भारत यादवए रामजी दुबे एगुड्डू बाजपेई एसंजय द्विवेदी एउमा द्विवेदी एसोनू मिश्राए बउवन द्विवेदी एसर्वेश गौतम एधर्मेंद्र मिश्राए अनूप कश्यपए आकाश मिश्राएनीलू शुक्लाए सत्यम सक्सेनाए राजकिशोरए शिवकेश एरामसिंह यादव एशिवम एअमित तिवारी एरजत ए राजकिशोरए हरिप्रकाशए संजय सिंह एअंकित परमारए करन भदौरिया तुषार मिश्रा एकामिनी द्विवेदी एसिमा द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## ज़िला पत्रकार संघ ने तांबेश्वर मन्दिर में आयोजित किया भंडारा



फतेहपुर। नूतन वर्ष 2024 के अवसर पर ज़िला पत्रकार संघ/एसो. द्वारा सिद्धपीठ तांबेश्वर मन्दिर के बाहर विस्तारित भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया ने सर्वप्रथम भोले बाबा को पूड़ी-सब्जी एवं बूंदी का भोग लगाया और फिर प्रसाद वितरण शुरू हुआ। इस अवसर पर आए हुए लोगों ने भोले बाबा के दर्शन भी किए। श्री भदौरिया ने बताया कि नए वर्ष पर संगठन द्वारा प्रत्येक वर्ष कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, इसी कड़ी में कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निर्णय के तहत इस वर्ष भोले बाबा के दरबार में भंडारे का आयोजन किया गया है। प्रात: ग्यारह बजे के क़रीब शुरू हुआ प्रसाद वितरण शाम तक चलता रहा। प्रमुख रुप से फतेहपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष नागेन्द्र प्रताप सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, महेश सिंह, आशीष दीक्षित, जयकेश पाण्डेय, अमन तिवारी, अवनीश सिंह चौहान, राजेश सिंह भदौरिया, हरीश शुक्ला, नितेश श्रीवास्तव, मनीष पाल, अखिलेश यादव, धीरेन्द्र बाजपेई, आशीष सिंह चंदेल, ओम प्रकाश सिंह, रोहित गुप्ता, संदीप शुक्ला, जावेद अहमद, रवी सिंह, यश द्विवेदी, रमेश सिंह यादव, शिव कुमार, महेंद्र गुप्ता, सुजान सिंह, नरेंद्र श्रीवास्तव आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## 15 जनवरी को पूर्व सैनिक मनायेंगे 77वाँ सेना दिवस



फतेहपुर। भूतपूर्व सैनिक उत्थान की मासिक बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र शुक्ला मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सैनिक संगठन सैनिकों के अतिरिक्त समाज के दबे कुचले लोगों के लिए भी कार्य करेगा। अध्यक्षता कर रहे संगठन के ज़िला अध्यक्ष विद्या भूषण तिवारी ने बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी 77वाँ सेना दिवस धूम धाम से मनाया जाएगा। बताया कि 15 जनवरी 1949 को भारतीय सेना के प्रथम सेना अध्यक्ष के. एम. करिअप्पा ने अंतिम ब्रिटिश कमांडर इन चीफ़ जनरल फ्रांसिस इन बूचर से पदभार ग्रहण किया था तभी से 15 जनवरी को सभी शहीदों को सम्मान देने के लिए सेना दिवस मनाया जाता है। सर्व प्रथम तीनों सेना के सेना अध्यक्ष तथा प्रधानमंत्री ने इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र चढ़ा कर सम्मान देते हैं। इसी क्रम में फतेहपुर जनपद में भी उनकी याद में अमर जवान ज्योति प्रज्जवलित करके पुष्प चक्र चढ़ाया जायेगा।

## नई किरण में 26 मामले आये

**कनपुर देहात।** स्थानीय पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई । नई किरण में 26 मामले आयेए जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 02 परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया। पति.पत्नी खुशी.खुशी साथ रहने को तैयार हो गयेए शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गयी । प्रोजेक्ट नई किरण के तहत बिखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस कार्यक्रम में म0नि0 श्रीमती सीमा सिंह ;प्रभारी महिला प्रकोष्ठद्धए महिला थानाध्यक्ष श्रीमती सुषमाए म0का0 190 प्रियंका गुप्ताए म0का0 785 स्फूर्तिए म0का0 1282 आरती व म0का0 111 ज्योती शिखा ;महिला सहायता प्रकोष्ठद्ध तथा नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्यगण श्रीमती कंचन मिश्राए डॉ0 पूनम गुप्ता आदि मौजूद रहे तथा सबका विशेष सहयोग रहा।

## वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

कानपुर देहात पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मेंए दिनांक 22ण्12ण्2024 को वादी द्वारा दी गई लिखित तहरीर के आधार पर थाना भोगनीपुर पर मु0अ0सं0 376ध्2024 धारा 137;2द्धध्87ध्61;2द्धध्65;1द्ध बीएनएस व 3ध्4;2द्ध पोक्सो एक्ट बनाम 06 नफर नामजद अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये आज दिनांक 05ण्01ण्2025 को मुखबिर खास की सूचना पर वांछित अभियुक्त अनिरुद्ध उर्फ गोलू पुत्र रामदीन निवासी सिमरा शेखपुर थाना सिरसा कलार जनपद जालौन उम्र लगभग 21 वर्ष को समय करीब 11ण्05 बजे किसान सेवा आश्रम पुखरायाँ के पास थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया गया।

## कल्याण सिंह की जयॅती पर श्रद्धॉजलि अर्पित की



कनपुर देहात। पद्म.विभूषणए प्रखर राष्ट्रवादी चिंतकए हिन्दू हृदय सम्राटए श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी नायकए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय कल्याण सिंह श्बाबूश् जी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा में उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। श्याम बिहारी शुक्ला ; पूर्व जिला उपाध्यक्ष द्धए डॉक्टर शैलेंद्र पांडेए श्री बालकिशन पांडेए मानसिंह यादवए आशुतोष मिश्राए राम जी शुक्लाए नारायण गुप्ताए नवनीत गुप्ताए मुन्नन द्विवेदीए अरुण पांडेए वीरू गुप्ताए अंशुल बाजपेई सभासदए सौरभ यादव मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चाए अभिषेक शुक्ला आदि कार्यकर्ता जन मौजूद रहे । दस मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि श्रद्धेय बाबूजी जी के अद्भुत विचारए जनसेवा और संगठन के प्रति उनका समर्पण हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

## महान सिद्ध संत थे स्वामी रोटीराम और सिसोलर वाले महाराजः स्वामी प्रेमानंद महाराज



सुमेरपुर । वृंदावन के चर्चित संत स्वामी प्रेमानंद जी द्वारा अपने प्रवचन में उत्तर भारत के दो महान संतों गायत्री तपोभूमि सुमेरपुर में साधनारत रहे स्वामी रोटीराम जी और सिसोलर वाले महाराज की दिव्यता और सिद्धता की चर्चा कर उनके करोड़ों भक्तो को गौरवान्वित किया है वीडियो के माध्यम से दोनों संतो की सिद्धता और महानता का वर्णन सुनकर सुमेरपुर क्षेत्र के भक्त विशेष हर्ष का अनुभव कर रहे है।स्वामी प्रेमानंद जी ने प्रवचन में कहा कि स्वामी रोटीराम सिद्ध संत थे सीधे दृष्टि डालते ही वहीं बोलते थे जो सामने वाले के आचरण में होता था लोग उनके सामने जाने से डरते थे वे रात 9 बजे झोपडी के अंदर बनी गुफा में समाधिस्थ हो जाते थे और सुबह 9 बजे बाहर आते थे। ब्रह्मलीन होने के पहले उन्होंने वहां मौजूद भक्तों से कहा था हम जा रहे हैं उनके जीवन और शिक्षाओं ने जनपद के अनेक भक्तों को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सिसोलर वाले महाराज स्वामी रोटीराम जी के गुरु भाई और जीवन मुक्त संत थे जब उन्हें स्वामी रोटीराम जी के ब्रह्मलीन होने का समाचार मिला तो वे इतने व्यथित हुए कि 20 वर्षों तक एक ही स्थिति में साधनारत रहे। उनकी दिव्यता का यह आलम था कि सुबह उनकी पादुकाएं गंगा जल से गीली और उनके शरीर पर रेणुका लगी मिलती थी। उन्होंने बताया कि उन्हें भी यह सुनकर आश्चर्य हुआ था तो सिसोलर पैदल चल कर गए थे और दर्शन लाभ प्राप्त किया था यह दृश्य भक्तों के लिए उनके ईश्वर से जुड़े होने का स्पष्ट प्रमाण था।

# पुण्यतिथि पर नगर पालिका सभागार में याद किए गए पं.सियाराम मिश्र



**गोला गोकर्णनाथ खीरी** ।नगर के प्रसिद्ध साहित्यकार रहे श्रद्धेय पं0 सियाराम मिश्र को उनकी पुण्यतिथि पर नगर पालिका परिषद में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा सभागार में श्रद्धेय पं0 सियाराम मिश्र के जीवनवृत्त पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा नेता धर्मेन्द्र गिरि मोंटी ने कहाएपं0 सियाराम मिश्र दूरदर्शी एसादगी पसंद साहित्यकार थे। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने पं0 सियाराम मिश्र का जीवन संघर्ष पूर्ण रहा है। उनके साहित्य को देश विदेश में सम्मान मिला। के के शुक्ला एरामकुमार गुप्ताए अवधेश मिश्राए प्रमोद दीक्षित ने शब्दान्जलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन मधुकर सैदाई ने किया।इस अवसर पर शशिकांत मिश्रए बृजेश कुमार तिवारीए राजन मिश्राए अनिल कुमार टण्डन पूर्व सभासदए सुरेश चन्द्र शुक्लाएसभासद रियाजुद्दीन एधर्मेन्द्र बाल्मीकिए धर्मेन्द्र तिवारीए रज्जन खान ए साहिद अंसारी एआशीष अवस्थीए वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तवए पूर्व सभासद पियूष मिश्राए सुनील मिश्रा शिवम गुप्ताए रेखा मिश्राए गीता विश्वकर्माए प्रदीप खतौलियाए विमलेश वर्माए धीरज बाजपेयीए विजय मिश्राए रविन्द्र कटियारए शत्रोहन मिश्रा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे!

## आदित्य कुमार उत्तर प्रदेश की टीम में चयनित



गोला गोकर्णनाथ खीरी।आदित्य कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी मो0 मुन्नुगंज गोला का चयन सीनियर नेशनल सेपक टाकरा टूर्नामेंट उत्तर प्रदेश की टीम में हुआ है। जो कि तेलांगना राज्य में दस जनवरी से चौदह जनवरी तक आयोजित होगा। उत्तर प्रदेश की टीम से सेपक टाकरा में आदित्य कुमार के चयन होने की खुशी में गोला विधायक अमन गिरि ने आदित्य कुमार को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया और टूर्नामेंट में जीतने की अग्रिम बधाई दी। इस अवसर पर सेपक टाकरा एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार ने बताया कि इससे पहले गोला निवासी आदित्य कुमार ने 2021 में सीनियर नेशनल सेपक टाकरा पंजाब में तथा 2023 में नागपुर सीनियर नेशनल सेपक टाकरा चैंपियनशिप में एवं 2023 में ही गोवा में आयोजित नेशनल सेपक टाकरा खेल में प्रतिभाग किया था। जिसके लिये आदित्य कुमार को उत्तर प्रदेश सरकार तथा उत्तर प्रदेश खेल विभाग के द्वारा नागपुर में ब्रांज मेडल जीतने पर 50 हजार रुपये की नकद धनराशि पुरस्कार के रूप में दिया गया था। सम्मान समारोह के इस अवसर पर रिटायर्ड सूबेदार मेजर राजेश्वर सिंहए धर्मेंद्र गिरी मोंटी सेपक टाकरा एसोसिएशन जनपद लखीमपुर खीरी की जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमारए टोनी साहनीए राजन साहनीए धर्मेंद्र सिंह रिंकूए भोली गिरीए आशीष बाजपेई आदि ने भी आदित्य कुमार को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# ज्वैलरी की दुकान से चोरों ने लाखों के जेवरात पर किया हाथ साफ

### शटर और चैनल काट प्रतिष्ठिान में हुए दाखिल

**संडीला**;हरदोईद्ध। एक सर्राफ़ की दुकान का चैनल और शटर तोड़कर शातिर चोरों ने दुकान में प्रवेश कर सोने और चांदी के ज़ेवर जिनकी कीमत लाखों रुपए हैए पर हाथ साफ़ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कछौना कस्बा के मोहल्ला पूर्वी बाज़ार निवासी रामशंकर गुप्ता की स्टेशन रोड पर विशाल ज्वैलर्स और विशाल वस्त्रालय नामक दो दुकाने हैं। रामशंकर गुप्ता के अनुसार वो और उनके पुत्र विशाल दोनों शनिवार की शाम अपनी दुकानें बंद करके घर चले गए। रविवार की सुबह जब दोनों लोग अपनी दुकानें खोलने के लिए आए तो दुकान के बाहर के चैनल और शटर को टूटा हुआ देखकर सन्न रह गए। यह खबर फ़ैलते ही कछौना बाजार में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुकान के अंदर प्रवेश करके जब देखा गया तो वहां दुकान के सीसीटीवी और डीवीआर तक चोर उखाड़कर अपने साथ ले गए थे। रामशंकर गुप्ता के अनुसार दुकान में 100 ग्राम सोने और 15 कि0ग्रा0 चांदी के ज़ेवरात तथा नकदी रखी थीए जिसपर चोरों ने हाथ साफ़ कर दिया। इसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की। पुलिस को दुकान के पीछे स्थित ईंट भट्ठे के पास सरसों के एक खेत से चोरी किए गए आभूषणों के खाली डिब्बे पड़े हुए मिले जिन्हें पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। इस सनसनीखेज़ चोरी की सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक नृपेन्द्र सिंहए सीओ सत्येन्द्र सिंह भी मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण और जांच की तथा घटना स्थल से फ़िंगरप्रिंट भी लिए। इस बड़ी चोरी से एक बार पुन: लोगों में भय की लहर दौड़ गयी है। बताते चलें कि अभी 3 दिन पूर्व ही कुदौरी के पूर्व प्रधान उज़ैर अहमद के घर 4 माह पहले हुई चोरी का खुलासा करने तथा और 4 शातिर चोरों को गिरफ़्तार करने की घोषणा की थी। लोग यह सवाल भी पूछ रहे हैं कि आखिर जब शातिर चोर पकड़े जा चुके थेए तो यह नए शातिर चोर कहां से आ गएघ् पुलिस सूत्रों के अनुसार चोरी के खुलासे के लिए कई पुलिस टीमों का गठन किया गया है।




## ट्राईसाइकिल पर जा रहे दिव्यांग की बाइक की टक्कर से मौत

संडीला;हरदोईद्ध। ट्राईसाइकिल से सब्ज़ी लेकर घर लौट रहे वृद्ध दिव्यांग की बाइक की टक्कर से दुखद मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली बेनीगंज के अंतर्गत ग्राम चिंताखेड़ा निवासी 65 वर्षीय गंगाराम शुक्रवार की शाम अपनी ट्राईसाइकिल से बेनीगंज बाज़ार सब्ज़ी खरीदने के लिए गए थे। सब्ज़ी लेकर वापस लौटते समय जब वह प्रतापनगर बेनीगंज मार्ग पर ट्रास्फॉर्मर के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे एक बाइक सवार ने ट्राईसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे गंगाराम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले सीएचसी कोथावां ले जाया गयाए जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफ़र कर दिया गया। इलाज के दौरान गंगाराम की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आर्य समाज के कार्यक्रम में वेद मंत्र और भजनों से गूंजा सत्संग भवन



सुमेरपुर(हमीरपुर) । आर्य समाज भरुआ सुमेरपुर के सत्संग भवन में आयोजित साप्ताहिक यज्ञ कार्यक्रम आज भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। यज्ञ के ब्रह्मा श्री राम आर्य ने मुख्य यजमान रुबी आर्या के साथ मिलकर यज्ञ कार्यक्रम को पूर्ण किया। यज्ञ के उपरांत रुबी आर्या ने भजन प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। गुरुकुल चोटीपुरा की ब्रह्मचारिणी अंशिका आर्या ने यजुर्वेद के अठारहवें मंत्र की विस्तृत व्याख्या की। इसके बाद रामनारायण आचार्य ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन चरित्र की प्रेरक कथा सुनाई। श्री राम आर्य ने सत्यार्थ प्रकाश के 126वें मंत्र का वर्णन करते हुए आर्य समाज की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन आदर्श आर्य द्वारा आर्य समाज के दस नियमों और शांति पाठ के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट जनों में श्रीराम आर्यए गंगा सागरए रामनारायण आचार्यए आदर्श आर्यए लोटन प्रसाद आर्यए बलिराम कुशवाहाए सुमेधा आर्याए रुबी आर्याए राधा आर्याए अवंतीका आर्या आदि शामिल रहे।

## बीमार पत्रकार का हालचाल लेने पहुंचे सांसद

फतेहपुर। एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के जिला संवाददाता नफीस अहमद उर्फ मुन्ना राईन एक माह से बीमार चल रहे हैं। इसकी जानकारी मिलते ही जिले के सांसद नरेश उत्तम पटेल व सपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव ने खागा स्थित उसके आवास पहुंचकर मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछा तत्पश्चात प्रतीक चिन्ह के रूप में साइकिल भेंटकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामना की। इस मौके पर राजू कुर्मी, साबिर अली सिद्दीकी मौजूद रहे।

## याद किए गए विद्यालय के संस्थापक

**गुरसहायगंज,** कन्नौज। तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में संस्थापक स्व. जागेश्वर प्रसाद यादव (जे.पी.बाबू ) की 17वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। रविवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करनें के उपरान्त प्रधानाचार्य अमित यादव ने दादाजी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा के माध्यम से समाज में बदलाव लाने का सपना देखा और उसे साकार किया। इस विद्यालय की स्थापना कर उन्होंने क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर प्रदान किया। उनकी दूरदृष्टि और समर्पण का यह परिणाम है कि आज यह संस्थान हजारों छात्रों के जीवन को बेहतर बना रहा है। डा. अशोक कुमार नें दादाजी का योगदान याद करते हुये कहा कि उन्होने उस समय शिक्षा की अलख जगाई, जब क्षेत्र में संसाधनों की कमी थी। उन्होंने गांव-गांव जाकर लोगों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया और बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष जोर दिया। उनका मानना था कि शिक्षित समाज ही उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

## खड़े ट्रक में ट्रक घुसने से चालक की मौत

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के सुधवां मोड़ के समीप एनएच-2 पर रविवार की भोर रोड किनारे खडे ट्रक से पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे 65 वार्षीय चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार प्रतापगढ जनपद के थाना लीलापुर गांव पूरे नहर का पुरवा निवासी स्व0 इस्लाम का पुत्र इमामुद्दीन ट्रक चालक था। बताते हैं कि ट्रक लेकर जा रहा था। रविवार की भोर सुधवा मोड़ के समीप एनएच-2 में हाइवे किनारे खडे ट्रक से जा टकराया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# लंबित विवेचनाओं को समय पर पूर्ण करें

### सीओ सदर ने अधीनस्थों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**गुरसहायगंज,** कन्नौज। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर पुलिस कार्यप्रणाली को बेहतर बनानने के उददेश्य से सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार ने स्थानीय कोतवाली में निरीक्षकों व उपनिरीक्षकों के साथ एक समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होनें लंबित विवेचनाओं को समय रहते निस्तारित करने के निर्देश दिये।

बीती देरशाम स्थानीय कोतवाली में सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार नें निरीक्षकों व उपनिरीक्षकों के साथ बैठक लेते हुये विवेचना निस्तारण, जनसुनवाई के प्रार्थना पत्रों, आइजीआरएस निस्तारण, अपराधियों के सत्यापन की समीक्षा की गई तथा रात्रि गस्त, अवैध तरीके से किसी को थाने चौकी पर नहीं बिठाने के संबंध में उच्चाधिकारियों के आदेश निर्देशों से अवगत करवाने के उपरान्त कहा कि विवेचनाओं को अनावश्यक लंबित रखने से न केवल मामलों का समाधान देरी से होता है बल्कि इससे पीड़ित पक्षों में असंतोष भी बढ़ता है। बैठक में अपराधों को रोकने के लिए पेट्रोलिंग को बढ़ाने और संवेदनशील इलाकों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। उन्होनें उपनिरीक्षकों से उनकी जिम्मेदारियां स्पष्ट कीं और कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान प्रभारी कोतवाल विष्णुकांत तिवारी, निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राजेश प्रताप सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, रावेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार, मोहनलाल, सुनील चौधरी आदि मौजूद रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 6 जनवरी 2025



# भाजपा किसी परिवार की नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है: फडणवीस

**भाषा।** नागपुर



**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है, जो किसी परिवार की नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। पार्टी के एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए फडणवीस ने भाजपा को एक लोकतांत्रिक संगठन बताया। उन्होंने कहा कि देश में 2,300 से ज्यादा पंजीकृत पार्टियां हैं, लेकिन राष्ट्रीय पार्टियों की गिनती उंगलियों पर की जा सकती है। उन्होंने कहा कि केवल दो पार्टियां हैं – भाजपा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी – जो किसी परिवार की नहीं है।

फडणवीस ने कहा कि 2,300 पार्टियों में से लगभग सभी निजी स्वामित्व वाली हैं। उन्होंने कहा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अब राष्ट्रीय पार्टी नहीं रही। लेकिन भाजपा एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है, जो लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। पार्टी का स्वामित्व किसी नेता के पास नहीं है और इसका अपना संविधान है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) एक राष्ट्रीय पार्टी है।

प्रधानमंत्री की साधारण पृष्ठभूमि का जिक्र करते हुए फडणवीस ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जहां एक लड़का जो कभी चाय बेचता था, वह पहले (गुजरात का) मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री बना। उन्होंने कहा कि मोदी का राजनीति में कोई रिश्तेदार या गॉडफादर नहीं है, फिर भी वह शीर्ष पद पर पहुंच सके। अपनी राजनीतिक यात्रा के बारे में बताते हुए फडणवीस ने कहा कि उन्होंने बूथ स्तर से शुरुआत की, वार्ड अध्यक्ष बने और तीन बार मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा, यह केवल भाजपा में ही संभव है। यह लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा ने महाराष्ट्र से 1.5 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। फडणवीस ने बाद में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राज्य भर में एक लाख बूथों पर रविवार को विशेष सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका लक्ष्य 25 लाख सदस्य बनाना है।

## महाराष्ट्र सरकार सरपंच हत्या मामले की दृढ़ता से जांच कर रही: सीएम

**नागपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार बीड जिले के मसजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले की पूरी दृढ़ता के साथ जांच कर रही है और अपराध में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। फडणवीस ने पत्रकारों से कहा कि संतोष देशमुख की हत्या मामले का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। देशमुख की नौ दिसंबर को उस समय हत्या कर दी गई थी, जब उन्होंने बीड में पवनचक्की परियोजना संचालित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी से जबरन वसूली की कोशिश को रोकने का प्रयास किया था। महाराष्ट्र के मंत्री एवं राकांपा के नेता धनंजय मुंडे के सहयोगी वाल्मीक कराड को जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया था। हत्या के मामले में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा, बीड मामले में सरकार और पुलिस पूरी ताकत और दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि देशमुख एक लोकप्रिय सरपंच थे लेकिन उनकी मौत मामले का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। फडणवीस ने कहा, आरोपी भले ही फरार हों, लेकिन कार्वाई की जा रही है। हम उन लोगों को नहीं बख्श रहे हैं जिन्होंने आरोपियों की मदद की। जांच एजेंसियों को मामले की सही तरीके से जांच करने की अनुमति दी जानी चाहिए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि उन्होंने फरार आरोपियों सुदर्शन चंद्रभान घुले (26) और सुधीर सांगले (23) को पुणे से पकड़ लिया है और सिद्धार्थ सोनवणे को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी साजिश में कथित भूमिका जांच के दौरान सामने आई थी। पुलिस ने पहले हत्या के मामले में जयराम माणिक चांगे (21), महेश सखाराम केदार (21), प्रतीक घुले (24) और विष्णु चाटे (45) को गिरफ्तार किया था जबकि एक अन्य आरोपी कृष्णा आंधले अब भी फरार है।

# असम में 2026 के चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस की बड़े पैमाने पर राज्यव्यापी फेरबदल करने की योजना

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने रविवार को कहा कि वह अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए फरवरी में पूरे राज्य में पार्टी पदाधिकारियों की फेरबदल करेंगे। उन्होंने साक्षात्कार में कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में पार्टी पदाधिकारियों की क्षमता, प्रतिबद्धता और प्रदर्शन का आकलन करने के बाद लगभग 90 प्रतिशत पदाधिकारियों को बदल दिया जाएगा। बोरा ने कहा, मैं अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी को मजबूत करने के लिए फरवरी में राज्यव्यापी फेरबदल करूंगा।

उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन में बड़ा फेरबदल बूथ (मतदान केंद्र) से लेकर राज्य स्तर तक होगा और कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने भी प्रस्तावित फेरबदल पर अपनी सहमति दे दी है। बोरा ने कहा, जब मैंने 2021 में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला, तो पार्टी लगातार दूसरी बार राज्य चुनाव हारने के बाद हतोत्साहित थी। उस समय, कई विधायक और पार्टी नेता हमें छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। उन्होंने कहा कि लेकिन अब स्थिति बदल गई है और आम लोग राज्य में सत्ता परिवर्तन चाहते हैं।

बोरा ने कहा, अब लोग वापस आ रहे हैं और कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। इसलिए, हमारे पास पार्टी में अधिक योग्य और पात्र लोग हैं। जिनमें जो क्षमता है, उन्हें उसी के अनुसार मौका मिलेगा। उन्होंने राज्य में आगामी पंचायत चुनाव और उसके लिए पार्टी की तैयारियों के बारे में भी बात की। बोरा ने कहा, राज्य स्तर पर कोई गठबंधन नहीं होगा, लेकिन जिला इकाइयों को समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों के साथ गठबंधन के बारे में निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है।

कांग्रेस की प्रदेश इकाई के प्रमुख ने 2026 में असम में विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की तैयारी का भी उल्लेख किया और वर्ष के लिए निर्धारित कई यात्राओं सहित विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। बोरा ने यह भी कहा कि कांग्रेस सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को हराने के लिए राज्य में 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले सभी विपक्षी दलों को एकजुट करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा, इसके लिए निश्चित रूप से हमें कुछ सीट का त्याग करना होगा और हम ऐसा करने के लिए तैयार हैं। 2021 में भी हमने 126 में से 97 सीट पर चुनाव लड़ा था। इस बार भी हम स्थिति के अनुसार निश्चित रूप से त्याग करेंगे।

# 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना निश्चित लक्ष्य बन गया है: धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का दृष्टिकोण अब एक सपना नहीं, बल्कि एक निश्चित लक्ष्य है। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के गणतंत्र दिवस शिविर के औपचारिक उद्घाटन के अवसर पर दिल्ली छावनी में एक समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने यह टिप्पणी की। उन्होंने एनसीसी सदस्यों की प्रशंसा की और कहा कि वे राष्ट्र की सेवा की भावना के साथ एकता व अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए जाने जाते हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा, आप (एनसीसी कैडेट) हमारी युवा आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। 2047 में हमारा विकसित राष्ट्र का दृष्टिकोण अब एक सपना नहीं है। यह हमारा निश्चित लक्ष्य है। उन्होंने कहा, आप सभी 2047 में भारत के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने औपनिवेशिक शासन से देश की आजादी के 100 साल पूरे होने पर 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है।

धनखड़ ने एनसीसी कैडेट से कहा, आप भाग्यशाली हैं कि आप ऐसे समय में रह रहे हैं जब भारत संभावनाओं वाला देश नहीं रह गया है। यह बेजोड़ बुनियादी ढांचे के विकास के साथ उभरता हुआ देश है। उन्होंने नए हवाई अड्डों और महानगरों समेत विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का हवाला दिया। देश भर से कुल 2,361 एनसीसी कैडेट एक महीने तक चलने वाले गणतंत्र दिवस शिविर में हिस्सा ले रहे हैं, जो 30 दिसंबर को शुरू हुआ और 27 जनवरी को प्रधानमंत्री की रैली के साथ समाप्त होगा। वार्षिक कार्यक्रम में 917 बालिका कैडेट भाग ले रही हैं, जो अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। 2,361 कैडेट में से 114 जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से, जबकि 178 पूर्वोत्तर क्षेत्र से हैं।

# झारखंड की झांकी में उद्योगपति रतन टाटा को राज्य की ओर से श्रद्धांजलि दी जाएगी

**रांची।** इस साल गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित परेड में झारखंड अपनी झांकी में उद्योगपति और देश के पहले इस्पात शहर जमशेदपुर के सूत्रधारों में से एक दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा को राज्य की ओर से श्रद्धांजलि देगा। झारखंड उन 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शामिल होगा जो 26 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी में गणतंत्र दिवस समारोह में अपनी झांकियां प्रदर्शित करेंगे। झारखंड सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक राज्य ने अपनी समृद्ध विरासत, सांस्कृतिक विविधता और विकासात्मक प्रगति को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयारियां की हैं।

बयान में कहा गया है, इस वर्ष झारखंड की झांकी में राज्य के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा को राज्य की श्रद्धांजलि प्रदर्शित की जाएगी, साथ ही राज्य की जीवंत संस्कृति, पारंपरिक नृत्य और शिक्षा के माध्यम से महिलाओं के बढ़ते सशक्तिकरण पर भी प्रकाश डाला जाएगा। चयन प्रक्रिया के दौरान झांकी के डिजाइन की रचनात्मकता और प्रासंगिकता की सराहना की गई है।

गत वर्षों में झारखंड की झांकी राज्य की पहचान के अन्य पहलुओं पर केंद्रित रही थी। पिछले साल झांकी में राज्य के प्रसिद्ध टसर सिल्क का प्रदर्शन किया गया था, जबकि 2023 की झांकी में देवघर के प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ मंदिर को दर्शाया गया था। बयान में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्रस्ताव आमंत्रित किए थे, जिसमें बहु-चरणीय चयन प्रक्रिया के तहत गणतंत्र दिवस परेड के लिए अंतिम 15 प्रतिभागियों का चयन किया गया। इस प्रक्रिया के दौरान झारखंड की झांकी के डिजाइन को व्यापक सराहना मिली।

बयान के मुताबिक चयनित राज्यों को 19 जनवरी 2025 तक अपनी झांकियां पूरी करनी हैं, तथा 23 जनवरी को पूर्ण पूर्वाभ्यास निर्धारित है। दिवंगत रतन टाटा का योगदान झारखंड के विकास में महत्वपूर्ण माना जाता है, जो एक पिछड़ा क्षेत्र था और 2000 में एक राज्य बना। टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नुसरवानजी टाटा के नाम पर झारखंड के इस शहर का नाम जमशेदपुर रखा गया। यह दिवंगत रतन टाटा की दूरदृष्टि थी जिसने जमशेदपुर के विकास को गति दी और इसे वैश्विक मानचित्र पर ला खड़ा किया। उन्होंने पहली बार 1963 में जमशेदपुर का दौरा किया था, ताकि यह देख सकें कि टाटा स्टील, कैसे काम करती है। इसके बाद उन्होंने 1965 में अपने प्रशिक्षण कौशल को निखारने के लिए शहर का दौरा किया। रतन टाटा 1993 में टाटा स्टील के चेयरमैन बने। उनका पिछले साल नौ अक्टूबर को निधन हो गया।

## संभल हिंसा के दौरान पुलिस अधिकारी पर गोली चलाने का आरोपी गिरफ्तार

**संभल (उप्र)।** संभल शहर के कोट गर्वी मोहल्ले में पिछले साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा में पुलिस क्षेत्राधिकारी पर गोली चलाने के आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। संभल कोतवाली के प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी पर गोली चलाकर उन्हें घायल करने के आरोपी सलीम नामक व्यक्ति को संभल कोतवाली क्षेत्र में स्थित भूरे खां की जियारत इलाके में गिरफ्तार कर लिया गया है और वह इलाके का कुख्यात अपराधी है। दावा किया कि वारदात के बाद सलीम दिल्ली के सीलमपुर में छुप गया था, वह संभल की एक अदालत में आत्मसमर्पण करने की फिराक में था मगर उससे पहले ही उसे पकड़ लिया गया। तोमर ने बताया कि सलीम पर पुलिस से कारतूस लूटने का भी आरोप है और पुलिस ने उसके पास से 12 बोर का एक तमंचा, पांच कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है।

## क्विक न्यूज

### नांदेड़ विस्फोट मामले में आरोपियों को बरी करना कांग्रेस को करारा तमाचा है: विहिप

**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने रविवार को 2006 के नांदेड़ विस्फोट मामले में आरोपियों को बरी किए जाने को कांग्रेस के मुंह पर करारा तमाचा बताया और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से हिंदू समाज से माफी मांगने को कहा। महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक सत्र अदालत ने 2006 के विस्फोट मामले में सभी नौ जीवित आरोपियों को शनिवार को बरी कर दिया, जिसके बाद यह प्रतिक्रिया आई है। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा, नांदेड़ में 2006 में हुए विस्फोट मामले में कांग्रेस के शासन में आरोपी बनाए गए सभी लोगों को अदालत द्वारा बरी किए जाने से हिंदुओं को आतंकवादी साबित करने के कांग्रेस के दिवास्वप्न की आज पोल खुल गई। उन्होंने दावा किया कि मालेगांव विस्फोट मामले में कांग्रेस और महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) का पहले ही पर्दाफाश हो चुका है। बंसल ने कहा, 19 साल बाद, नांदेड़ की अदालत ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया है और कांग्रेस के हिंदू विरोधी कृत्यों के लिए उसके मुंह पर करारा तमाचा मारा। उन्होने कहा, कम से कम अब तो कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए। चार-पांच अप्रैल 2006 की मध्य रात्रि को नांदेड़ शहर में लक्ष्मण राजकोंडवार के घर पर विस्फोट हुआ था, जो कथित तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ता थे। यह मामला इसी घटना से संबद्ध है। जांचकर्ताओं ने दावा किया कि राजकोंडवार के बेटे नरेश राजकोंडवार और विहिप कार्यकर्ता हिमांशु पानसे की कथित तौर पर बम बनाते समय मौत हो गई थी। मामले की जांच शुरुआत में महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने की और बाद में इसे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया गया। बचाव पक्ष के वकील नितिन रनवाल के अनुसार, मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष के 49 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। उन्होंने शनिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि अभियोजन पक्ष यह साबित नही कर सका कि यह घटना एक बम विस्फोट थी। घटना के समय, कांग्रेस केंद्र और महाराष्ट्र में सत्ता में थी।

### हेड कांस्टेबल पर रिश्वत के नोट बदलने का आरोप अदालत में किया दावा- चूहों ने कुतर दिए मूल नोट

**बरेली (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के बरेली में रिश्वत में मिले नोटों की जगह दूसरे नोट अदालत में पेश करने के आरोप में एक हेड कांस्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अदालत में नोट पेश करते समय दावा किया गया कि पुलिस स्टेशन में रखे गए मूल नोट चूहों ने कुतर दिए। अधिकारियों ने बताया कि मामला बरेली जिले के नवाबगंज थाने के हेड कांस्टेबल उदयवीर सिंह के खिलाफ दर्ज किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) मुकेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक, 12 फरवरी 2021 को उत्तर प्रदेश पुलिस के भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एसीओ) ने नवाबगंज तहसील में तैनात एक लेखपाल (राजस्व अधिकारी) को 10,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। एसीओ टीम ने आरोपी के पास से रिश्वत में मिले 500 रुपए के 20 नोटों के अलावा 80,361 रुपए, एक मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड और एक पैन कार्ड भी जब्त किया। रिश्वत की रकम समेत जब्त सामान सिंह को सौंप दिया गया। हालांकि नकदी और अन्य सामान बाद में अदालत के आदेश पर लौटा दिया गया जबकि रिश्वत वाले नोट नवाबगंज थाने में जमा कर दिए गए। हालांकि, मुकदमे के दौरान, हेड कांस्टेबल ने अदालत में रिश्वत वाले मूल नोट पेश नही किए और इसके बजाय चूहों पर असली नोट कुतरने का आरोप लगाते हुए 500 रुपए के 20 दूसरे नोट जमा किए। मिश्रा ने कहा कि जब पुलिस अधीक्षक (शहर) मानुष पारिख ने मामले की जांच की, तो उन्होंने पाया कि सिंह ने जानबूझकर आरोपियों को फायदा पहुंचाने के लिए यह आपराधिक कृत्य किया। पुलिस ने कहा कि सिंह के खिलाफ सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर शनिवार को हेड कांस्टेबल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

### सेना के ट्रक के खाई में गिरने से दो जवानों की मौत

**जयपुर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार को सेना का ट्रक खाई में गिरने से राजस्थान के दो जवानों की मौत हो गई। जवानों की पहचान नागौर के निवासी हवलदार हरिराम और बहरोड़ के रहने वाले लांस नायक नीतीश कुमार के रूप में हुई है। बहरोड़ के पुलिस उपाधीक्षक कार्तिका यादव ने बताया कि नीतीश का शव उनके पैतृक गांव रिवाली भेजे जाने पर अंतिम संस्कार किया जाएगा बहरोड़ के रिवाली गांव के निवासी नीतीश कुमार (29) श्रीनगर के बांदीपोरा जिले में 13 आरआर बटालियन में तैनात थे।

## नेहरू के कार्यकाल में भारतीय क्षेत्र पर चीन ने कब्जा किया था: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारतीय क्षेत्रों पर चीन के कब्जे का आरोप लगाने के लिए रविवार को कांग्रेस की आलोचना की। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस ऐसे झूठे बोलकर बच नहीं सकती क्योंकि यह सब जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल के दौरान हुआ था। इससे पहले शनिवार को कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, चीन भारत की जमीन पर कब्जा करता रहा। नरेन्द्र मोदी क्लीन चिट देते रहे। भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने इसपर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय क्षेत्र पर चीनी कब्जे की बात करना कांग्रेस की बेईमानी है जबकि तथ्य यह है कि यह सब प्रधानमंत्री के रूप में नेहरू के कार्यकाल के दौरान हुआ था। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सोचिए, नेहरू के विश्वासघात के लिए प्रधानमंत्री मोदी को दोषी ठहराया जा रहा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस इस तरह के झूठ बोलकर बच नहीं सकती।

# कर्नाटक सरकार अनुसूचित जातियों के बीच आंतरिक आरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध: सिद्धरमैया

**भाषा।** दावणगेरे (कर्नाटक)

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार अनुसूचित जातियों (एससी) के बीच आंतरिक आरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष या मुख्यमंत्री के बारे में कोई भी निर्णय पार्टी आलाकमान द्वारा लिया जाएगा और वह नेतृत्व के परामर्श से अपने मंत्रिमंडल में रिक्त पद को भरने का फैसला करेंगे।

सिद्धरमैया ने यहां संवाददाताओं के एक सवाल पर कहा, उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि आंतरिक आरक्षण दिया जाना चाहिए, लेकिन जैसा कि कुछ लोगों ने कहा है कि इस संबंध में ठोस आंकड़ा नहीं है, इसलिए (न्यायमूर्ति) नागमोहन दास की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया गया है। हम आंतरिक आरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

नवंबर में सरकार ने उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति एच एन नागमोहन दास को अनुसूचित जातियों (एससी) के बीच आंतरिक आरक्षण की सिफारिश करने के लिए एक आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया था। अनुसूचित जातियों का एक वर्ग, विशेष रूप से एससी लेफ्ट , आंतरिक आरक्षण की मांग कर रहा है। उनका आरोप है कि केवल कुछ प्रभावशाली उपजातियां ही अधिकांश लाभ ले रही हैं, जबकि कई समुदाय अब भी हाशिए पर हैं।

एक अगस्त, 2024 को दिए गए एक ऐतिहासिक फैसले में, न्यायालय ने कहा था कि राज्यों को सामाजिक रूप से विषम वर्ग बनाने वाली अनुसूचित जातियों के भीतर उप-वर्गीकरण करने का संवैधानिक अधिकार है, ताकि सामाजिक और शैक्षणिक रूप से अधिक पिछड़ी जातियों के उत्थान के लिए आरक्षण दिया जा सके।

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष पद पर बदलाव के बारे में पूछे गए सवाल पर सिद्धरमैया ने कहा, यह आलाकमान द्वारा तय किया जाएगा। केपीसीसी अध्यक्ष, मुख्यमंत्री सब कुछ आलाकमान द्वारा तय किया जाता है। केपीसीसी के अध्यक्ष के रूप में चार साल पूरे कर चुके उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार वर्तमान में पद पर विस्तार पर हैं। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम घोटाले में कथित रूप से शामिल होने के आरोप के बाद मंत्री बी नागेंद्र के इस्तीफे से मंत्रिमंडल में रिक्त हुए स्थान को भरने के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, मैं आलाकमान से चर्चा करूंगा और उस रिक्त स्थान को भरूंगा।

# प्रेमी युगल ने अलग-अलग फांसी लगाकर आत्महत्या की

**बाराबंकी (उप्र)।** बाराबंकी जिले के एक गांव में रविवार को एक प्रेमी युगल ने कथित तौर पर अलग-अलग फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। असंद्रा थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) जीपी सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान अकोहरी गांव के निवासी निधि (22) और मनीष (25) के रूप में हुई है। दोनों ने शनिवार को आत्महत्या की। उन्होंने कहा कि दोनों एक-दूसरे से करीब चार साल से प्रेम करते थे और इस बात की जानकारी दोनों के परिवार वालों को थी। उन्होंने बताया कि निधि पहले से शादीशुदा मनीष से शादी करना चाहती थी।

मनीष की पांच साल पहले शादी हो चुकी थी, जिसके बाद निधि से उसकी प्रेम कहानी शुरू हुई और दोनों अलग-अलग जाति से थे। उन्होंने कहा कि मनीष अनुसूचित जाति (दलित) जबकि निधि सामान्य जाति से थी और दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। पुलिस के अनुसार गांव में मनीष का शव शनिवार को जिस नीम के पेड़ से लटकता मिला, वह निधि के घर से करीब है। पुलिस ने बताया कि सुबह टहलते हुए ग्रामीणों ने मनीष के शव को नीम के पेड़ से लटका देखा और इसकी सूचना परिवार वालों को दी, उधर निधि की मां उसे जगाने के लिए गईं तो उसका शव कमरे में पंखे से लटका दिखा।

मनीष डिस्क जॉकी (डीजे) तो निधि सिलाई बुनाई का काम करती थी। घटना की जानकारी मिलते ही राम सनेही घाट के क्षेत्राधिकारी और असंद्रा पुलिस मौके पर पहुंची। एएसपी अखिलेश कुमार सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। एसएचओ ने बताया कि पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, युवक और युवती की मौत के बाद गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जा रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद विस्तृत कार्वाई की जाएगी।

# पेज 1 का शेष

### आरआरटीएस....

इस बारे में दिल्ली विधानसभा ने प्रस्ताव पास करके कई साल पहले केंद्र सरकार को भेजा था। एक बार नहीं बल्कि दो-दो बार भेजा था। पहले कांग्रेस की सरकार ने फिर आम आदमी पार्टी ने प्रस्ताव पास करके केंद्र को भेजा। प्रधानमंत्री ने 2020 में खुद वादा किया था कि धारा 81 और धारा 33 खत्म कर देंगे। इसमें अनगिनत केस कर रखे हैं। दिल्ली देहात में छोटे-छोटे किसानों पर केस कर रखे हैं। वह रोज कचहरी के चक्कर काटकर परेशान हो गए हैं। उनके सारे मुकदमे वापस लिए जाने चाहिए और धारा 81 और धारा 33 वापस ली जानी चाहिए। प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए कि दिल्ली मास्टर प्लान 2041 को अधिसूचित क्यों नहीं किया गया और दिल्ली लैंड पूलिंग नीति को अधिसूचित क्यों नहीं किया गया। केजरीवाल ने कहा प्रधानमंत्री ने आप सरकार केंद्र से लड़ाई में एक दशक बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए लोगों से भाजपा को दिल्ली को भविष्य का शहर बनाने का मौका देने का आग्रह किया। मोदी ने यह भी आश्वासन दिया कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो कोई भी जन कल्याणकारी योजना बंद नहीं की जाएगी, लेकिन पार्टी की सरकार उनके क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार को खत्म करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा बदलाव लाएगी। मोदी ने कहा, जब दिल्ली में इस आपदा से छुटकारा मिलेगा, तभी विकास का डबल इंजन आएगा। पिछले 10 वर्षों में, दिल्ली ने एक ऐसी राज्य सरकार देखी है जो आपदा से कम नहीं है। दिल्ली वालों को इसका एहसास हो गया है। दिल्ली में केवल एक ही आवाज गूंज रही है आपदा नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब दिल्ली के लोग कोविड-19 से जूझ रहे थे, ऑक्सीजन और दवाओं के लिए संघर्ष कर रहे थे, तब आपदा वालों का पूरा ध्यान अपना शीश महल बनाने पर था। उन्होंने शीश महल के लिए बहुत बड़ा बजट बनाया। यह उनकी सच्चाई है। उन्हें दिल्ली के लोगों की कोई परवाह नहीं है। इसलिए आज हर दिल्लीवासी कह रहा है। हम आपदा बर्दाश्त नहीं करेंगे, हम बदलाव लाएंगे।

### बिधूड़ी...

विजन नहीं है। आतिशी जनता से क्या कहेंगी कि वह अगले पांच साल में कालकाजी और गोविंदपुरी की खस्ताहाल सड़कों को सुधार देंगी। जबकि वे पहले ही एक दशक से सत्ता में हैं। हालांकि, बिधूड़ी के बयान से भाजपा नेता खुद को अलग रखने की कोशिश कर रहे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भाजपा नेताओं से अपनी भाषा पर नियंत्रण रखने की सलाह दी है। उन्होंने कहा, वह बिधूड़ी का पूरा बयान नहीं सुने है। भाजपा नेता ने कहा कि वह कांग्रेस से भी कहेंगे कि जब भाजपा सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी की जाती है, तो वे इसकी आलोचना नहीं करते। महिलाओं के प्रति सम्मान और अपनी भाषा पर नियंत्रण रखना हमारा कर्तव्य है। इस तरह के बयानों को वह सही नहीं मानते हैं। इस बीच, दिल्ली मुख्यमंत्री आतिशी ने बिधूड़ी की विवादित टिप्पणी की कड़ी आलोचना की और इसे भाजपा की महिला विरोधी मानसिकता का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने भाजपा नेताओं के रवैये और व्यवहार को देखते हुए दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भाजपा की क्षमता पर भी सवाल उठाया। सीएम ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि विसचुनाव में दिल्ली की जनता, खासकर महिलाएं, इस तरह की हरकतों का जवाब देंगी। कालकाजी से कांग्रेस उम्मीदवार और महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने बिधूड़ी पर निशाना साधा और उन पर अपनी हमेशा की तरह अभद्र भाषा में एक बार फिर महिलाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने एक्स पर कहा, क्या कालकाजी की जनता को ऐसा विधायक चाहिए जो न तो सदन (संसद) की गरिमा की परवाह करता है और न ही महिलाओं का सम्मान करता है। उन्होंने बिधूड़ी से अपने बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की और वरिष्ठ भाजपा नेताओं से इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। लांबा के नेतृत्व में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी के खिलाफ उनके कथित बयान को लेकर बिधूड़ी का पुतला भी फूंका। उनके एक सहयोगी ने बताया कि बिधूड़ी ने यह बयान शनिवार को कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार के दौरान दिया। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि गांधी महिला सशक्तिकरण के पक्षधर रहे हैं और बिधूड़ी का आपत्तिजनक बयान भाजपा के महिला विरोधी रवैये को दर्शाता है। अगर भाजपा देश की महिलाओं का सम्मान करती है, तो उसे बिधूड़ी से तुरंत सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहना चाहिए।

### एलजी ने...

के लिए 88 आवेदकों की बाधाएं दूर हो जाएंगी। सक्सेना ने अपनी स्वीकृति के अनुसार, 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों की दुर्दशा का विशेष रूप से उल्लेख किया है, जिसे उन्होंने भारतीय लोकतांत्रिक परंपराओं पर एक धब्बा बताया है, जहां एक विशेष अल्पसंख्यक समुदाय पर भयानक अत्याचार किए गए थे, मानवाधिकारों के सभी मानकों का उल्लंघन किया गया था और जिसने कई परिवारों को प्रभावित किया था, उनके एकमात्र कमाने वाले सदस्य की जान ले ली थी।

### स्पैम विरोधी...

अपनाएंगे। ट्राई की वर्ष 2025 की कार्य सूची में नेटवर्क प्राधिकरण, प्रसारण के लिए नए प्राधिकरण ढांचे और फिक्स्ड लाइन के लिए राष्ट्रीय नंबरिंग योजना में सुधार के लिए सिफारिशें तैयार करना भी शामिल है, जबकि स्पैम कॉल और परेशान करने वाले संदेशों से निपटने और उन पर अंकुश लगाने पर काम जारी रहेगा।

### एक्यूआई...

बड़ी संख्या में हितधारकों और जनता को प्रभावित कर रही है और साथ ही दिल्ली के औसत एक्यूआई में सुधार की प्रवृत्ति पर विचार करते हुए, ग्रैप उप-समिति ने सर्वसम्मति से पूरे एनसीआर में संशोधित जीआरएपी के चरण-3 को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का फैसला किया है। आदेश में कहा गया है, निर्माण और विध्वंस परियोजना स्थल और औद्योगिक इकाइयां आदि, जिन्हें विभिन्न वैधानिक निर्देशों, नियमों, दिशानिर्देशों आदि के उल्लंघन/अनुपालन न करने के कारण बंद करने के विशिष्ट आदेश जारी किए गए हैं, किसी भी परिस्थिति में आयोग से इस संबंध में कोई विशिष्ट आदेश प्राप्त किए बिना अपना परिचालन फिर से शुरू नहीं करेंगे। हालांकि चरण-3 के उपाय अब प्रभावी नहीं हैं, सीएक्यूएम ने जनता से चरण-2 दिशानिर्देशों के तहत नागरिक चार्टर का पालन करना जारी रखने का आग्रह किया है।

### अंतरराष्ट्रीय...

संस्थानों के माध्यम से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक अंतरराष्ट्रीय छात्रों की मेजबानी करती है, जो इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, कृषि, विज्ञान, कला और मानविकी, भाषा अध्ययन, वाणिज्य, कानून, पैरामेडिकल विज्ञान जैसे फार्मेसी, नर्सिंग और बौद्ध अध्ययन, योग आदि जैसे चुनिंदा पाठ्यक्रमों में 8000 से अधिक विविध पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। इसके अलावा, वे स्नातक, स्नातकोत्तर, डॉक्टरेट स्तर (पीएचडी) और प्रमाणन-आधारित पाठ्यक्रमों से लेकर विभिन्न स्तरों में उपलब्ध हैं। विकल्पों (पाठ्यक्रमों में) की एक सारणी की उपलब्धता के कारण, छात्रों के पास अपनी रुचि के पाठ्यक्रम को चुनने और प्रमुख भारतीय संस्थानों में अध्ययन करने की लचीलापन है। इसके अलावा, एसआईआई के साथ जुड़ने की प्रक्रिया अपेक्षाकृत आसान है छात्रों को नाम, देश, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी जैसे सरल विवरण भरने होंगे। भारत में अपनी उच्च शिक्षा पूरी करने और भारत में अध्ययन करने के लिए आवेदन करने वाले प्रत्येक छात्र के पास अपनी विशिष्ट छात्र एसआईआई आईडी होनी चाहिए क्योंकि यह आईडी उन्हें अपने डैशबोर्ड तक पहुंचने, कॉलेज और पाठ्यक्रम आवेदनों की प्रगति, वीज़ा/ई-वीज़ा और भारत में उच्च शिक्षा से संबंधित अन्य प्रक्रियाओं को ट्रैक करने में मदद करेगी। अधिकारियों ने कहा कि कोई छात्र एसआईआई आईडी नहीं होने का मतलब है कि भारत में अध्ययन करने या जाने का कोई मौका नहीं है।

पायनियर
नई दिल्ली , सोमवार, 6 जनवरी, 2025



# राजद से गलती से किया था गठबंधन : नीतीश

## लालू के प्रस्ताव पर बिहार के सीएम ने दिया उत्तर

**भाषा।** पटना

**बिहार के** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी लालू प्रसाद की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने विपक्षी पार्टी के साथ गलती से गठबंधन कर लिया था, जिसने सत्ता में रहते हुए कुछ नहीं किया।जनता दल यूनाइटेड (जदयू) सुप्रीमो ने यह टिप्पणी पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद द्वारा कुछ दिनों पहले की गई पेशकश के बाद की है। लालू प्रसाद ने कहा था कि राजद ने पूर्व सहयोगी के लिए अपने दरवाजे खुले रखे हैं, जो अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में लौट गए हैं।कुमार ने राज्यव्यापी प्रगति यात्रा के तहत उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में



भाजपा के दिवंगत नेता सुशील मोदी को पुष्प अर्पित करते बिहार के सीएम नीतीश कुमार

संवाददाताओं से कहा, हमसे पहले जो लोग सत्ता में थे...क्या उन्होंने कुछ किया? लोग सूर्यास्त के बाद अपने घरों से बाहर निकलने से डरते थे। मैं गलती से दो बार उनके साथ जुड़ गया था। बिहार के मुख्यमंत्री का पद सबसे लंबे समय से संभाल रहे नीतीश ने सवाल किया, उस समय महिलाओं की क्या स्थिति थी? आज आप इन स्वयं सहायता समूहों को देख सकते हैं, जिन्हें हमने जीविका नाम दिया है। केंद्र ने हमारे मॉडल को दोहराया और इसे आजीविका नाम दिया। क्या आपने पहले ऐसी आत्मविश्वासी ग्रामीण महिलाओं को देखा था? कुमार ने हालांकि, लालू प्रसाद की ओर से दिए गए सांकेतिक प्रस्ताव से जुड़े सवाल का जवाब नहीं दिया।लालू प्रसाद की यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान की पृष्ठभूमि में आई थी जिसमें उन्होंने एक साल से भी कम समय में होने वाले विधानसभा चुनावों में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने पर अनिश्चित रुख पेश किया था। वहीं, राज्य भाजपा के नेता लगातार कहते रहे हैं कि जदयू सुप्रीमो 2025 के विधानसभा चुनावों में राजग का चेहरा होंगे। लोस चुनाव में बहुमत से चूकने वाली भाजपा केंद्र में सत्ता में बने रहने के लिए जदयू और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा)जैसे सहयोगियों पर निर्भर है।इस बीच, मुख्यमंत्री ने रविवार को मुजफ्फरपुर जिले के अपने दौरे के दौरान 451.40 करोड़ रुपए की 76 विकास परियोजनाओंयोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने जिला समाहरणालय में राज्य सरकार की विकास योजनाओं की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी सुब्रत सेन ने मुख्यमंत्री के समक्ष जिले में चल रही परियोजनाओं और योजनाओं के बारे में विस्तृत प्रस्तुति दी। कुमार को जिले में जारी योजनाओं बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, हर घर नल का जल एवं उसका रख-रखाव, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, हर खेत तक सिंचाई का पानी,कृषि विद्युत कनेक्शन योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# भाजपा विधायक के अजित पवार पर निशाना साधने को लेकर राकांपा ने जताई आपत्ति

**सरपंच हत्या मामला**

**भाषा।** मुंबई



**राष्ट्रवादी कांग्रेस** पार्टी (राकांपा) के प्रवक्ता सूरज चव्हाण और पार्टी के विधान पार्षद अमोल मिटकरी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सुरेश धस द्वारा बीड जिले में एक सरपंच की हत्या की जांच को लेकर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार पर निशाना साधने पर आपत्ति जताई। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में चव्हाण ने पूछा कि क्या धस को हत्या की निष्पक्ष जांच को लेकर राज्य के गृह विभाग पर भरोसा नहीं है। मिटकरी ने पूछा कि क्या मुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस अपनी पार्टी के विधायक पर लगाम लगाएंगे। चव्हाण ने कहा कि अगर राकांपा का कोई भी व्यक्ति हत्या मामले में संलिप्त पाया जाता है तो पवार उसके खिलाफ कार्वाई करने में संकोच नहीं करेंगे। बीड जिले के मसाजोग के सरपंच देशमुख का नौ दिसंबर को कथित तौर पर कुछ लोगों द्वारा पवनचक्की कंपनी से जबरन वसूली के प्रयास का विरोध करने पर अपहरण कर लिया गया था और बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। महाराष्ट्र के मंत्री और राकांपा नेता धनंजय मुंडे के सहयोगी वाल्मीक कराड को जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने अब तक इस हत्या के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। बीड से ताल्लुक रखने वाले भाजपा नेता धस और राकांपा विधायक प्रकाश सोलंकी के साथ-साथ विपक्ष भी मांग कर रहा है कि हत्या के मामले की दोहरी जांच के लिए मुंडे को राज्य मंत्रिपरिषद से हटाया जाए। आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) का एक विशेष जांच दल (एसआईटी) मामले की जांच कर रहा है। शनिवार को परभणी में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान धस ने मुंडे को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए राकांपा प्रमुख पवार पर कटाक्ष किया और कहा, अजित दादा क्या हुआ तेरा वादा... ? भाजपा नेता की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए चव्हाण ने कहा, यदि राकांपा का कोई भी नेता हत्या मामले में संलिप्त पाया जाता है तो अजित पवार उसे नहीं छोड़ेंगे। चव्हाण ने कहा, "मैं देवेंद्र फडणवीस से अनुरोध करना चाहता हूं कि वह धस से महायुति गठबंधन के सौहार्दपूर्ण माहौल को खराब न करने के लिए कहें।

## वायुसेना प्रमुख ने लक्षद्वीप का दौरा किया, युद्ध संबंधी तैयारियों का जायजा लिया

**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने रविवार को संपन्न लक्षद्वीप की दो दिवसीय यात्रा के दौरान रणनीतिक लिहाज से अहम इस द्वीप समूह के आसपास सशस्त्र बलों की युद्ध संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। लक्षद्वीप दौरे के दौरान सिंह ने मिनिकॉय और कवरत्ती द्वीप पर वायु सैनिकों के साथ बातचीत की। उन्होंने द्वीप समूह पर स्थित विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों का दौरा किया और भारतीय नौसेना एवं तटरक्षक बल के सैनिकों के साथ बातचीत भी की। आधिकारिक बयान के मुताबिक, बातचीत के दौरान वायुसेना प्रमुख ने तेजी से बदलते भू-राजनीतिक माहौल में हर संभावित स्थिति के लिए पूरी तरह से रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने उभरती चुनौतियों से निपटने में भारतीय वायुसेना की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। बयान के अनुसार, सिंह ने हर समय उच्च स्तर की तत्परता बनाए रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, वायुसेना प्रमुख ने अग्रिम पंक्ति में तैनात सैनिकों की तत्परता की तारीफ की और उनसे राष्ट्र के सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए हमेशा सतर्क रहने का आह्वान किया।

## मुंबई में अवैध तरीके से भेजी जा रहीं दवाइयों और सिगरेट की खेप जब्त

मुंबई। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के कार्गो टर्मिनल पर अवैध रूप से भेजी जा रही दवाइयों (74,000 कैप्सूल) और नकली ब्रांड के 2.44 लाख सिगरेट की खेप जब्त की है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एनसीबी की मुंबई इकाई को एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह के बारे में सूचना मिली थी जो भारत से अवैध रूप से दवाइयों की खरीद कर उन्हें विदेशी ग्राहकों तक पहुंचा रहा है। उन्होंने बताया कि पुष्टि होने के बाद एजेंसी ने रसद कंपनी के दो कंटेनर पर नजर रखी और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के कार्गो टर्मिनल पर उन्हें रोक दिया।अधिकारी ने बताया कि की टीम ने शुक्रवार और शनिवार को एक अभियान के तहत अवैध रूप से भेजी जा रही दवाइयों के 74,000 कैप्सूल और नकली ब्रांड के 2.44 लाख सिगरेट जब्त किए। उन्होंने बताया कि जब्त की गई दवाइयों की कीमत 75 लाख रुपए है।उन्होंने बताया कि खेप को लंदन भेजा जाना था और इसे खाद्य पदार्थों के बीच छिपाया गया था। अधिकारी ने बताया कि दो कूरियर और रसद कंपनी जांच के घेरे में है।

## मोदी के साथ बैठक द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने में महत्वपूर्ण: ओली

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने रविवार को कहा कि चीन की उनकी हालिया यात्रा के दौरान चीन के साथ बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) रूपरेखा समझौते पर हस्ताक्षर और 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के मौके पर भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी के साथ उनकी बैठक द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण थी। क्म्युनिस्ट पार्टी आफ नेपाल के 72 वर्षीय नेता ओली ने कहा कि इन बैठकों और यात्राओं ने पड़ोसी देशों के साथ नेपाल के संबंधों को मजबूत करने में सार्थक योगदान दिया है। ओली ने यह बात ललितपुर में पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में राजनीतिक रिपोर्ट पेश करते हुए कही। राष्ट्रीय हित को केंद्र में रखते हुए आपसी हितों और समान लाभों पर आधारित संतुलित विदेश नीति अपनाई जाएगी, ताकि पड़ोसियों के साथ-साथ सभी मित्र देशों के साथ बहुआयामी कूटनीति, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों को और मजबूत किया जा सके। उन्होंने पड़ोसी देशों के साथ मौजूदा मुद्दों को कूटनीतिक माध्यमों से सुलझाने की प्रतिबद्धता भी जताई।

## रुपए के मूल्य में गिरावट के उपरांत कच्चे तेल में नरमी से नहीं बढ़ेगी महंगाई

**भाषा।** नई दिल्ली

**रुपए की विनिमय** दर में आ रही गिरावट के बीच विशेषज्ञों ने कहा है कि घरेलू मुद्रा के मूल्य में गिरावट से आयातित कच्चे माल के महंगा होने से उत्पादन लागत बढ़ेगी और कुल मिलाकर देश में महंगाई बढ़ सकती है जिससे आम लोगों की जेब पर प्रभाव पड़ेगा। हालांकि, दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण, भारत की मुद्रास्फीति पर बहुत प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि बीते वर्ष रुपए में लगभग तीन प्रतिशत की गिरावट के बावजूद यह एशिया के अपने समकक्ष देशों की तुलना में बेहतर स्थिति में है।उल्लेखनीय है कि बीते सप्ताह शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया चार पैसे टूटकर अबतक के सबसे निचले स्तर 85.79 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले साल रुपए की विनिमय दर में लगभग तीन प्रतिशत की गिरावट आई है।डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में कमी के कारण आम लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर जाने-माने अर्थशास्त्री और मद्रास स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स के निदेशक प्रोफेसर एन आर भानुमूर्ति ने पीटीआई-भाषा से कहा, रुपए के मूल्य में गिरावट के कारण आयातित मुद्रास्फीति (आयातित महंगे कच्चे माल) से चीजें महंगी होंगी। उन्होंने कहा, हालांकि, अगर इससे निर्यात को गति मिलती है तब आर्थिक वृद्धि और रोजगार पर सकारात्मक असर पड़ सकता है।....यदि रुपए में गिरावट बाजार की ताकतों (मांग और आपूर्ति) के कारण होती है, तो उत्पादन वृद्धि और महंगाई दोनों बढ़ेंगे। इस बारे में आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के निदेशक (जिंस और मुद्रा) नवीन माथुर ने कहा, रुपए की विनिमय दर में गिरावट का सबसे बड़ा असर महंगाई बढ़ने के रूप में होता है क्योंकि आयातित कच्चे माल और उत्पादन की लागत बढ़ जाती है जिसका बोझ अंततः उपभोक्ताओं को उठाना होता है। इससे विदेश यात्रा और दूसरे देश में जाकर पढ़ाई करना महंगा हो जाता है। अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर भानुमूर्ति ने कहा, यदि विनिमय दर पूरी तरह से बाजार की ताकतों के कारण बदल रही है, तो निर्यात और आयात में स्वतः समायोजन होगा। हालांकि, केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप के बारे में चर्चाएं हैं और हाल ही में सोने की खरीद के कारण चालू खाते के घाटे (कैड) में वृद्धि हुई है।

# ममता का बीएसएफ पर घुसपैठ कराने का आरोप लगाना सुरक्षा बलों का अपमान : शुभेंदु

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर उनकी इस टिप्पणी की आलोचना की कि बीएसएफ केंद्र सरकार के एजेंडे के तहत बांग्लादेश से घुसपैठ की इजाजत दे रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणी सुरक्षा बलों का अपमान है। शुभेंदु ने ममता पर अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए घटिया राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित असम में प्रशासन ने अवैध आव्रजन को रोकने के लिए सुरक्षा एजेंसियों के साथ काम किया है। शुभेंदु ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल सरकार घुसपैठियों को वोट बैंक बना रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पश्चिम बंगाल में घुसपैठ के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को दोषी ठहराना राज्य में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के 75,000 कर्मियों और 33,000 बीएसएफ कर्मियों का अपमान है। भाजपा नेता ने ममता को



भेजे पत्र में लिखा, राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप तो होते ही रहते हैं, लेकिन इसमें सुरक्षा बलों को घसीटना, उनका अपमान करना और अपनी नाकामियों का ठीकरा उन पर फोड़ना घटिया राजनीति के अलावा और कुछ नहीं है। ममता ने बृहस्पतिवार को बीएसएफ पर पश्चिम बंगाल को अस्थिर करने के केंद्र सरकार के एजेंडे के तहत बांग्लादेश से घुसपैठ की इजाजत देने का आरोप लगाया था। बीएसएफ ने ममता के आरोप को खारिज करते हुए कहा था कि वह पूरी लगन से देश की सीमा की रक्षा करती है। शुभेंदु ने कहा कि सुरक्षा बल प्रतिकूल भौगोलिक परिस्थितियों में अपनी जान जोखिम में डालकर भारत की 15,106.7 किलोमीटर लंबी सीमाओं की रक्षा करते हैं। उन्होंने गांवों में घुसपैठियों को कथित तौर पर बसाए जाने में पश्चिम बंगाल प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाए और पूछा कि राज्य सरकार ने बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को मजबूत करने की आवश्यकता का विरोध क्यों किया। भाजपा नेता ने पश्चिम बंगाल सरकार पर सीमा से जुड़े मुद्दों पर बीएसएफ के साथ सहयोग न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार पड़ोसी देशों में प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को बसाने का विरोध कर रही है , लेकिन वह राज्य में घुसपैठियों का स्वागत कर रही है। अवैध प्रवासियों की घुसपैठ से जुड़े मुद्दे से निपटने के बारे में शुभेंदु ने दावा किया, असम में प्रशासनिक मशीनरी सुरक्षा एजेंसियों का साथ दे रही है, जबकि दूसरी ओर पश्चिम बंगाल प्रशासन ने घुसपैठियों को वोट बैंक बनाने की दिशा में काम किया। भाजपा नेता ने सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के केंद्र सरकार के प्रयासों को रेखांकित किया, जिसमें 591 किलोमीटर लंबी सीमा पर बाड़ लगाई जाना, फ्लडलाइट की तैनाती और सीमा चौकियों एवं अवलोकन टावर का निर्माण शामिल है।



भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी को उनके जन्मदिन पर भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व गृहमंत्री अमित शाह ने उनके घर जाकर उनको बधाई दी

## छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर, एक पुलिसकर्मी ने भी जान गंवाई

**दंतेवाड़ा ( छत्तीसगढ़ )।** छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक हेड कांस्टेबल की भी जान चली गई। अधिकारी ने बताया कि शनिवार शाम को सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल नक्सल रोधी अभियान पर था तभी नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिलों की सीमा पर दक्षिण अबूझमाड़ के एक जंगल में मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात गोलीबारी थमने के बाद घटनास्थल से चार नक्सलियों के शव और एके-47 राइफल तथा सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर) सहित स्वचालित हथियार बरामद किए गए। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में डीआरजी के हेड कांस्टेबल सन्नू करम की भी जान चली गई।सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को नक्सल रोधी अभियान शुरू किया गया था और इसमें नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव और बस्तर जिलों की डीआरजी टीमें शामिल हुईं।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को कहा कि नक्सल समस्या को खत्म करने के लिए लड़ाई जारी रहेगी। साय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिलों की सीमा से लगे दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में अब तक चार नक्सलियों के मारे जाने की खबर है।

## ओयो ने किया नियमों में बदलाव, अब अविवाहित जोड़े नहीं ले सकेंगे होटल में कमरा

**नई दिल्ली।** यात्रा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ओयो ने मेरठ से शुरुआत करते हुए भागीदार होटलों के लिए एक नई चेक-इन नीति लागू की है। इसके अनुसार, अविवाहित जोड़ों का अब चेक-इन की अनुमति नहीं दी जाएगी। यानी सिर्फ पति-पत्नी ही होटल में कमरा ले सकेंगे। संशोधित नीति के तहत, सभी जोड़ों को चेक-इन के समय अपने रिश्ते का वैध प्रमाण देने के लिए कहा जाएगा। इसमें ऑनलाइन की गई बुकिंग भी शामिल है। कंपनी ने कहा कि ओयो ने अपने भागीदार होटलों को स्थानीय सामाजिक संवेदनशीलता के साथ तालमेल बिठाते हुए अपने विवेक के आधार पर अविवाहित जोड़ों की बुकिंग को अस्वीकार करने का अधिकार दिया है। ओयो ने मेरठ में अपने भागीदार होटलों को तत्काल प्रभाव से ऐसा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। नीति में हुए बदलाव से परिचित लोगों ने कहा कि जमीनी प्रतिक्रिया के आधार पर, कंपनी इसे और शहरों में विस्तारित कर सकती है। उन्होंने कहा, ओयो को पहले भी विशेष रूप से मेरठ में सामाजिक समूहों से इस मुद्दे को हल करने के लिए प्रतिक्रिया मिली थी। इसके अलावा, कुछ दूसरे शहरों के निवासियों ने भी अविवाहित जोड़ों को ओयो होटलों में चेक-इन करने की अनुमति न देने की मांग की है। ओयो उत्तर भारत के क्षेत्र प्रमुख पावस शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया, ओयो सुरक्षित और जिम्मेदार आतिथ्य प्रथाओं को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं, लेकिन साथ ही हम इन बाजारों में कानून प्रवर्तन और नागरिक समाज समूहों की बात सुनने और उनके साथ काम करने की अपनी जिम्मेदारी को भी पहचानते हैं।

## कांग्रेस अब तक ममता बनर्जी के निष्कासन से नही उबरी : प्रदीप भट्टाचार्य

**कोलकाता।** कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी अब भी ममता बनर्जी के निष्कासन से लगे झटके से उबरी नहीं है, इससे राज्य में उसकी स्थिति कमजोर हुई है। पूर्व सांसद भट्टाचार्य ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सोमेन मित्रा ने पार्टी के रुख के खिलाफ टिप्पणी करने के कारण 1997 में तत्कालीन पार्टी प्रमुख सीताराम केसरी के निर्देश पर बनर्जी को पार्टी से निष्कासित कर दिया था।भट्टाचार्य ने दावा किया कि उन्होंने मित्रा को इस निर्णय के खिलाफ सलाह दी थी, लेकिन आलाकमान की ओर से दबाव बहुत अधिक था। उन्होंने शनिवार को कोलकाता में मित्रा की एक प्रतिमा के अनावरण समारोह में यह टिप्पणी की। मित्रा का 2020 में निधन हो गया था।भट्टाचार्य ने रविवार को पीटीआई-भाषा से कहा, निष्कासन ने कांग्रेस को कमजोर कर दिया और हम अब भी इससे उबर नहीं पाए हैं। लेकिन ताकत हासिल करने के लिए हमें एकजुट रहना चाहिए और सोनिया गांधी, राहुल और मल्लिकार्जुन खरगे जैसे हमारे केंद्रीय नेताओं के निर्देशों का पालन करना चाहिए। जनवरी 2011 से फरवरी 2014 तक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी को अपना आधार फिर से बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बनर्जी लगातार तीसरी बार पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कांग्रेस से निष्कासित होने के बाद 1998 में तृणमूल कांग्रेस का गठन किया और अपनी पार्टी को 2011 में मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम मोर्चा की 34 साल पुरानी सरकार को अपदस्थ कर सत्ता में लाईं। भट्टाचार्य की टिप्पणी से राजनीतिक विवाद उत्पन्न हो गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने भट्टाचार्य की टिप्पणी के समय पर सवाल उठाया। उन्होंने जाहिर तौर पर राज्य में आगामी राज्यसभा चुनाव से इसके जुड़े होने का संकेत दिया।

## उत्तराखंड में निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भाजपा में शामिल

**देहरादून।** उत्तराखंड में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस की प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। बताया जा रहा है कि जोशी पार्टी हाईकमान द्वारा पिथौरागढ़ में महापौर सीट के लिए उनकी पत्नी को टिकट नहीं दिए जाने के बाद से नाखुश थे। भाजपा में शामिल होने वाले अन्य नेताओं में कांग्रेस की प्रदेश इकाई के पूर्व उपाध्यक्ष बिट्टू कर्नाटक और दो बार जिला पंचायत अध्यक्ष रहे जगत सिंह खाती शामिल हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने शनिवार को यहां पार्टी के प्रदेश कार्यालय में नेताओं का सत्तारूढ़ दल में स्वागत किया। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए नेताओं को मेहनती और योग्य व्यक्ति करार देते हुए धामी ने भरोसा जताया कि भाजपा को निकाय चुनाव में उनके अनुभव का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस में योग्य और अच्छे लोगों की कोई कद्र नहीं है। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए नेताओं ने कहा कि कांग्रेस समर्पित कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान नहीं दे रही है। जोशी ने कहा कि वह भाजपा में इसलिए शामिल हुए क्योंकि कांग्रेस में ईमानदार कार्यकर्ताओं की कोई कद्र नहीं है। उन्होंने कहा, मैंने कांग्रेस में पूरी ईमानदारी के साथ काम किया लेकिन पार्टी में इस सब की कोई कद्र नहीं है। ।

## सीआरपीएफ के पूर्व डीजी प्रकाश मिश्रा ने किताब में हल्के फुल्के पल को किया याद

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी प्रकाश मिश्रा ने अपना पूरा करियर विरोध प्रदर्शन और हिंसा जैसी खतरनाक स्थितियों से निपटने में बिताया। अब, सेवानिवृत्त होने के नौ साल बाद, वह अपनी आत्मकथा में वर्दी में जीवन के हल्के-फुल्के पहलू की झलक दिखाएंगे। किताब कॉमेडी इन खाकी: द ह्यूमरस मेमोयर्स ऑफ ए पुलिसमैन में एक अजीब बॉस के बारे में किस्से हैं जो बैठक में गुलाबी नैपकिन को देखकर भौंहें चढ़ा देता है और कैसे एक युवा मिश्रा स्कूल और प्रशिक्षण के दौरान दोस्तों और शिक्षकों के साथ शरारत करता था। इस किताब का 11 जनवरी को दिल्ली में विमोचन होगा। किताब में बताया गया है कि कैसे ओडिशा के एक जिलाधिकारी का बेटा हंसना पसंद करता था, यहां तक कि मूर्खतापूर्ण बातों पर भी, जिससे दूसरों को बहुत परेशानी होती थी। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1977 बैच के अधिकारी मिश्रा 2016 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक (डीजी) के पद से सेवानिवृत्त हुए। तीन लाख से अधिक कर्मियों वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा अर्द्धसैन्य बल है। उन्होंने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) का नेतृत्व करने के अलावा ओडिशा में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में भी कार्य किया तथा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और केंद्रीय गृह मंत्रालय में भी कार्य किया।

# भारत में तेजी से बढ़ रहा एफडीआई: गोयल

**भाषा।** नई दिल्ली

**वाणिज्य एवं** उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया, जापान, यूरोपीय संघ और अमेरिका के निवेशक भारत को शीर्ष निवेश गंतव्य के रूप में मान्यता दे रहे हैं, जिससे तेज आर्थिक वृद्धि हो रही है और लाखों नए रोजगार पैदा हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वैश्विक निवेशक भारत में गहरी रुचि दिखा रहे हैं, क्योंकि यहां मजबूत घरेलू बाजार, कुशल और प्रतिभाशाली कार्यबल और कानून का शासन जैसे कई फायदे हैं। गोयल ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं स्पष्ट रूप से देख सकता हूं कि भारत में एफडीआई एक बार फिर तेजी से बढ़ रहा है और इससे लाखों रोजगार पैदा हो रहे हैं। पश्चिम एशिया के देश, ईएफटीए क्षेत्र, जापान, यूरोपीय संघ और अमेरिका के निवेशक सभी महसूस कर रहे हैं कि भारत एफडीआई के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्य बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत का स्थिर और पूर्वानुमानित विनियामक ढांचा, अनुकूल कारोबारी माहौल और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने वाली प्रगतिशील नीतियां दुनिया भर से निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं। उन्होंने कहा, पिछले महीने मैं अमेरिका के सबसे बड़े फंडों में से एक के सीईओ से मिला, जो भारत में सबसे बड़ा निवेशक भी है। उन्होंने मुझे बताया कि पिछले 10 वर्षों में भारत में किया गया निवेश उनके फंड का अब तक का सबसे अच्छा निवेश रहा है। गोयल ने कहा कि अमेरिकी फंड ने उन्हें बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से भारत में निवेशक हैं, लेकिन उनका 80 प्रतिशत से अधिक निवेश पिछले कुछ वर्षों में हुआ है। उन्होंने कहा, सीईओ ने मुझे बताया कि वह भारत में निवेश के 20 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने के लिए भारत आएंगे और भारत में निवेश की एक और श्रृंखला की घोषणा करेंगे। मंत्री ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार का अच्छा प्रदर्शन अधिक से अधिक एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) को भी आकर्षित करेगा। वैश्विक अनिश्चितताओं और चुनौतियों के बावजूद इस साल जनवरी से भारत में औसतन मासिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा है। इस साल जनवरी-सितंबर की अवधि में देश में एफडीआई लगभग 42 प्रतिशत बढ़कर 42.13 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 29.73 अरब डॉलर था।

## वस्तुओं, सेवाओं के निर्यात में वृद्धि की रणनीति पर चल रहा काम

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि सरकार देश के माल एवं सेवाओं के निर्यात में और तेजी लाने के लिए निर्यात रणनीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय निर्यातकों की चिंताओं को दूर करके तथा भारत के प्रतिस्पर्धी लाभ एवं ताकत के क्षेत्रों की पहचान करके 2030 तक निर्यात को दो लाख करोड़ डॉलर तक ले जाने के लिए लक्षित तरीके से काम कर रहा है।गोयल ने पीटीआई-भाषा से कहा, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वस्तुओं और सेवाओं, दोनों का निर्यात अच्छा चल रहा है... हम एक निर्यात रणनीति पर काम कर रहे हैं, ताकि यह देखा जा सके कि हम वस्तुओं और सेवाओं दोनों के निर्यात में किस प्रकार तेजी ला सकते हैं। वर्ष 2024-25 में



निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाने की उम्मीद है। पिछले वित्त वर्ष में यह 778 अरब डॉलर था। आगामी बजट से निर्यात के लिए उनकी अपेक्षाओं के बारे में पूछे जाने पर, मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा निर्यातक समुदाय के लिए बहुत सहायक रहे हैं।उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री (निर्मला सीतारमण) हमारे निर्यात को समर्थन देने के लिए हमेशा सक्रिय रहेंगे। निर्यात ऋण में गिरावट और उच्च ब्याज दरों के संबंध में निर्यातकों की चिंताओं पर गोयल ने कहा कि मंत्रालय इन मुद्दों पर समग्र रूप से विचार कर रहा है और संबंधित हितधारकों के साथ बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा, हम निर्यातकों की इन चिंताओं का समाधान खोजने के लिए बैंकिंग प्रणाली और ईसीजीसी (निर्यात ऋण गारंटी निगम) के साथ लगातार काम कर रहे हैं। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अनुसार, मार्च 2022 (2,27,452 करोड़ रुपए) और मार्च 2024 (2,17,406 करोड़ रुपए) के बीच निर्यात ऋण में पांच प्रतिशत की गिरावट आई है।

# इजराइल का फलस्तीनी सुरक्षा बल पर हमला

## ● कार्रवाई के दौरान एक सदस्य मारा गया



भाषा। यरूशलम

**इजराइली सेना** की कार्रवाई में वेस्ट बैंक में फलस्तीनी सुरक्षा बल का एक सदस्य मारा गया। इजराइली सेना ने इस सदस्य पर आतंकवादी होने का आरोप लगाया था। इस बीच, रविवार को फलस्तीनी लोगों ने एक दिन पहले गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में मारे गए छह लोगों को अंतिम विदाई दी। मृतकों में एक किशोर भी शामिल था। एक अलग घटनाक्रम में इजराइल ने चेतावनी दी है कि यदि हिजबुल्ला के आतंकवादी सीमा से नहीं हटते हैं और लेबनानी सैनिक बफर जोन की निगरानी करने में विफल रहते हैं तो लेबनान में संघर्ष विराम समझौता समाप्त हो सकता है। बफर जोन दो या दो से ज्यादा विरोधी ताकतों के बीच का एक तटस्थ क्षेत्र होता है। इजराइल की अर्धसैनिक सीमा पुलिस ने कहा कि उसने हसन रबैया को गिरफ्तार करने के लिए पश्चिमी तट के मीथालून गांव में एक अभियान चलाया। उसने उसे वांछित आतंकवादी बताया है। उसने बताया कि भागने की कोशिश करते समय हुई गोलीबारी में वह मारा गया और सैनिकों को उसके घर के अंदर एक बन्दूक, हथियार के हिस्से और लगभग 26,000 अमेरिकी डॉलर नकद मिले। मीथालून उत्तरी पश्चिमी तट के शहर जेनिन के निकट स्थित है, जो हाल के वर्षों में इजराइल-फलस्तीनी हिंसा का केंद्र रहा है। फलस्तीनी सुरक्षा सेवाओं ने रबैया की पहचान अपने सुरक्षा बल में प्रथम लेफ्टिनेंट के रूप में की है और कहा है कि वह अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए मारा गया। गाजा में लगभग 14 महीने की लड़ाई को रोकने के लिए 27 नवंबर को हुए समझौते के तहत हिजबुल्ला को दक्षिणी लेबनान में तुरंत अपने हथियार डालने होंगे। इसने इजराइल को अपनी सेना वापस बुलाने और लेबनानी सेना तथा संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को नियंत्रण सौंपने के लिए 60 दिन का समय दिया था।इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के कई शहरों में से केवल दो से ही अब तक सेना वापस बुलाई है।

### हिजबुल्ला सरगना नसरल्लाह की पिछले साल युद्ध संचालन कक्ष में मौत हुई थी: वाकिक सफा

**बेरूत।** इजराइल के हवाई हमले में पिछले वर्ष हिजबुल्ला सरगना हसन नसरल्लाह की जब मौत हुई थी तब वह आतंकवादी समूह के युद्ध संचालन कक्ष में था। हिजबुल्ला के एक सदस्य ने रविवार को यह जानकारी दी। बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में इजराइली हवाई हमलों में 27 सितंबर, 2023 को कई इमारत ध्वस्त हो गई थीं जिसमें नसरल्लाह की मौत हो गई थी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि छह लोगों की मौत हो गई थी। खबरों के अनुसार नसरल्लाह और अन्य वरिष्ठ सदस्य भूमिगत बैठक कर रहे थे। हिजबुल्ला के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी वाफिक सफा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, हसन नसरल्लाह इस स्थान से लड़ाई और युद्ध का नेतृत्व करता था। उन्होंने कहा कि नसरल्लाह की मौत युद्ध संचालन कक्ष में हुई। उन्होंने अन्य विस्तृत जानकारी नहीं दी। लेबनानी मीडिया की खबर के अनुसार युद्ध विराम से पहले सफा मध्य बेरूत में इजराइली हवाई हमलों का लक्ष्य था, लेकिन वह सुरक्षित दिखाई दिया।लेबनान और हिजबुल्ला देशभर में जारी इजराइली हमलों और हवाई हमलों और इसके नियंत्रण वाले कई लेबनानी गांवों में से केवल दो से ही पीछे हटने के लिए भी आलोचना करते रहे हैं। इजराइल का कहना है कि लेबनानी सेना ने हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे को नष्ट करने में अपना सहयोग नहीं दिया है। हिजबुल्ला के मौजूदा प्रमुख नईम कासेम ने शनिवार को टेलीविजन पर दिए गए संबोधन में चेतावनी दी कि यदि इजराइल के सैनिक महीने के अंत तक दक्षिणी इजराइल से बाहर नहीं जाते हैं तो उसके लड़ाके इजराइल पर हमला करेंगे।

# ऑस्ट्रिया की पीपुल्स पार्टी ने क्रिश्चियन स्टॉकर को अंतरिम नेता नामित किया

## ● चांसलर कार्ल नेहमर के इस्तीफे की संभावना

भाषा। वियना

**ऑस्ट्रिया** की पीपुल्स पार्टी ने चांसलर कार्ल नेहमर के इस्तीफे की संभावना को देखते हुए अपने महासचिव क्रिश्चियन स्टॉकर को अंतरिम नेता नामित किया है। ऑस्ट्रियाई समाचार एजेंसी एपीए ने यह खबर दी है। सोशल डेमोक्रेट्स के साथ गठबंधन संबंधी बातचीत ठप हो जाने के बाद नेहमर ने शनिवार को घोषणा की कि वह अगले कुछ दिनों में इस्तीफा दे देंगे। वकील और ऑस्ट्रियाई संसद के सदस्य स्टॉकर 2022 से पीपुल्स पार्टी के महासचिव हैं। उन्हें एक अनुभवी और संकट निवारक वार्ताकार के रूप में देखा जाता है जो विवादास्पद निर्णयों का बचाव करने के लिए अक्सर ऑस्ट्रियाई मीडिया में नजर आते रहे हैं। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि नई सरकार के गठन होने तक कौन कार्यवाहक चांसलर होंगे। विशेष पुलिस बलों के सुरक्षा घेरे में नेहमर वियना में राष्ट्रपति कार्यालय गए। नेहमर (52) के साथ बैठक पूरी हो जाने के बाद ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलन अगले कदमों की घोषणा सार्वजनिक बयान जारी करके करेंगे। नेहमर 2021 में तब चांसलर और रूढ़िवादी पार्टी के नेता बने थे, जब उनके पूर्ववर्ती सेबेस्टियन कुर्ज को भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद पद छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था।शुक्रवार को ऑस्ट्रिया में तब राजनीतिक उथल-पुथल हो गई, जब उदारवादी पार्टी एनईओएस ने मध्य वामपंथी (सेंटर-लेफ्ट) सोशल डेमोक्रेट्स और रूढ़िवादी पीपुल्स पार्टी के साथ गठबंधन वार्ता से हाथ खींच लिया। संसद में कम सांसदों वाली दो शेष पार्टियों ने शनिवार को बातचीत कर सरकार बनाने का एक और प्रयास किया, लेकिन यह प्रयास भी कुछ घंटों में विफल हो गया।



### पाक: सहायता काफिले को हिंसा प्रभावित कुर्म की ओर जाने की मंजूरी दी गई

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के हिंसाग्रस्त कुर्म जिले के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री और दवाइयां लेकर जा रहे सहायता काफिले को शनिवार को अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा निशाना बनाए जाने के बाद रविवार को आगे बढ़ने की सुरक्षा मंजूरी दे दी गई है। हालांकि, 80 वाहनों का काफिला ताल में रुका हुआ है, क्योंकि पाराचिनार-ताल मार्ग बंदूकधारियों के हमले के बाद बंद कर दिया गया है। इस हमले में कुर्म के उपायुक्त जावेदुल्लाह महसूद घायल हो गए थे।खैबर पख्तूनख्वा सरकार के प्रवक्ता बैरिस्टर मुहम्मद अली सैफ ने पुष्टि की कि बंदूकधारियों के हमले के बाद ताल क्षेत्र में फंस गए।

### स्टार्मर इस्लामोफोबिया की परिभाषा संबंधी योजना को रद्द करें: कंजर्वेटिव पार्टी

**लंदन।** ब्रिटेन की विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर से इस्लामोफोबिया की आधिकारिक परिभाषा से संबंधित सरकारी योजना को रद्द करने की मांग कर रही है। विपक्षी दल को आशंका है कि संबंधित योजना से गलत कामों के खिलाफ कार्वाई और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर रोक लग जाएगी। छाया न्याय मंत्री रॉबर्ट जेनरिक ने इस सप्ताह के अंत में कहा कि इस्लामोफोबिया के झूठे ठप्पे से बच्चों का शोषण करने वाले गिरोह के खिलाफ जांच में बाधा उत्पन्न हुई, जिसमें पाकिस्तानी पुरुष शामिल थे। यह बयान तब आया जब द डेली टेलीग्राफ अखबार ने दावा किया कि लेबर पार्टी सरकार मुस्लिम विरोधी भेदभाव की औपचारिक परिभाषा पर विचार कर रही है। जेनरिक ने अखबार से कहा, सरकार को इस्लामोफोबिया की इतनी गहरी त्रुटिपूर्ण परिभाषा की अपनी योजना छोड़ देनी चाहिए।

### यूनान के पूर्व पीएम कोस्टास सिमिटिस का निधन

**एथेंस।** यूनान के पूर्व प्रधानमंत्री कोस्टास सिमिटिस का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सरकारी टेलीविजन ईआरटी ने यह जानकारी दी। सिमिटिस को रविवार तड़के बेहोशी की हालत मे एथेंस के पश्चिमी हिस्से स्थित उनके घर से कोरिंथ शहर के एक अस्पताल ले जाया गया था। यूनान की मीडिया ने अस्पताल के निदेशक के हवाले से यह जानकारी दी है। मृत्यु का सटीक कारण पता लगाने के लिए पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। पीएएसओके पार्टी के सह संस्थापक सिमिटिस ने बाद मे पार्टी के संस्थापक नेता एंड्रियास पपांद्रेउ की जगह ली थी। सिमिटिस के परिवार मे उनकी 60 वर्षीय पत्नी डेफ्ने और दो बेटियां है

### पावर ऑफ पांच को देखेगी पूरी दुनिया

**इंडियाना।** गहरे प्यार अद्भुत दोस्ती और छुपी हुई शक्तियों के संगम के पावर ऑफ पांच डिज़्नी हॉटस्टार पर पूरी दुनिया में दिखेगी। इस आगामी ड्रामा सीरीज में युवाओं के बीच दोस्ती की एक दिलचस्प कहानी दिखाई जायेगी। जिसमें रहस्यों, गहरे राज और बेवफाई की परतें खुलेंगी। इस सीरीज की स्ट्रीमिंग 17 जनवरी 2025 से शुरू होने जा रही है। शो का निर्माण एकता आर कपूर बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड ने किया है और इसमें इनफ्लुएंसर और एक्ट्रेस रीवा अरोड़ा, आदित्य राज अरोड़ा, जयवीर जुनेजाए बियांका अरोड़ा, यश सेहगल, उर्वशी ढोलकिया, बर्खा बिष्ट, तान्वी गडकरी, अनुबा अरोड़ा, उमर कंधारी,सागर ढोलकिया, भानुज सूद और अन्य कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। शो की प्रोड्यूसर एकता आर कपूर ने बताय कि मैं ऐसे कंटेन्ट बनाने में यकीन रखती हूंए जो हर उम्र और पृष्ठभूमि के लोगों को पसंद आये। ओटीटी प्लेटफार्म्स की खूबसूरती यह है कि वे विभिन्न क्षेत्रों में विविधता वाले दर्शकों तक पहुँच सकते हैं और कहानी कहने की कला को ज्यादा रोमांचक बना देते हैं।

### जर्मनी में होने वाली बैठक में यूक्रेन सहयोगियों से हवाई सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध करेगा: जेलेंस्की

भाषा। कीव

**यूक्रेन के** राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि वह जर्मनी में इस सप्ताह होने वाली बैठक में अपने सहयोगियों से अपनी हवाई सुरक्षा बढ़ाने का आह्वान करेंगे। जेलेंस्की ने कहा कि जर्मनी के रामस्टीन वायुसेना ठिकाने पर बृहस्पतिवार को होने वाली रामस्टीन समूह की बैठक में दर्जनों साझेदार देश हिस्सा लेंगे, जिनमें वे देश भी शामिल होंगे जो न केवल मिसाइलों से बचाव के लिए, बल्कि निर्देशित बमों और रूसी विमानन के खिलाफ भी हमारी क्षमताओं को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने शनिवार को अपने रात्रिकालीन संबोधन में कहा, हम उनके साथ इस पर चर्चा करेंगे और उन्हें मनाने का प्रयास जारी रखेंगे। हमारा लक्ष्य अब भी हमारी वायु रक्षा को मजबूत करना है। अमेरिका के रक्षामंत्री लॉयड जे. ऑस्टिन इस बैठक में भाग लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अक्टूबर में रामस्टीन में होने वाले शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले थे, लेकिन अमेरिका में आए तूफान मिल्टन के कारण वह शामिल नहीं हो सके। जेलेंस्की यह मांग ऐसे समय करेंगे जब अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को कार्यभार संभालेंगे और लगभग तीन साल से चल रहे युद्ध को शीघ्र समाप्त करने का संकल्प लेंगे।

# बाइडन ने हिलेरी क्लिंटन, जॉर्ज सोरोस को प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम प्रदान किया

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन, विवादित निवेशक जॉर्ज सोरोस, वोग की प्रधान संपादक एना विंटोर, वैज्ञानिक बिल नेई और अभिनेता डेनजेल वाशिंगटन सहित 19 लोगों को शनिवार को देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम प्रदान किया। प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने अमेरिका की समृद्धि, उसके मूल्यों, सुरक्षा, विश्व शांति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो या सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण काम किए हों। पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के कारण अर्जेंटीना के फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी अमेरिकी राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत रूप से व्हाइट हाउस में उपस्थित नहीं हो सके। बाइडन ने व्हाइट हाउस के ईस्ट रूम में आयोजित समारोह में कहा, राष्ट्रपति के रूप में अंतिम बार मुझे हमारे देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान मेडल ऑफ फ्रीडम को असाधारण लोगों के एक समूह को प्रदान करने का सम्मान मिला है। ऐसे लोग जिन्होंने अमेरिका की संस्कृति और उद्देश्य को आकार देने में योगदान दिया। पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, रक्षा मंत्री लॉएड ऑस्टिन, कई मंत्रियों तथा अन्य गणमान्य लोगों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। समारोह में अपने संबोधन में बाइडन ने कहा, लोगों के इस समूह ने अपनी अंतर्दृष्टि और प्रभाव से हमारे देश पर एक अविश्वसनीय छाप छोड़ी है जिसे दुनिया भर के प्रमुख शहरों और दूरदराज के क्षेत्रों में देखा जा सकता है...। अमेरिका में नस्लीय न्याय के लिए संघर्ष करने वाले फैनी लू हैमर, देश के 25वें रक्षा मंत्री रहे एश्टन कार्टर, नस्लीय अलगाव का जमकर विरोध करने वाले पूर्व अटॉर्नी जनरल रॉबर्ट फ्रांसिस कैनेडी और कारोबारी एवं अमेरिकन मोटर्स कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष रहे जॉर्ज डब्ल्यू रोमनी को मरणोपरांत यह पदक प्रदान किया गया। ए पदक इनके परिवार के सदस्यों ने प्राप्त किए। विवादित निवेशक जॉर्ज सोरोस की ओर से यह पुरस्कार उनके बेटे एलेक्स सोरोस ने ग्रहण किया। प्रदान किए गए प्रशस्ति पत्र में कहा गया है,"हंगरी में एक यहूदी परिवार में जन्मे जॉर्ज सोरोस ने नाजी कब्जे से बचकर अपने लिए और दुनिया भर में अनगिनत लोगों के लिए स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया। पत्र में कहा गया है,"इंग्लैंड में शिक्षा प्राप्त करने के बाद वह अमेरिका में बस गए और एक निवेशक तथा परोपकारी व्यक्ति बन गए, जिन्होंने खुले समाज, अधिकार और न्याय, समता और समानता, वर्तमान और भविष्य के महत्वपूर्ण सिद्धांतों की पैरवी की। जॉर्ज सोरोस ने एक बयान में कहा,एक आप्रवासी के रूप में मैं इस सम्मान से बहुत अभिभूत हूं। हालांकि, सोरोस को यह पुरस्कार देने के लिए मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (एमएजीए) के समर्थकों और रिपब्लिकन नेतृत्व ने बाइडन की आलोचना की है। रिपब्लिकन नेता निक्की हेली ने कहा,हत्यारों की सजा कम करने और उनके बेटे को माफ करने के बाद जॉर्ज सोरोस को राष्ट्रपति पदक देना अमेरिका के चेहरे पर एक और तमाचा है... मोंटाना के सीनेटर टिम शेही ने न्यूयॉर्क पोस्ट से कहा, जॉर्ज सोरोस ने अपराध के प्रति नरम रुख रखने वाले राजनेताओं को चुनने में लाखों डॉलर खर्च किए।



### संत शदाराम साहिब की जयंती पर 84 भारतीय हिंदू श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान पहुंचा

**लाहौर।** शिव अवतारी सतगुरु संत शदाराम साहिब की 316वीं जयंती मनाने के लिए रविवार को 84 हिंदू तीर्थयात्रियों का जत्था वाघा सीमा के रास्ते भारत से पाकिस्तान पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। संत शदानी दरबार सिंध सूबे में मौजूद है। वीजा जारी करना, धार्मिक स्थलों की यात्रा पर पाकिस्तान-भारत प्रोटोकॉल, 1974 के समझौते के अंतर्गत आता है। इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता गुलाम मोहयुद्दीन ने पीटीआई-भाषा को बताया, भगवान शिव के अवतार श्री गुरु स्वामी शदाराम की जयंती मनाने के लिए युशिष्ठर लाल के नेतृत्व में लगभग 84 हिंदू तीर्थयात्रियों का जत्था भारत से यहां पहुंचा। उन्होंने कहा कि ईटीपीबी के अतिरिक्त सचिव सैफुल्ला खोखर ने वाघा सीमा पर तीर्थयात्रियों का स्वागत किया तथा बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अता-उर-रहमान की ओर से उन्हें गुलदस्ते भेंट किए। हिंदू तीर्थयात्री वाघा सीमा से सीधे सिंध के शादानी दरबार हयात पिताफी के लिए रवाना हो गए, जहां मुख्य समारोह और धार्मिक अनुष्ठान होंगे।अपने प्रवास के दौरान तीर्थयात्री अन्य धार्मिक स्थलों का भी दौरा करेंगे, जिनमें योग माता मंदिर अकीलपुर, घोटकी, पानो अकील, सुक्कुर और ऐतिहासिक साधु बेला मंदिर शामिल हैं।हिंदू तीर्थयात्री 14 जनवरी को ननकाना साहिब (सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक की जन्मस्थली) में एक दिन बिताएंगे और अगले दिन भारत लौट आएंगे। नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग ने इस आयोजन के लिए 94 भारतीय तीर्थयात्रियों को वीजा जारी किए, लेकिन उनमें से केवल 84 ही पाकिस्तान गए।

### एक्ट्रेस ऐश्वर्या खरे ने लगाई थाईलैंड सोलो ट्रिप

थाइलैंड। डेली सोप के सेट पर ज़िंदगी कितनी व्यस्त होती है यह भाग्य लक्ष्मी की ऐश्वर्या खरे से बेहतर भला कौन जान सकता है! पूरे साल लंबी शूटिंग और इमोशनल स्टोरीलाइन से जूझने के बादए ऐश्वर्या ने इस साल को एक खुशनुमा मोड़ पर खत्म करने के लिए अपने काम से ब्रेक लेकर एक सोलो ट्रिप का लुत्फ उठाया। एक्टिंग के प्रति अपनी लगन के लिए मशहूर ऐश्वर्या ने 2024 में अपने रोल में जान डाल दीए जिस पर दर्शक फिदा हो गए। आखिरकार खुद के लिए समय निकालकर हुएए ऐश्वर्या ने थाईलैंड का रुख कियाए जो उनकी बकेट लिस्ट का एक ड्रीम डेस्टिनेशन था। शांत समुद्र तटों पर घूमते हुए और प्राचीन मंदिरों में सुकून ढूंढते हुएए उन्होंने इस सफ़र के दौरान खुद को तरोताजा किया और अपने आप से जुड़ गईं। पिछले दो सालों में ऐश्वर्या ने बाली और सेशेल्स जैसे डेस्टिनेशन भी एक्सप्लोर किए हैं। लगता हैए सोलो ट्रिप्स अब उनकी हर साल की परंपरा बन चुकी हैं। अपनी थाईलैंड ट्रिप के बारे में ऐश्वर्या ने कहाए ष्एक शानदार लेकिन चैलेंजिंग साल के बादए मैंने आखिरकार न्यू ईयर सेलिब्रेट करने और बीते दिनों के बारे में सोचने के लिए यह बेहद जरूरी ब्रेक लिया। एक बीच लवर होने के नातेए मैंने थाईलैंड को अपने सोलो एस्केप के लिए चुनाए और यह मेरी उम्मीदों से भी परे निकला। थाईलैंड की सुकून भरी खूबसूरती ने मुझे वो शांति और सुकून दियाए जिसकी मुझे तलाश थी। हर शामए समुद्र तट पर जादुई सनसेट देखना मेरी ट्रिप का सबसे पसंदीदा हिस्सा बन गया। मैंने खुद को पारंपरिक थाई मसाज का गिफ्ट दियाए क्रिस्टल क्लियर पानी में स्नॉर्कलिंग की और वहां के सबसे लज़ीज़ लोकल व्यंजनों का मज़ा लिया। इस साल को प्रकृति के बीच विदाई देना वाकई ताज़गी भरा अनुभव रहाए और अब मैं नई एनर्जी और जोश के साथ नए साल में कदम रखने के लिए तैयार हूं। ऐश्वर्या की ये छुट्टियां वाकई शानदार रही हैंऔर ऐसा लग रहा है कि वो नए साल की शुरुआत के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### क्या वेगनरी में भाग लेने से लोग लंबे समय तक मांसाहार से दूर रहते हैं? सबूत क्या कहते

एक्सेटर। मनुष्य लंबे समय से जानवरों को मारने और खाने के बारे में अपनी अंतरात्मा से जूझता रहा है। मांस विरोधाभास (मांस के लिए लोगों की पसंद और जानवरों के लिए उनकी चिंता के बीच संघर्ष) ने 37,000 साल पहले संभवत: गुफा चित्रों को प्रेरित किया होगा। तब से, कई प्रमुख विचारकों ने मांस का त्याग कर दिया है, जिनमें पाइथागोरस, लियोनार्दो दा विंची, मैरी शेली और महात्मा गांधी शामिल हैं। आज, अमेरिका के आधे वयस्क और ब्रिटेन के तीन-चौथाई वयस्क फैक्टरी फार्मिंग का विरोध करते हैं, जहां लगभग सारा मांस उत्पादित होता है। इसके बावजूद केवल दस में से एक व्यक्ति ही मांस रहित आहार ग्रहण करता है। कई देशों में पादक आधारित आहार बहुत ही स्वादिष्ट और सस्ते होते हैं। इन्हें अपनाने से हर साल 80 अरब से ज्यादा जानवरों की जान बच जाएगी और मांसाहारी आहार की तुलना में पर्यावरण को 75 प्रतिशत कम नुकसान होगा। स्वास्थ्य और दीर्घायु होने के लिए पादप आधारित आहार अपनाने के लाभ तेजी से स्थापित हो रहे हैं और इसी के चलते एक प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ ने टिप्पणी की है, हृदय रोग विशेषज्ञ दो प्रकार के होते हैं: शाकाहारी और वे जिन्होंने आंकड़ों का अवलोकन नहीं किया है। शाकाहारी भोजन के इन सिद्ध लाभों के बावजूद, अधिकांश लोग मांस खाना जारी रखते हैं, तथा किसी भी मनोवैज्ञानिक असहजता को कम करने के लिए रक्षात्मक तर्क या नैतिक अलगाव और परहेज जैसी रणनीतियों का उपयोग करते हैं।वेगनरी अभियान 2014 से हर जनवरी में चलाया जाता है जिसके तहत लोगों को जनवरी में पादप आधारित आहार के लिए प्रोत्साहित करता है। इसमें सूअरों, चूजों की तस्वीरों के आधार पर मनोवैज्ञानिक प्रतिरोध को तोड़ने और चुनौती देने की कोशिश की जाती है। इस अभियान में पिछले साल करीब 2.5 करोड़ लोग शामिल हुए, जिनमें ब्रिटेन की लगभग चार प्रतिशत जनसंख्या शामिल थी। वेगनरी द्वारा किए गए अनुसंधान से पता चलता है कि 80 प्रतिशत से अधिक प्रतिभागियों ने मांस के उपभोग में बड़ी कटौती कर दी, तथा छह महीने के बाद अपने सेवन को आधा या उससे भी अधिक तक कम कर दिया।एक्सेटर विश्वविद्यालय में, हमने वेगनरी प्रतिभागियों पर स्वतंत्र रूप से तीन ऑनलाइन अध्ययन किए हैं (चौथा अध्ययन चल रहा है) और पाया कि जब लोग मांस का सेवन कम कर देते हैं या उससे परहेज करते हैं, तो वे मांस और स्वयं को अलग तरह से देखने लगते हैं। मांस से घृणा-औसतन, लोगों को मांस कम पसंद आता है, कुछ लोगों को तो यह घृणित भी लगता है। यह हमारे पिछले अनुसंधान में सामने आया कि 74 प्रतिशत शाकाहारियों और 15 प्रतिशत फ्लेक्सिटेरियन लोगों को मांस घृणित लगता है। हमारे एक अन्य अध्ययन (जो समीक्षा के अधीन है) से पता चलता है कि यह मांस के प्रति घृणा बहुत गहरी है। जो लोग इसकी रिपोर्ट करते हैं (मुख्य रूप से शाकाहारी) वे मांस खाने के विचार पर उसी तरह प्रतिक्रिया करते हैं जैसे मांस खाने वाले मल, या मानव या कुत्ते का मांस खाने के विचार पर प्रतिक्रिया करते हैं।

# बाइडन प्रशासन पिछले कुछ दशकों में प्रबल भारत समर्थक प्रशासनों में से एक रहा है : विशेषज्ञ

भाषा। वाशिंगटन

**विदेशी मामलों की** जानकार एवं जानी मानी विशेषज्ञ अपर्णा पांडे का कहना है कि निवर्तमान बाइडन प्रशासन पिछले कुछ दशकों में सबसे अधिक भारत समर्थक प्रशासनों में से एक रहा है और किसी अन्य राष्ट्रपति प्रशासन के लिए इसका अनुसरण करना कठिन होगा। हडसन इंस्टीट्यूट में फ्यूचर ऑफ इंडिया एंड साउथ एशिया पहल की निदेशक अपर्णा पांडे ने पीटीआई से कहा, निवर्तमान बाइडन प्रशासन पिछले कुछ दशक में सबसे ज्यादा भारत समर्थक प्रशासनों में से एक रहा है और किसी भी राष्ट्रपति प्रशासन के लिए इसका अनुसरण करना कठिन कार्य होगा। भारत के साथ संबंध इस विश्वास के कारण मजबूत हुए कि भारत का विकास अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के लिए महत्वपूर्ण है। चाणक्य टू मोदी: इवोल्यूशन ऑफ इंडियाज फॉरेन पॉलिसी सहित कई पुस्तकों की लेखिका पांडे ने कहा कि उच्च प्रौद्योगिकी सहित सुरक्षा तथा रक्षा क्षेत्र में संबंधों में मजबूती आई है जिसकी भारत दशकों से उम्मीद कर रहा था। आगामी ट्रंप प्रशासन में भारत-अमेरिका संबंधों के बारे में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है जिन्हें दोनों दलों का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा, भारत के प्रधानमंत्री मोदी के साथ ट्रंप के संबंध अच्छे हैं और भारत के बारे में ट्रंप का रुख सकारात्मक है। प्रमुख पदों के लिए नामित उनके सहयोगी माइक वाल्ट्ज, मार्को रुबियो ने भी लंबे समय से भारत समर्थक रुख दिखाया है।



# 18 करोड़ को मतदान से वंचित किया गया: बांग्लादेश के मुख्य चुनाव आयुक्त

**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) एएमएम नासिर उद्दीन ने रविवार को कहा कि लगभग 18 करोड़ लोगों को उनके मतदान के अधिकार से वंचित कर दिया गया और चुनाव आयोग उनका यह अधिकार वापस करना चाहता है। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, सीईसी ने मतदाता सूची अद्यतन करने की प्रक्रिया से पहले चुनाव अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग इतने लंबे समय तक मतदान के अधिकार से वंचित रहे लोगों का अधिकार वापस करना चाहता है। सीईसी ने कहा, हम उनके इस दर्द को दूर करना चाहते हैं। हम अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं। संभावित मतदाताओं की सूची को अद्यतन करने के लिए देश भर में घर-घर जाकर डेटा संग्रह 20 जनवरी से शुरू होगा। सीईसी ने कहा कि वह यहां उन 18 करोड़ लोगों की बात सुनने के लिए हैं जो मतदान के अधिकार से वंचित होने से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा, हमने जिम्मेदारी ली है ताकि हम उनकी पीड़ा को दूर कर सकें।

# प्रसव का कष्टदायक अनुभव स्तनपान को कैसे करता है प्रभावित

भाषा। लिंकन (ब्रिटेन)

**बच्चे को जन्म** देना बहुत खुशी का पल होता है। लेकिन कुछ माताओं के लिए, बच्चे को जन्म देने का अनुभव कष्टप्रद हो सकता है और मानसिक आघात का कारण बन सकता है।प्रसव पीड़ा शारीरिक जटिलताओं और मनोवैज्ञानिक विकार दोनों का कारण हो सकती है। अक्सर ऐसा तब होता है जब माताएं प्रसव के दौरान खुद को असमर्थ महसूस करती हैं। शोध से पता चलता है कि तीन में से एक माता को बच्चे को जन्म देने का अनुभव आघातपूर्ण लगता है, तथा लगभग चार प्रतिशत माताओं में प्रसवोत्तर तनाव विकार (पीटीएसडी) विकसित हो जाता है। इस मानसिक आघात के कारण थकावट, भावनात्मक तनाव, तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ होने में लम्बा समय लग सकता है।बच्चों को जन्म देने के समय का अनुभव स्तनपान को भी प्रभावित कर सकता है। मेरे शोध में पाया गया है कि जो माताएं अपनी चिकित्सकीय देखभाल से संतुष्ट थीं और अपने प्रसव के अनुभव को सकारात्मक रूप से लेती थीं, उनके द्वारा अपने बच्चों को स्तनपान कराने की संभावना अधिक होती थी। इन माताओं द्वारा अपने शिशु के पहले जन्मदिन के बाद भी स्तनपान जारी रखने की संभावना अधिक थी।दूसरी ओर, जिन माताओं को प्रसव के दौरान परेशानी का अनुभव हुआ, उनमें स्तनपान कराने या लम्बे समय तक स्तनपान जारी रखने की संभावना कम थी। कष्टदायक प्रसव से शुरुआती जुड़ाव में बाधा आ सकती है, जिससे माताएं भावनात्मक रूप से अलग महसूस कर सकती हैं। कुछ माताएं बताती हैं कि वे बिना किसी भावनात्मक जुड़ाव के अपने बच्चे की देखभाल कर रही हैं। शारीरिक चुनौतियों का भी असर हो सकता है। दर्द, थकान और सीमित गतिशीलता के कारण शिशु को सही स्थिति में रखना या स्तनपान कराना मुश्किल हो सकता है। जिन माताओं को अधिक प्रसव पीड़ा होती है, उन्हें स्तनपान कराने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन कई रणनीतियां इन चुनौतियों से निपटने में मदद कर सकती हैं।

प्रसवोत्तर देखभाल के केवल शारीरिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, ए पेशेवर अपने रोगियों के सामने आने वाली भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक चुनौतियों पर भी विचार करते हैं।परामर्श या सहकर्मी समूहों के माध्यम से भावनात्मक समर्थन माताओं को कष्टप्रद अनुभवों से निपटने में मदद कर सकता है और अकेलेपन को कम कर सकता है।आघात के बाद मातृत्व-मातृत्व की यात्रा को एक दर्दनाक शुरुआत से परिभाषित नहीं किया जाना चाहिए। स्तनपान से कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं, लेकिन लंबे समय में मां-बच्चे के बीच संबंध के लिए यह जरूरी नहीं है। हाल में हुए शोधों से पता चलता है कि स्तनपान कराने वाली और फॉर्मूला दूध पिलाने वाली माताओं के बीच संबंध की गुणवत्ता में कोई खास अंतर नहीं होता है। फॉर्मूला दूध में मां के दूध की तरह प्रोटीन, शर्करा, वसा और विटामिन के मिश्रण का इस्तेमाल किया जाता है। जन्म के समय होने वाला आघात निस्संदेह एक कठिन शुरुआत है।



### बाईलेटरल लंग ट्रांसप्लांटेशन थोरासिक केयर में नया मानक

हाल ही बाईलेटरल लंग ट्रांसप्लांट किया गया। इस जटिल प्रक्रिया की सफ्लता से एडवांस्ड थोरासिक केयर और इनोवेटिव सर्जिकल एक्सीलेंस के लिए इस हॉस्पिटल की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। ग्लेनईगल्स बीजीएस हॉस्पिटल बैंगलुरू में 44 वर्ष की श्रीमती विनोदा एम का सफल आपरेश हुआ। श्रीमती विनोदा को एंड.स्टेज की इंटरस्टिशियल लंग डिज़ीज़ थी। उन्हें आठ महीनों से साँस लेने में कठिनाई महसूस हो रही थी, और गंभीर खाँसी हो रही थी। उन्हें घर पर हाई.फ्लो ऑक्सीजन थेरेपी देनी पड़ रही थी। उनकी लगातार बिगड़ती हालत के कारण कर्नाटक एसओटीटीओ में बाईलेटरल लंग ट्रांसप्लांट के लिए उनका पंजीकरण कराया गया। 13 नवंबरए 2024 को मैंचिंग साईज़ और कंपैटिबल ब्लड ग्रुप का मृत डोनर मिलने के बाद उनका बाईलेटरल सीक्रेंशल लंग ट्रांसप्लांट किया गया। यह प्रक्रिया वेनो.आर्टेरियल ईसीएमओ सपोर्ट की मदद से की गई। सर्जरी का नेतृत्व डा. बालासुब्रमणी गोविनीए डायरेक्टर एवं एचओडीए कार्डियोथोरासिक और वैस्कुलर सर्जरीए एवं हार्ट लंग ट्रांसप्लांट ने किया। इस प्रक्रिया के बारे में डॉ. गोविनी ने कहा कि इतने हाई.रिस्क ट्रांसप्लांट के लिए बहुत जटिल प्लानिंग और प्रेसिज़न की जरूरत होती है। इस सर्जरी के सफ्ल परिणामों से हमारी टीम की विशेषज्ञता और विश्वस्तरीय केयर के लिए हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। ऑपरेशन के बाद श्रीमती विनोदा को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा जिनमें रेस्पिरेटरी मशल वीकनेस और संक्रमण शामिल थे। लेकिन डॉण् अपार जिंदलए एचओडी पल्मोनोलॉजी एंड लंग ट्रांसप्लांट प्रोग्राम के मार्गदर्शन में एक मल्टीडिसिप्लिनरी टीम ने उन्हें विस्तृत केयर प्रदान की। उन्हें ट्रेकियोस्टोमी मैनेजमेंटए टारगेटेड एंटीबायोटिक और एंटीफंगल थेरेपी दी गई ताकि उनकी गहन देखभाल करते हुए उन्हें पुन: स्वस्थ किया जा सके। इस मामले में डॉण् जिंदल ने कहाए ष्इस ट्रांसप्लांट की सफ्लता से एक सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण का महत्व प्रदर्शित होता है। हमारी टीम के बेजोड़ समर्पण ने मरीज को स्वस्थ बनाने में अहम योगदान दिया। इस अत्यधिक जटिल प्रक्रिया की पेरिऑपरेटिव और इंट्राऑपरेटिव जटिलताओं को डॉ शरण्या कुमार सीनियर कंसल्टैंट ट्रांसप्लांट एनेस्थेटिस्ट ने संभाला।

पायनियर
नई दिल्ली , सोमवार, 6 जनवरी, 2025



# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दिया करारा झटका

- डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर किया
- दस साल बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती

**भाषा।** सिडनी

**शीर्ष खिलाड़ियों** की खराब फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम रविवार को यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट में छह विकेट से हार के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल से बाहर हो गई जबकि ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-। से जीतकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाई। बदलाव के कठिन दौर से गुजर रही भारतीय टीम को अब स्वदेश लौटने के बाद काफी आत्ममंथन करना होगा। वहीं गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अब 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया की नजरें जहां अब लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी मेस (गदा) जीते पर टिकी होंगी तो वहीं इस चैंपियनशिप की शुरुआत के बाद से यह पहला मौका होगा जब भारत फाइनल नहीं खेलेगा। बुमराह पीठ में जकड़न के बावजूद अगर गेंदबाजी करने की स्थिति में होते तो 162 रन का लक्ष्य मुश्किल हो सकता था लेकिन उनकी गैरमौजूदगी में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर इस स्कोर का बचाव करना लगभग असंभव था। बुमराह को पांच मैच में 32 विकेट चटकाने के लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया लेकिन भारत के लचर प्रदर्शन के लिए यह कोई सांत्वना की स्थिति नहीं थी। बुमराह ने पुरस्कार वितरण समारोह में दौरान दूसरी पारी में गेंदबाजी करने में असमर्थता पर कहा, यह थोड़ा निराशाजनक है लेकिन कभी-कभी आपको अपने शरीर का सम्मान करना होता है। आप अपने शरीर से नहीं लड़ सकते। निराशाजनक, शायद श्रृंखला के सबसे अच्छे विकेट पर गेंदबाजी करने से चूक गया। कृष्णा (65 रन पर तीन विकेट) और सिराज (69 रन पर एक विकेट) मेजबान टीम के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में नाकाम रहे जबकि कप्तान की भूमिका निभा रहे विराट कोहली ने इन्हीं दोनों तेज गेंदबाजों पर भरोसा बरकरार रखा।



### बॉर्डर के साथ नहीं बुलाए जाने पर गावस्कर नाराज

**सिडनी।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अपने और एलेन बॉर्डर के नाम पर दी जाने वाली ट्रॉफी आस्ट्रेलियाई टीम को प्रदान करने के लिए बुलाए नहीं जाने पर नाराजगी जताई है। आस्ट्रेलिया ने पांचवें और आखिरी टेस्ट में भारत को छह विकेट से हराकर दस साल में पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती। बॉर्डर ने आस्ट्रेलियाई टीम को ट्रॉफी प्रदान की जबकि उस समय मैदान पर मौजूद होने के बावजूद गावस्कर को बुलाया नहीं गया। गावस्कर ने बाद में कोड स्पोटर्स से कहा , मुझे पुरस्कार वितरण समारोह में जाकर खुशी होती। आखिरकार यह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी है और आस्ट्रेलिया तथा भारत से जुड़ी है। उन्होंने कहा , मैं मैदान पर ही था। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि ट्रॉफी आस्ट्रेलिया को दी जा रही थी। उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेला और जीते। ठीक है। सिर्फ इसलिए कि मैं एक भारतीय हूं।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी :** 185,ऑस्ट्रेलिया पहली पारी :181 रन,भारत दूसरी पारी:यशस्वी बो बोलैंड 22,राहुल बो बोलैंड 13,गिल का कैरी बो वेबस्टर 13,कोहली का स्मिथ बो बोलैंड 06,पंत का कैरी बो कमिंस 61,जडेजा का कैरी बो कमिंस 13, रेड्डी का कमिंस बो बोलैंड 04,सुंदर बो कमिंस 12, सिराज का ख्वाजा बो बोलैंड 04, बुमराह बो बोलैंड 00,कृष्णा नाबाद 01,**अतिरिक्त:** 08,**कुल योग:** (39.5 ओवर मे सभी विकेट खोकर) 157 रन,विकेट पतन: I-42, 2-47, 3-59, 4-78 , 5-124, 6-129, 7-147, 8-156, 9-156,गेंदबाजी:स्टार्क 4-0-36-0, कमिंस 15-4-44-3,बोलैंड16.5-5-45-6,वेबस्टर4-I-24-I

**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी:**कोन्सटास का वाशिंगटन बो कृष्णा 22,ख्वाजा का पंत बो सिराज 41,लाबुशेन का जायसवाल बो कृष्णा 06,स्मिथ का जायसवाल बो कृष्णा 04, हेड नाबाद 34, वेबस्टर नाबाद 39,**अतिरिक्त:** 16,कुल:27 ओवर मे चार विकेट पर: 162 रन,**विकेट पतन:**I-39, 2-52, 3-58, 4-104,**गेंदबाजी:**सिराज 12-169-I,कृष्णा 12-0-65-3,रेड्डी 2-0-10-0,वाशिंगटन I-0-11-0

# निराशाजनक है लेकिन आपको अपने शरीर का सम्मान करना होगा: बुमराह

**भाषा।** सिडनी

**पीठ की जकड़न** से पीड़ित जसप्रीत बुमराह श्रृंखला के सबसे अनुकूल विकेट पर गेंदबाजी करने से चूकने से निराश हैं लेकिन भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज ने इस बात पर जोर दिया कि कभी-कभी खिलाड़ी के लिए अपने शरीर का सम्मान करना अनिवार्य हो जाता है। बुमराह तीसरे दिन गेंदबाजी नहीं कर सके जब भारत को गेंदबाजी की मददगार पिच पर 162 रन के छोटे लक्ष्य का बचाव करना था। श्रृंखला में 32 विकेट चटकाने के लिए बुमराह को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा, यह थोड़ा निराशाजनक है लेकिन कभी-कभी आपको अपने शरीर का सम्मान करना होता है। आप अपने शरीर से नहीं लड़ सकते। निराशाजनक, शायद श्रृंखला के सबसे अच्छे विकेट पर गेंदबाजी करने से चूक गया। उन्होंने कहा, पहली पारी में अपने दूसरे स्पैल के दौरान थोड़ी असहजता महसूस हुई



और मुझे इस पर ध्यान देना पड़ा। सुबह हुई बातचीत के बारे में पूछे जाने पर बुमराह ने कहा, आज सुबह की बातचीत इसी बारे में थी, विश्वास रखने और जज्बा दिखाने के बारे में। बहुत सारे अगर-मगर, पूरी श्रृंखला में कड़ी टक्कर देखने को मिली। हम आज भी मुकाबले में थे, ऐसा नहीं कि हम इससे बाहर थे, टेस्ट क्रिकेट ऐसे ही चलता है। इस तेज गेंदबाज ने कहा, लंबे समय तक खेल में बने रहना, दबाव बनाना, दबाव को झेलना और स्थिति के हिसाब से खेलना सभी कुछ महत्वपूर्ण हैं। आपको परिस्थितियों के हिसाब से ढलना होता है और ए सीख हमें भविष्य में मदद करेगी। बुमराह ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में खेलने का अनुभव नितीश रेड्डी और हर्षित राणा जैसे युवा खिलाड़ियों को भविष्य में मदद करेगा।

### विराट खेल में नाटकीयता लाता है, अगर आस्ट्रेलिया में उसका आखिरी टेस्ट था तो यह दुखद : कमिंस

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने विराट कोहली को महान प्रतिस्पर्धी बताया जो खेल में नाटकीयता लाकर उसे जीवंत बनाता है और यह भी कहा कि अगर यह आस्ट्रेलिया का उनका आखिरी दौरा था तो उन्हें इसका दुख है। श्रृंखला के पहले मैच में शतक जमाने के बाद कोहली पांच टेस्ट में आठ बार आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद से छेड़खानी करके स्लिप में कैच देकर आउट हुए है। भारतीय टीम का मौजूदा दौरा कोहली का आखिरी आस्ट्रेलिया दौरा माना जा रहा है। यह हमेशा शानदार मुकाबला रहता है। उसके रनों के अलावा वह खेल में नाटकीयता लेकर आता है जो कई बार अच्छा होता है और कई बार विरोधी को भड़का भी देता है जो उसकी रणनीति रहती है।

# अगर टेस्ट को लेकर प्रतिबद्धता है तो घरेलू क्रिकेट खेलो : गंभीर

**भाषा।** सिडनी

**भारत के मुख्य कोच** गौतम गंभीर ने रविवार को कहा कि खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली में उत्कृष्ट प्रदर्शन की ललक है लेकिन उन्होंने इन दोनों के समेत सभी सीनियर खिलाीड़ियों से घरेलू क्रिकेट खेलकर टेस्ट क्रिकेट के लिए अपनी प्रतिबद्धता साबित करने का आग्रह किया। दो बार विश्व कप विजेता रह चुके स्पष्टवादी गंभीर ने इसे लेकर भी कोई आश्वासन नहीं दिया कि रोहित या कोहली आगे टेस्ट टीम का हिस्सा होंगे या नहीं। भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में I-3 से मिली हार के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल खेलने का मौका भी गंवा दिया। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा , अभी इस पर बात करने का समय नहीं है कि पांच महीने बाद हम कहां होंगे। खेल में बहुत कुछ बदलता है। फॉर्म बदलता है,



लोग बदलते हैं, तेवर बदलते हैं, सब कुछ बदल जाता है। हमें पता है कि पांच महीने लंबा समय है। उन्होंने कहा , इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला (जुलाई) के समय देखेंगे कि क्या होता है। लेकिन जो भी होगा , वह भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ हित में होगा। रोहित ने खराब फॉर्म के कारण आखिरी टेस्ट से खुद को बाहर रखने से पहले पांच पारियों में 31 रन बनाए जबकि कोहली नौ पारियों में 190 रन ही बना सके। कोहली आठ बार स्लिप में कैच देकर आउट हुए। यह पूछने पर कि क्या वह चाहते हैं कि सीनियर

### उनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन की ललक, वे तय करेंगे भारत के लिए क्या सर्वश्रेष्ठ: रोहित और विराट पर गंभीर

खिलाड़ी 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी में कम से कम एक दौर खेलें, उन्होंने साफ तौर पर कहा , मैं हमेशा चाहता हूं कि सभी घरेलू क्रिकेट खेलें। घरेलू क्रिकेट को इतनी तवज्जो मिलनी चाहिए। सिर्फ एक मैच नहीं , अगर वे उपलब्ध हैं और टेस्ट क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्ध हैं तो हर किसी को घरेलू क्रिकेट खेलनी चाहिए। अगर आप घरेलू क्रिकेट को महत्व नहीं देते तो टेस्ट क्रिकेट के लिए वैसे खिलाड़ी कभी नहीं निकलेंगे जैसे चाहिए। कोहली ने आखिरी बार 2012 में और रोहित ने 2015-16 में रणजी ट्रॉफी खेला था। रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर अटकलबाजी का हिस्सा बनने से इनकार करते हुए उन्होंने कहा कि वे दोनों ही तय करेंगे कि भारतीय क्रिकेट के लिए क्या सर्वश्रेष्ठ है। मैं किसी खिलाड़ी के भविष्य के बारे में बात नहीं कर सकता। यह उन्हें तय करना है लेकिन मैं इतना कह सकता हूं कि उनमें अभी भी भूख है, जुनून है। वे दृढ इंसान हैं और उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाते रहेंगे। वे जो भी तय करेंगे, भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ हित में तय करेंगे। हर खिलाड़ी को पता होता है कि उसका खेल और अच्छे प्रदर्शन की भूख कितनी है। यह किसी भी खेल या पेशे में सबसे महत्वपूर्ण है। आप कितना उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहते हैं या आपके भीतर कितना जुनून है और आपके योगदान से टीम आगे जा रही है या नहीं। यह उनकी जिम्मेदारी है कि खिलाडि़यों के कद और अनुभव के बावजूद सभी के प्रति समान व्यवहार करे। अगर मैं दो या तीन के प्रति सही रहूं और दूसरों के प्रति नहीं तो मैं अपने काम के प्रति ईमानदार नहीं हूं। तो अगर किसी खिलाड़ी ने पदार्पण नहीं किया है या कोई सौ टेस्ट खेल चुका है , मेरा काम सभी के प्रति समान बर्ताव करना है। अगर आप अपना काम ईमानदारी से कर रहे हैं तो सब ठीक होगा। ड्रेसिंग रूम को प्रसन्न रखने के लिए मुझे ईमानदार और सभी के प्रति निष्पक्ष होना होगा। भारतीय कप्तान रोहित ने खराब फॉर्म के कारण खुद को पांचवें टेस्ट से बाहर रखा था जिसकी गंभीर ने तारीफ की। अगर कप्तान ने कोई फैसला लिया है तो किसी को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हमने जवाबदेही की बात की और इसकी शुरूआत शीर्ष से होती है। रोहित शर्मा ने पिछले मैच में इसकी शुरूआत की। यह पूछने पर कि इस दौरे पर हुई गलतियों को वह स्वीकार करते हैं, गंभीर ने कहा , सबसे पहली बात कि यहां बैठा यह व्यक्ति सबसे पहले गलतियों को स्वीकार करेगा। इसलिए इसकी चिंता मत कीजिए कि यहां गलतियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### सुमित नागल आकलैंड में मुख्य ड्रॉ में पहुंचे

ऑक्लैंड। भारत के नंबर एक एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने रविवार को यहां अपने से बेहतर रैंकिंग वाले फ्रांसीसी खिलाड़ी एड्रियन मनारिनो पर सीधे सेट मे जीत के साथ एटीपी 250 प्रतियोगिता एएसबी क्लासिक के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया।दुनिया के 98वें नंबर के 26 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी नागल को क्वालीफायर के अंतिम दौर मे 7-6, 6-3 से जीत हासिल करने से पहले दुनिया के 66वें नंबर के खिलाड़ी मनारिनो से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा।नागल खराब फॉर्म से उबरने की कोशिश कर रहे है क्योंकि 2024 सत्र के अंत मे शीर्ष 100 मे जगह बनाए रखने मे कामयाब होने से पूर्व वह कई टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर हुए थे।मुख्य ड्रॉ में खेलने से नागल को 12 जनवरी से मेलबर्न में शुरू होने वाले सत्र के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले तैयारी का अच्छा मौका मिलेगा।

### दिव्यांग ट्रॉफी के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा

नई दिल्ली। विक्रांत रविंद्र केनी को 12 जनवरी से श्रीलंका में शुरू होने वाली दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रविवार को 17 सदस्ईय भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया। दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए यह टूर्नामेंट 2019 के बाद पहली बार आयोजित किया जा रहा है और भारत अपने अभियान की शुरुआत पहले दिन पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगा।भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के राष्ट्रीय चयन पैनल ने मुख्य कोच रोहित जलानी के नेतृत्व में जयपुर में ट्रेनिंग शिविर के बाद टीम का चयन किया।

### मांडविया ने फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का नेतृत्व किया

नई दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने गुजरात के पोरबंदर मे फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का नेतृत्व किया जबकि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने गुवाहाटी से इस पहल का समर्थन किया। मांडविया के साथ 150 से अधिक साइकिल सवारों ने उनके लोकसभा क्षेत्र पोरबंदर के उपलेटा मे म्यूनिसिपल आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज से तालुका स्कूल क्रिकेट ग्राउंड तक पांच किलोमीटर का सफर तय किया।तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता बोरगोहेन देश के विभिन्न हिस्सों से अन्य प्रतिष्ठित खिलाड़ियों के साथ गुवाहाटी मे भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के क्षेत्रीय केंद्र से साइक्लिंग पहल मे शामिल हुईं।

### नेपोली ने सिरी ए में तीन अंक की बढ़त बनाई

फ्लोरेंस। नेपोली ने फ्लोरेंटिना को शनिवार को यहां एकतरफा मुकाबले मे 3-0 से हराकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट मे तीन अंक की बढ़त बना ली।नेपोली की ओर से डेविड नेरेस, रोमेलु लुकाकु और स्कॉट मैक्टोमिने ने गोल दागे जिससे टीम ने लगातार चौथी जीत दर्ज की।नेपोली के अब 19 मैच में 44 अंक हो गए है और टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद अटलांटा पर तीन अंक की बढ़त बना ली है। अटलांटा ने हालांकि एक मैच कम खेला है।इंटर मिलान की टीम 40 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है लेकिन उसने 17 ही मैच खेले है।

### मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम को हराया

**लंदन।** एर्लिंग हालेंड के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने शनिवार को यहां वेस्ट हैम को 4-। से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट मे लगातार दूसरी जीत दर्ज की।टीम ने प्रीमियर लीग में अक्टूबर के बाद पहली बार लगातार दो मैच जीते है। गत चैंपियन टीम इस बीच छह हफ्तों मे नौ मैच मे सिर्फ एक ही जीत पाई थी। नॉर्वे के स्ट्राइकर हालेंड ने 42वें और 55वें मिनट मे गोल दागे।

# गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, क्वार्टर फाइनल में

## विजय हजारे ट्रॉफी

**भाषा।** जयपुर

**गुजरात, महाराष्ट्र,** कर्नाटक, विदर्भ और बड़ौदा ने रविवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने के बाद क्वार्टर फाइनल में सीधे क्वालीफाई किया। झारखंड ने उत्कर्ष सिंह की 120 गेंदों में 102 रन की पारी की बदौलत ग्रुप ए में गोवा को 31 रन से हराया लेकिन इसके बावजूद वह नॉकआउट में जगह नहीं बना पाया। इस ग्रुप में गुजरात पहले जबकि हरियाणा दूसरे और झारखंड तीसरे स्थान पर रहा।



झारखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 320 रन बनाए और इसके बाद गोवा को निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 289 रन पर रोक दिया। दर्शन मिसाल की 111 गेंद पर खेली गई 151 रन की पारी भी गोवा के काम नहीं आई। गुजरात ने एक अन्य मैच में ओडिशा को ठीक 100 रन से हराया। गुजरात की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए उर्विल पटेल (45), हेमंग पटेल (48) और रवि बिश्नोई (40) के योगदान के बावजूद 47.5 ओवर में 252 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में ओडिशा की टीम 152 रन पर आउट हो गई। गुजरात की तरफ से बिश्नोई ने 17 रन देकर चार और चिंतन गजा ने 28 रन देकर तीन विकेट लिए। ग्रुप ए के एक अन्य मैच में हरियाणा ने मणिपुर को 94 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में महाराष्ट्र की टीम रेलवे से 32 रन से हारने के बावजूद ग्रुप बी में शीर्ष पर रही।

# रणजी ट्रॉफी नहीं खेल पाने का कोई बहाना नहीं होना चाहिए: गावस्कर ने सीनियर खिलाड़ियों से कहा

**सिडनी।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने रविवार को भारतीय बल्लेबाजों से बिना किसी बहाने के रणजी ट्रॉफी में खेलने का आग्रह किया जिससे कि तकनीकी कमियों को दूर किया जा सके जिसके कारण न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम को लगातार दो श्रृंखला में हार झेलनी पड़ी। गावस्कर ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई श्रृंखला में भारतीय बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन चिंताजनक है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 23 जनवरी को रणजी ट्रॉफी का अगला दौर है। देखते हैं कि इस टीम के कितने खिलाड़ी खेलते हैं। नहीं खेल पाने का कोई बहाना नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर आप उन मुकाबलों में नहीं खेलते हैं तो गौतम गंभीर को उन खिलाड़ियों के खिलाफ कुछ कड़े फैसले लेने होंगे जो रणजी ट्रॉफी के लिए उपलब्ध नहीं हैं। गंभीर को कहना चाहिए: तुम्हारे पास वह प्रतिबद्धता नहीं है। हमें प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। तुम खेल नहीं रहे हो।

### पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में चमके वरुण

**नई दिल्ली।** मौजूदा एशियाई चैंपियन वरुण तोमर ने रविवार को यहां 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप (एनएससीसी) में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में सीनियर और जूनियर वर्ग के खिताब जीतकर सुर्खियां बटोरीं।सेना के 21 वर्षीय निशानेबाज तोमर पिछले साल मामूली अंतर से पेरिस ओलंपिक खेलों में जगह बनाने से चूक गए थे। उन्होंने सीनियर वर्ग के फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए सेना की अपनी टीम के साथी प्रद्युम्न सिंह को 0.8 अंक से पीछे छोड़कर अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीता। राजस्थान के आकाश भारद्वाज ने कांस्य पदक जीता। तोमर ने इसके बाद जूनियर फाइनल में भी धीमी शुरुआत की लेकिन वह जल्द ही बढ़त बनाने में कामयाब रहे। उन्होंने उप्र के निखिल को हराकर दोहरा खिताब जीता। सीनियर वर्ग के फ़ाइनल में तोमर का स्कोर 238 था जबकि जूनियर वर्ग के फाइनल में उन्होंने इससे भी बेहतर प्रदर्शन करके 246.2 अंक बनाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रद्युम्न जूनियर वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे। युवा वर्ग के फाइनल में यूपी के चिराग ने अपने ही राज्य के 14 वर्षीय निशानेबाज देव प्रताप को 1.3 अंक के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

# भारतीय यूथ टीम दूसरी जीत के साथ सेमीफाइनल में

## आईएचएफट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर हैंडबॉल कांटिनेंटल फेज एशिया

**लखनऊ।** मेजबान भारत की यूथ अंडर-18 टीम ने आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर हैंडबॉल कांटिनेंटल फेज एशिया के तीसरे दिन रोमांचक मैच में कजाखिस्तान को 36-35 से शिकस्त देते हुए लगातार दूसरी जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप में भारत की यूथ टीम ने कजाखिस्तान के खिलाफ शानदार खेल दिखाया और उम्दा विंग अटैक के साथ शानदार डिफेंस का नजारा पेश किया। कजाखिस्तान के खिलाड़ियों की चुस्ती का सामना मेजबान खिलाड़ियों ने खासी आक्रामकता से दिया और लगातार अंक जुटाए। भारत ने मध्यांतर तक 19.15 की बढ़त बनाई। दूसरे हॉफ में भी भारत ने जवाबी अटैक का सहारा लिया। अंतिम क्षण तक चले इस रोमांचक मैच में भारत ने




अनुभवी कोच मोण्तौहीद की सीख के सहारे 36.35 से जीत दर्ज की। भारत से प्लेयर ऑफद मैच चुने गए रवि ने सर्वाधिक 11 गोल दागे। अंशु ने 8ए रोहित ने 7 व सुयश अवस्थी ने 4 गोल करने में सफलता हासिल की। वहीं भारतीय गोलकीपर नवीन ने कई उम्दा बचाव किए। कजाखिस्तान से वादिम कैसिन ने सर्वाधिक 11 व इगोर सुदारिकोव ने 10 गोल किए। चैंपियनशिप में आज के अतिथिगण प्रसार भारती के चेयरमैन डानवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन डा. सुधीर एम बोबडे व पूर्वी विधानसभा विधायक ओपी श्रीवास्तव ने प्लेयर ऑफद मैच चुने गए खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इससे पूर्व अतिथिगण का स्वागत व सम्मान हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने स्मृति चिन्ह प्रदान करके किया।इस अवसर पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के आयोजन सचिव अमित पाण्डेय व चतुर्थ वाहिनी एसएसबी के कमांडेट अरविंद कुमार भी मौजूद रहे। इससे पूर्व उज्बेकिस्तान ने यूथ वर्ग में बांग्लादेश को 41-23 से हराया। विजेता टीम से एसिम्बेटोव जसुरबेक ने सबसे ज्यादा 10 गोल किए। उज्बेकिस्तान ने जूनियर अंडर.20 वर्ग में कजाखिस्तान को 31.30 से हराया। उज्बेकिस्तान से ज़ोकिरोव उमिडज़ोन ने सर्वाधिक 7 गोल किए। रविवार को अंतिम मैच में भारत की जूनियर अंडर.20 टीम ने प्लेयर ऑफद मैच जसप्रीत सिंह के 15 गोल के सहारे बांग्लादेश को 48.38 से हराया। बांग्लादेश से मरमा ने 7 गोल दागे। मैच में भारत मध्यांतर तक 24.16 से आगे था।

## क्विक न्यूज

### कोहली भारतीय टीम में रहने के हकदार नहीं, गलतियां सुधारने पर मेहनत नहीं की : पठान

**सिडनी।** भारतीय टीम में सुपरस्टार संस्कृति खत्म करने की मांग करते हुए पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने विराट कोहली के टीम में स्थान पर सवाल उठाया और कहा कि उन्होंने अपनी तकनीकी कमियों को सुधारने के लिए ना तो घरेलू क्रिकेट खेली और ना ही मेहनत की। कोहली और रोहित शर्मा आस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरी श्रृंखला में खराब फॉर्म में थे और भारत ने।. 3 से हार के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जाने का मौका भी खो दिया। कोहली नौ पारियों में 190 रन ही बना सके और बार बार आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर कैच देकर आउट हुए। पठान ने स्टार स्पोर्टस से कहा , सुपरस्टार कल्चर खत्म होना चाहिए, टीम कल्चर की जरूरत है। आपको प्रदर्शन में सुधार करना होगा , अपने और टीम के।

### एससीजी पिच: गंभीर ने परिणाम देने वाली पिच की प्रशंसा की, गावस्कर ने कहा- आदर्श नहीं

सिडनी। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के अनुसार सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) की पिच टेस्ट मैच के लिए आदर्श नहीं थी लेकिन भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने विकेट की प्रशंसा करते हुए इसे गेंदबाजी की मददगार और परिणाम देने वाली बताया जिसमें सभी के लिए कुछ ना कुछ था। मैच के शुरुआती दो दिन में 26 विकेट गिरे जबकि तीसरे दिन चार भारतीय और तीन ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज आउट किए। गेंदबाजों ने अधिकांश समय मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा। गंभीर ने भारत की पांचवें टेस्ट में हार के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, यह कुछ बेहतरीन विकेट थे। यह टेस्ट क्रिकेट के लिए भी अच्छा है। गेंदबाजों के लिए पर्याप्त था और बल्लेबाजों के लिए भी पर्याप्त था। लेकिन यही वह चीज है जो टेस्ट क्रिकेट को जीवित रखेगी। उन्होंने कहा, और यह सिडनी का सामान्य विकेट नहीं था, जैसा कि हम आम तौर पर देखते हैं या जिसे हमने पहले भी देखा है। लेकिन फिर टेस्ट क्रिकेट को ऐसे ही खेला जाना चाहिए।

### गंभीर ने की कोंस्टास की आलोचना

सिडनी। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पांचवें और आखिरी टेस्ट के दौरान जसप्रीत बुमराह से भिड़ने वाले आस्ट्रेलिया के युवा क्रिकेटर सैम कोंस्टास की आलोचना करते हुए कहा है कि उसे भारतीय कप्तान से बात करने का अधिकार नहीं था। खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा के बाहर रहने के बाद भारत की कप्तानी कर रहे बुमराह ने जब उस्मान ख्वाजा को पहले दिन आउट किया तो कोंस्टास उनसे कुछ कहते दिखे। गंभीर ने मैच छह विकेट से हारने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कोंस्टास की इस हरकत पर भारतीय खिलाड़ियों की आक्रामक प्रतिक्रिया के बारे में पूछने पर कहा , कठोर लोगों द्वारा खेला जाने वाला यह कठिन खेल है। आप नरम नहीं पड़ सकते। मुझे नहीं लगता कि इसमें कुछ धमकाने जैसा था। उन्होंने कहा , उस्मान ख्वाजा जब समय बर्बाद कर रहे थे तब उसे जसप्रीत बुमराह से बोलने का कोई अधिकार नहीं था। इससे उसका कुछ लेना देना नहीं था।

### विश्व चैम्पियनशिप और खेल रत्न के बाद 2025 के लिए नए लक्ष्य तय करने शुरू किए : गुकेश

बेंगलुरु। डी गुकेश ने पिछले एक महीने में कई उपलब्धियां हासिल की हैं जिसमें विश्व चैम्पियनशिप में जीत के बाद हाल में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना जाना शामिल है लेकिन शतरंज का यह प्रतिभाशाली खिलाड़ी अब 2025 में चुनौतीपूर्ण वर्ष का सामना करने के लिए अपना ध्यान और लक्ष्य फिर से निर्धारित करना चाहता है। गुकेश 17 जनवरी से नीदरलैंड के विज्क आन जी में शुरू होने वाले टाटा स्टील टूर्नामेंट में शिरकत करेंगे जिसमें अनीश गिरी, अर्जुन एरिगेसी, फैबियानो कारूआना और आर प्रज्ञानानंद जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी होंगे। गुकेश ने रविवार को वेस्टब्रिज कैपिटल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के दौरान मीडिया से कहा, हां, 2025 काफी चुनौती पेश करेगा। बहुत सारे नए और दिलचस्प टूर्नामेंट होंगे। विश्व चैम्पियनशिप अब बीती बात हो चुकी है।

### मुक्केबाजी को ओलंपिक में बनाए रखने के लिए सभी उचित कदम उठाए जाने चाहिए : लवलीना

गुवाहाटी। मुक्केबाजी का जब ओलंपिक खेल के रूप में भविष्य अधर में लटका हुआ है तब भारत की स्टार मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने रविवार को इस खेल को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में बनाए रखने के लिए सभी उचित कदम उठाने की अपील की। मुक्केबाजी को लॉस एंजिल्स ओलंपिक के शुरुआती कार्यक्रम में जगह नहीं मिल पाई और इस खेल को ओलंपिक में बनाए रखने के लिए प्रयास जारी हैं। लवलीना अब विश्व मुक्केबाजी (वर्ल्ड बॉक्सिंग) की नवगठित एशियाई इकाई के एथलीट आयोग का हिस्सा हैं। लवलीना ने कहा, इस समिति में होना सौभाग्य की बात है क्योंकि निर्णय लेने में अब भारत की आवाज भी सुनी जाएगी।

### द्रोणाचार्य पुरस्कार महत्वपूर्ण है : दीपाली देशपांडे

नई दिल्ली। कई वर्षों तक ओलंपिक, विश्व कप और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता निशानेबाजों को ट्रेनिंग देने वाली दीपाली देशपांडे को इस साल के द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है जिससे अब टीवी चैनल उनका साक्षात्कार लेने के लिए उनके घर पर पहुंच रहे हैं जो इस पूर्व राइफल निशानेबाज के लिए नई चीज है। स्वप्निल कुसाले, अर्जुन बबूता, अंजुम मौदगिल और श्रीयंका शदांगी सहित कई निशानेबाजों को शीर्ष वैश्विक टूर्नामेंटों में सफलता हासिल करने में मदद करने वाली कोच दीपाली को अपने परिवार, दोस्तों और सहपाठियों से बधाई संदेश मिल रहे हैं। कोचों के लिए देश के शीर्ष पुरस्कार के लिए नामित होने की खबर सार्वजनिक होने के बाद से उनके साधारण जीवन में चीजें इस तरह बदल गई हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 01204615800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक : शोबोरी गाँगुली। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5 बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-693425001